kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-243 ❑ सोमवार, 06 अक्टूबर 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



एक अंग्रेज ने टूटा हुआ दर्पण दिखाकर हमारे बीच फूट डाली थी, जबकि हम सभी सनातनी हैं। अब हमें गुरुओं द्वारा दिखाए गए आध्यात्मिक दर्पण से खुद को देखना चाहिए। **मोहन भागवत**

शक्तिसैट अभियान से जुड़ी छात्राएं राष्ट्रपति मुर्मू से मिलीं 11

विरासत महोत्सव में सड़कों पर दिखीं 1928 से 1980 तक की विंटेज कारें और स्कूटर 12

## संक्षेप

### दीपावली-छठ पर 1,800 अतिरिक्त उड़ानें

**नयी दिल्ली।** इस साल दीपावली और छठ पर विमान सेवा कंपनियां लगभग 1,800 अतिरिक्त उड़ानों का परिचालन करेंगी। इंडिगो 42 मार्गों पर 730 और एयर इंडिया तथा एयर इंडिया समूह 20 मार्गों पर 786 अतिरिक्त उड़ानों का परिचालन करेगी। स्पाइसजेट 38 मार्गों पर 546 अतिरिक्त उड़ान भरेगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार को बताया कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के साथ एक बैठक के बाद विमान सेवा कम्पनियों ने यह जानकारी दी है। अतिरिक्त उड़ानों का उद्देश्य त्योहारों के दौरान किराये को नियंत्रित रखने के उपाय ढूँढ़ना था। मंत्रालय ने डीजीसीए को हवाई किरायों पर नजर रखने, विशेष रूप से त्योहारों के दौरान, तथा कीमतों में वृद्धि होने पर उचित कदम उठाने का अधिकार दिया है। मंत्रालय ने बताया कि डीजीसीए त्योहारों के दौरान यात्रियों के हितों की रक्षा के लिए एयरलाइन किराए और उड़ान क्षमताओं पर कड़ी निगरानी रखेगा।

### मकान में जबरदस्त विस्फोट से छत उड़ी, युवक की मौत व कई घायल

**अयोध्या।** जिले की कोतवाली बीकापुर के जाना बाजार रोड के किनारे एक मकान में रविवार को जबरदस्त विस्फोट होने से इलाके में दहशत फैल गई। इस विस्फोट में एक युवक की मौत हुई है और कई घायल हुए हैं। विस्फोट का कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है लेकिन पुलिस का अनुमान है कि गैस सिलेंडर ब्लास्ट हुआ है। घटना के तुरंत बाद में पुलिस मौके पर पहुंच गई और मलबा हटाने के लिए जेसीबी बुलाई गई हैं। कोतवाली बीकापुर पुलिस ने बताया कि घटना में एक युवक की मौत हो गई है, जबकि कई घायल हैं। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को जिला अस्पताल भेजा गया है। मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि सिलेंडर ब्लास्ट होने की आशंका है। घटना की पुलिस जांच कर रही है।

### वंदे भारत ट्रेन के कोच में धुंआ भरने से मची अफरा तफरी, 15 मिनट तक रूकी रही ट्रेन

**नयी दिल्ली।** नयी दिल्ली से वाराणसी जा रही वंदे भारत ट्रेन (ट्रेन संख्या 22416) के कोच सी-15 में रविवार शाम धुंआ भरने से अफरा तफरी मच गयी, जिसके चलते ट्रेन कानपुर के आगे रेललाइन पर करीब 15 मिनट रूकी रही। स्थिति सामान्य होने के बाद ट्रेन गतंव्य के लिये रवाना हो गयी। ट्रेन में धुआं भरने के कारणों का अभी खुलासा नहीं हुआ है। ट्रेन में सवार एक यात्री ने यूनीवार्ता को बताया कि धुंआ भरने से सभी लोग घबरा गए और अफरा तफरी की स्थिति बन गयी। ट्रेन 15 मिनट रूकी रहने के बाद अपने गतंव्य के लिए रवाना हो गयी। ट्रेन में धुंआ देखकर थोड़ी देर के लिए यात्रियों में हड़कंप मच गया और ट्रेन रूकते ही लोग अपनी सीट छोड़कर बाहर जाने लगे मगर थोड़ी देर में स्थिति सामान्य हो गयी।

# फील्ड में तैनाती का आधार केवल 'परफॉर्मेंस : योगी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



❑ मुख्यमंत्री ने राज्य कर विभाग की राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा की

❑ जोनल अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद

❑ जीएसटी के 'नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म से बाजार में तेजी, आने वाले महीनों में दिखेगा सकारात्मक असर

❑ धनतेरस व दीपावली पर अनावश्यक छापेमारी या जांच से बचे

❑ सितम्बर तक राज्य कर विभाग को 55,000 करोड़ की प्राप्ति बोगस फर्मों व फर्जी आईटीसी पर कार्रवाई जारी

❑ अब तक 873.48 करोड़ के फर्जी दावे पकड़े गए चालू वित्तीय वर्ष में

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य कर विभाग में तैनाती का आधार केवल 'परफॉर्मेंस होगा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि फील्ड में वही अधिकारी तैनात किए जाएं जो लक्ष्य प्राप्ति के प्रति प्रतिबद्ध हों और जिनकी छवि पूरी तरह साफ हो। मुख्यमंत्री रविवार को राज्य कर विभाग की राजस्व प्राप्तियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोनल अधिकारियों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी के 'नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म के बाद बाजार में तेजी देखी जा रही है और आने वाले महीनों में इसके सकारात्मक परिणाम निश्चित रूप से दिखाई देंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि धनतेरस और दीपावली के अवसरों पर अनावश्यक जांच अथवा छापेमारी की कार्रवाई से बचा जाए। व्यापारियों और उद्यमियों के उत्पीड़न की शिकायत कहीं से भी नहीं आनी चाहिए। बरेली, सहारनपुर, मेरठ व गोरखपुर जोन का काम बेहतर बैठक के दौरान जोनवार समीक्षा में अवगत कराया गया कि बरेली (64.2%), सहारनपुर (63.7%), मेरठ (63.0%), गोरखपुर (62.5%) और झांसी (62.1%) जैसे जोनों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा है। वहीं कुछ जोनों में लक्ष्य पूर्ति 55 से 58 प्रतिशत के बीच रही, जहां सुधार की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने वाराणसी प्रथम व द्वितीय, गोरखपुर, प्रयागराज, अयोध्या, लखनऊ प्रथम व द्वितीय, कानपुर प्रथम व द्वितीय, इटावा, झांसी, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, मेरठ, गाजियाबाद प्रथम व द्वितीय, गौतमबुद्ध नगर और सहारनपुर सहित सभी जोनों की संभागवार और खंडवार समीक्षा की। उन्होंने सभी जोनल अधिकारियों से कहा कि 50 प्रतिशत से कम राजस्व संग्रह वाले खंडों की स्थिति का कारण स्पष्ट करें और सुधार की कार्ययोजना तत्काल तैयार करें। मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि बरेली, झांसी और कानपुर प्रथम जोन में कोई भी खंड 50 प्रतिशत से कम संग्रह वाला नहीं है, जो संतोषजनक है। वहीं, असंतोषजनक प्रदर्शन करने वालों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व वृद्धि राज्य की आर्थिक प्रगति का प्रमुख आधार है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति का संकल्प लेकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मार्केट मैपिंग करें, सामान्य रूप से बाजार में जाएं, व्यापारियों से मिलें और उनकी अपेक्षाओं को समझें। मुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि मंडी शुल्क में कमी से किसानों को राहत और राजस्व में वृद्धि दोनों हुई हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि पारदर्शी और सरल कर प्रणाली हमेशा लाभकारी होती है। उन्होंने व्यापारियों से संवाद बनाए रखने पर बल देते हुए कहा कि जीएसटी पंजीकरण बढ़ाने और समय से रिटर्न फाइल कराने के लिए ठोस प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में सितम्बर तक राज्य कर विभाग को कुल 55,000 करोड़ की प्राप्ति हुई है। इसमें 40,000 करोड़ जीएसटी तथा 15,000 करोड़ वैट/नॉन-जीएसटी से प्राप्त हुए हैं। गत वित्तीय वर्ष की समान अवधि में 55, 136.29 करोड़ की प्राप्ति हुई थी। चालू वित्तीय वर्ष के लिए राज्य कर विभाग को 1.75 लाख करोड़ ● शेष पेज 11 पर

# स्रेसन फार्मासुटिकल्स के सभी कफ सिरप प्रतिबंधित, होंगे जब्त

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**



❑ सभी सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों में चलेगा अभियान

लखनऊ। कोल्डरिफ बनाने वाली कंपनी स्रेसन फार्मासुटिकल्स के सभी कफ सिरप की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हर जिले में औषधि निरीक्षकों को आदेश दिए गए हैं कि वे सभी सरकारी और गैर सरकारी अस्पतालों और मेडिकल स्टोर पर कंपनी द्वारा बनाए गए कोई भी कफ सिरप पाए जाने पर उन्हें जब्त कर लें। उनकी बिक्री रोकने की कार्रवाई शुरू करें। नमूना संकलित करें और जांच के लिए नमूने लखनऊ स्थित प्रयोगशाला में भेजे जाएं। इसी के साथ बाजार में बेचे जा रहे सभी प्रकार के कफ सिरप के नमूने लेते हुए जांच के आदेश दिए गए हैं।

सहायक आयुक्त (औषधि) दिनेश कुमार तिवारी ने जारी आदेश में सभी औषधि निरीक्षकों को यह भी आदेश दिए हैं कि वे संकलित नमूनों को लखनऊ तो भेजें ही, साथ ही अपने परिक्षेत्र की प्रयोगशाला में भी जांच करवाएं। सिरप में इस्तेमाल 'प्रोपाइलिन ग्लाइकॉल की जांच की जाए। परीक्षण रिपोर्ट मिलते ही उसके मुताबिक कार्रवाई की जाए। कंपनी द्वारा बनाए गए कफ सिरप कोल्डरिफ के इस्तेमाल से कई बच्चों की मृत्यु की घटनाएं सामने आई हैं। शुरुआती जांच में कहा गया था कि कोल्डरिफ में डाईएथलिन ग्लाइकॉल इस्तेमाल किया जा रहा है, जोकि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। कफ सिरप में इसका इस्तेमाल मरीजों के लिए जानलेवा हो सकता है। जानकारों के मुताबिक सिरप को पतला और मीठा करने के लिए इस इस रसायन का प्रयोग किया जाता है, जिसकी मात्रा बेहद सीमित ● शेष पेज 11 पर

### दवा कंपनी समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज, डॉक्टर निलंबित

**भोपाल, छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में जहरीली कफ सिरप से नौ बच्चों की मृत्यु के मामले में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर जिले के परासिया में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सोनी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार डॉ प्रवीण सोनी को शिशुओं के उपचार में बरती गई लापरवाही के लिए निलंबित किया गया है। डॉ. सोनी को निलंबन के बाद क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य सेवाएं जबलपुर में अटैच किया गया। इसी बीच शिशुओं की मृत्यु के मामले में परासिया में प्राथमिकी (एफआईआर) भी दर्ज की गई है। परासिया बीएमओ ने पुलिस थाना परासिया में एफआईआर दर्ज कराई है। दवा कंपनी श्रीसन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनी और अन्य लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। जिले में जिस कफ सिरप 'कोल्ड्रिफ' को पीने से नौ बच्चों की मौत हुई, उस सिरप की तमिलनाडु में हुई जांच में इसमें जहरीला ● शेष पेज 11 पर

# बरेली बवाल: बरातघर पर दूसरे दिन भी चले बुलडोजर



**एजेंसी**

❑ पहले दिन छह घंटे तक चले थे चार बुलडोजर

बरेली। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने जखीरा मोहल्ले में मौलाना तौकीर रजा खां के करीबी नफीस के बरातघर को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रखी। बीडीए की टीम पुलिस बल के साथ रविवार सुबह करीब 10 बजे यहां पहुंची और दो बुलडोजरों से बरातघर पर कार्रवाई शुरू कराई। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं। भारी पुलिस बल को लगाया गया है। आसपास के लोग कार्रवाई पर खामोश हैं। कहीं से किसी भी तरह के विरोध की स्थिति नहीं है। बताया गया है कि शाम पांच बजे तक बरातघर को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया जाएगा।

बीडीए के संयुक्त सचिव दीपक कुमार ने बताया कि रजा पैलेसे नाम के इस बरातघर के लिए कोई मानचित्र स्वीकृत नहीं था। मकान के मानचित्र में ही बरातघर का संचालन किया जा रहा था। बरातघर मालिक को ● शेष पेज 11 पर

## अमेरिका के साथ कुछ मुद्दे हैं लेकिन इनसे दूसरें क्षेत्रों में संबंध प्रभावित नहीं होने चाहिए : जयशंकर

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डा एस जयशंकर ने अमेरिका के साथ टैरिफ के मुद्दे पर दोनों देशों के बीच चल रही रस्साकशी के बीच साफ शब्दों में कहा है कि कुछ समस्याएं और मुद्दे हैं जिनका समाधान नहीं हो पा रहा है लेकिन इन्हें इस हद तक ले जाने की जरूरत नहीं है कि जिससे अन्य क्षेत्रों में संबंध भी प्रभावित हों। विदेश मंत्री ने क्वाड समूह को लेकर चल रही अटकलों पर भी विराम लगाते हुए कहा कि यह अभी भी सक्रिय है और सक्रिय रूप से काम कर रहा है। डा जयशंकर ने रविवार शाम यहां चौथे कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में दुनिया भर में आर्थिक से लेकर व्यापारिक और राजनीतिक स्तर पर हो रहे बदलावों पर खुलकर भारत का दृष्टिकोण रखा। बाद में उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, '' कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन में 'अशांत समय में समृद्धि की तलाश' विषय पर एक विशिष्ट सभा को संबोधित करते हुए मुझे प्रसन्नता हुई। उत्पादन, आपूर्ति श्रृंखलाओं, व्यापार, कनेक्टिविटी, डेटा और संसाधनों के लाभ से प्रेरित ● शेष पेज 11 पर

# दार्जिलिंग में बारिश से तबाही: भूस्खलन और पुल टूटने से 17 लोगों की मौत

**एजेंसी**



कोलकाता। उत्तर बंगाल में लगातार भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। दार्जिलिंग जिले में हुए भूस्खलन और पुल टूटने की घटनाओं में अब तक 17 लोगों की मौत हो गई है और दो लोग लापता बताए जा रहे हैं। मौक का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। जानकारी के मुताबिक, मिरिक और सुखिया क्षेत्रों में भूस्खलन के कारण कई लोग हताहत हुए हैं। इस हादसे के बाद दार्जिलिंग जिला पुलिस राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। वहीं कालिम्पोंग में स्थिति अब भी गंभीर बनी हुई है। लगातार बारिश से कई इलाकों का संपर्क टूट गया है और सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

सबसे बड़ा भूस्खलन मिरिक-सुखियापोखरी रोड के पास हुआ, जिसने कई घर बहा दिए और वाहनों की आवाजाही बाधित कर दी। इससे आसपास के कई छोटे गांवों से संपर्क टूट गया। दार्जिलिंग उप-निबंधक रिचर्ड लेप्चा ने कहा कि सात लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि अन्य के फंसे होने की आशंका है। लगातार बारिश के कारण राहत और बचाव कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों और स्वयंसेवकों की मदद से राहत अभियान चल रहा है। कई घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। पश्चिम बंगाल में भारी बारिश के कारण दुधिया में लोहे के पुल का एक हिस्सा ढह जाने के बाद सिलीगुड़ी-दार्जिलिंग एसएच-12 सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। वहीं इस घटना पर भाजपा सांसद राजू बिस्ता ने दुख जताया है। ● शेष पेज 11 पर

# हिन्दू धर्म गुरुओं की हत्या की साजिश में तीन और हिरासत में

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❑ एटीएस ने शाहजहांपुर से केरल तक कई स्थानों में दी दबिश, सरगना मो. रजा के बयान के आधार पर हुई कार्रवाई मुजाहिदीन आर्मी बनाने के लिए सैकड़ों युवकों से सम्पर्क में था सरगना

लखनऊ। हिन्दू धर्म गुरुओं की हत्या कराने के लिए साजिश रच रहे सरगना मो. रजा के साथियों की तलाश में एटीएस ने कई स्थानों में दबिश दी। एटीएस के साथ ही खुफिया एजेन्सियां भी शाहजहांपुर से केरल तक फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। इस दौरान मो. रजा से कई बार सम्पर्क करने वाले तीन लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। इनसे कई घंटे पूछताछ की गई। पता किया जा रहा है कि इनकी भूमिका क्या रही थी? एटीएस ने यह कार्रवाई मो. रजा के बयान से मिली जानकारी पर की है। मो. रजा ने गिरोह के नेटवर्क के बारे में कई गोपनीय जानकारियां कुबूली थी। एटीएस ने सरगना की गिरफ्तारी से एक दिन पहले अकमल समेत चार साथियों को पकड़ा था। इन लोगों ने कुबूला था कि सरगना के कहने पर वह लोग देश में शरियत कानून लागू करवाने की साजिश रच रहे थे। एटीएस सूत्रों के मुताबिक मो. रजा ने कई ठिकाने बना रखे थे। वह मूल रूप से फतेहपुर का रहने वाला है लेकिन वह अपना आपरेशन केरल से चला रहा था। केरल के कई युवा उसके साथ जुड़ गए थे। यह युवक ही अन्य प्रदेशों में अपना जाल फैलाकर उसके संगठन को मजबूत कर रहे थे। 300 से ज्यादा युवकों को भेजे थे वीडियो मो. रजा ने एटीएस को बताया था कि युवकों को भड़काने के लिए उसने 300 से ज्यादा वीडियो सबको भेजे थे। इन वीडियो में युवकों को दूसरे धर्म के खिलाफ उकसाया जा रहा था। साथ ही यह दिखाया जा रहा था कि किस तरह से एक सम्प्रदाय के लोग उनके खिलाफ काम कर रहे है। वीडियो के अलावा वह कई ● शेष पेज 11 पर

# बिहार में मतदाता सूची का 22 वर्षों बाद शुद्धिकरण

## 'आधार नागरिकता या निवास का प्रमाण नहीं': आयोग ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का दिया हवाला

**एजेंसी**



पटना। बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर हुये मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया पर संतोष जताते हुये मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत हर चुनाव से पहले मतदाता सूची का पुनरीक्षण अनिवार्य होता है और बिहार में यह प्रक्रिया 22 वर्षों बाद इतने व्यापक स्तर पर पूरी की गई है।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने बताया कि राज्य के 243 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक में एक निर्वाचन पंजीकरण पदाधिकारी (ईआरओ) की निगरानी में यह प्रक्रिया पूरी की गई है। इसमें 90,207 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) की सक्रिय भागीदारी रही।

उन्होंने कहा कि 'हमने पूरे राज्य में मतदाता सूची का गहराई से परीक्षण किया, जिससे 22 वर्षों बाद वास्तविक शुद्धीकरण संभव हो सका है। इससे पहले आखिरी बार ऐसा पुनरीक्षण वर्ष 2003 में किया गया था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया में राजनीतिक दलों और आम जनता को भी दावा- आपत्ति दर्ज कराने का पूरा अवसर दिया गया, जिससे पारदर्शिता और सहभागिता सुनिश्चित हुई। उनके अनुसार, मतदाता सूची की शुद्धता स्वतंत्र, निष्पक्ष और भरोसेमंद चुनाव प्रक्रिया की नींव होती है। एसआईआर के जरिये फर्जी और दोहराव वाले नाम हटाए गये, नये पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े गये और मृतकों या स्थानांतरित लोगों के नाम हटाए गये। यह प्रक्रिया चुनाव आयोग की ओर से कानूनी दायित्वों के निर्वहन और लोकतंत्र की मजबूती के लिये एक अहम कदम मानी जा रही है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आधार कार्ड को लेकर फैल रही भ्रांतियों को स्पष्ट करते हुये कहा है कि आधार कार्ड न तो नागरिकता, न जन्मतिथि और न ही स्थायी निवास का प्रमाण माना जा सकता है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने कहा ● शेष पेज 11 पर

### सभी 90 हजार मतदान केंद्रों पर मोबाइल रखने की व्यवस्था

इस बार बूथ के कमरे के ठीक बाहर मतदाताओं को सभी 90 हजार मतदान केंद्रों पर मोबाइल रखने की व्यवस्था रहेगी। वोटर स्लिप में इस बार बूथ की संख्या और पता बड़े फॉन्ट में रखा जा रहा है, ताकि आसानी से पढ़ा जा सके। चुनाव आयोग ने तकनीक का सहारा बहुत पहले से ले रहा है। 40 एप्लिकेशन थे। उसकी जगह अब वन स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म- ECINET लाया गया। बिहार चुनाव में यह प्लेटफॉर्म सक्रिय रहेगा। चूंकि 1500 से ज्यादा मतदाताओं वाले मतदान केंद्रों में लंबी भीड़ रहती थी और परेशानी ज्यादा होती थी, इसलिए अब 1200 से ज्यादा किसी भी बूथ पर वोटर नहीं रहेंगे।

### पहली बार दिल्ली में ट्रेनिंग, मानदेय बढ़ाया जाना उपलब्धि

मुख्य चुनाव आयुक्त ने जानकारी दी कि बूथ लेवल एजेंट्स की पहली बार चुनाव आयोग ने ट्रेनिंग की। बिहार के सभी बूथ लेवल एजेंट्स- 1 की ट्रेनिंग कुछ माह पहले ही दिल्ली में ट्रेनिंग हुई। उसके बाद बूथ लेवल ऑफिसर्स की ट्रेनिंग हुई। इसके बाद देशभर के 700 बूथ लेवल सुपरवाइजर्स-एजेंट्स की ट्रेनिंग की गई। मतदाता सूची के मामले में विशेष गहन पुनरीक्षण बड़ा टास्क था। सभी मतदाताओं के सहयोग के साथ स-समय यह पूरा हुआ। बूथ लेवल ऑफिसर्स के साथ तमाम अधिकारी, जो इस काम को करते हैं- उनका मानदेय भी बढ़ाया गया। खास तौर पर इटग और इक्टग को भी मानदेय की व्यवस्था की गई। चुनाव आयोग ने वोटर कार्ड के 15 दिनों के अंदर मिलने की व्यवस्था की। बीएलओ को मतदाता सुगमता से पहचाने जा सकें, इसके लिए आईडी भी दिए गए।

### 100 मीटर के दायरे में अपना स्टॉल लगा सकेंगे प्रत्याशी

कानून के तहत प्रत्याशी मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में भी अपना स्टॉल लगा सकते हैं। अब हर पोलिंग स्टेशन की 100 प्रतिशत वेब कास्टिंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि किसी को किसी तरह का संशय न रहे। ईवीएम में प्रत्याशियों की तस्वीर रंगीन होगी और उनका सीरियल नंबर भी बड़े फॉन्ट में होगा। पहले जब मतगणना होती थी, उसमें ईवीएम-वीवीपैट को लेकर मिसमैच की आशंका रहती थी। कभी-कभी ऐसा होता था। अब ऐसा न हो, इसलिए मैचिंग कराने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, पोस्टल बैलेट की पूरी गिनती के बाद ही अंतिम ईवीएम की गणना होगी। मतगणना के बाद मीडिया को डिजिटल इंडेक्स कार्ड पहले के मुकाबले जल्दी दिखने लगेगा। कुल 17 नए प्रयास चुनाव आयोग बिहार से कर रहा है।

# सिटी स्कूल ऑफ डांस एंड म्यूजिक संस्था ने किया भव्य सांस्कृतिक संध्या एवं डांडिया नाइट का आयोजन

## कैनविज टाइम्स रहा कार्यक्रम का मीडिया पार्टनर

कैनविज टाइम्स संवाददाता





लखनऊ। सिटी स्कूल ऑफ डांस एंड म्यूजिक संस्था के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य सांस्कृतिक संध्या एवं डांडिया गरबा रास का रंगारंग आयोजन महानगर स्थित रामलीला पार्क में उत्साह और परंपरा के संग संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाज सेविका नम्रता पाठक, एमएलसी पवन सिंह चौहान रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक संध्या में पारम्परिक डांडिया गरबा रास के साथ नृत्य, संगीत एवं भारतीय संस्कृति की विविध झलकियां प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने जमकर डांडिया नृत्य का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के छात्र छात्राओं कनिष्का, एंड्री, शांघवी, अनन्या एवं काव्या ने नृत्य पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। वहीं इस मौके पर एमएलसी पवन सिंह चौहान और समाज सेविका नम्रता पाठक ने आयोजक दिव्या शुक्ला व उनकी टीम की प्रशंसा की। तो वही कार्यक्रम की आयोजिका एवं सिटी स्कूल ऑफ डांस एंड म्यूजिक संस्था की संस्थापिका दिव्या शुक्ला ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विवेक बदलानी संस्थापक साड़ी महल अमीनाबाद, राहुल गुप्ता राज्य कार्यकारिणी सदस्य भाजयुमो एवं प्रवक्ता, टाट चौक सर्राफा एसोसिएशन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं मां गायत्री जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, निशू वेलफ़ेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष गुंजन वर्मा, आयोजक मंडल में टीम सदस्य आकांक्षा, शिवम, दीपक एवं अंशुल भी मौजूद रहे।

# भाकियू (धर्मेन्द्र गुट) ने चलाया सदस्यता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। रविवार को भाकियू (धर्मेन्द्र गुट) के बैनर तले नगराम क्षेत्र के टिकरा जुगराज पुर में वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल चौरसिया के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मोहित मिश्रा, राजकुमार पाल, राहुल सिंह रहे। इस दौरान तीन दर्जन से अधिक लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की और किसान हितों की लड़ाई में साथ देने का संकल्प लिया। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री राकेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप यादव, प्रदेश संगठन मंत्री दीपक तिवारी, जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी, संगीता रावत, संगठन मंत्री मोनू यादव, रणविजय चौरसिया, रियाज, सुरेंद्र कश्यप, रामजी द्विवेदी, हंसराज, अर्जुन, सूरज रावत, विपिन तिवारी, विनीत पाल, दुर्गेश, अनु पांडेय, मनीष तिवारी, संदीप, लवकुश, रामपाल, अमित, सर्वेश समेत तीन दर्जन लोगों ने सदस्यता ग्रहण किया सदस्यता अभियान के दौरान तमाम किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**किसानों ने किसान हित की लड़ाई में साथ देने का संकल्प लिया**

# गूंजा मिशन 2027, भाजपा सरकार पर तीखे प्रहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। काकोरी के डीके लॉन में रविवार को समाजवादी पार्टी ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए बूथ प्रभारियों, ब्लाक अध्यक्षों व सेक्टर पदाधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में सपा नेताओं ने 2027 में पीडीए की सरकार बनाने का संकल्प दोहराया और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों पर जमकर हमला बोला।

मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने कहा कि भाजपा की नीतियों से किसान,मजदूर और गरीब तबका बेहाल है। सरकार के रहते जनता को बुनियादी सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता परिवर्तन बूथ से शुरू होता है, इसलिए हर कार्यकर्ता को अपने बूथ को किला बनाना होगा।

विशिष्ट अतिथि सांसद आर.के. चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि जनता के बीच जाकर भाजपा की नाकामियों को उजागर करें और सपा के मिशन 2027 को सफल बनाएं। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश उपाध्यक्ष सी.एल. वर्मा ने कहा कि अब वक्त भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जनसंघर्ष को मजबूत करने का है। उन्होंने बूथ अध्यक्षों, प्रभारियों और सेक्टर पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए कहा कि सपा की ताकत कार्यकर्ता हैं और कार्यकर्ता ही 2027 में सत्ता परिवर्तन की नींव रखेंगे।

इस मौके पर सोनू कनौजिया नि प्रत्याशी/ प्रभारी समाजवादी पार्टी 168 मलिहाबाद विधानसभा लखनऊ, अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब इकबाल कादरी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नजमी खां, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रूप नारायण यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र सिंह यादव, मलिहाबाद विधानसभा अध्यक्ष सोनिस मौर्य, विजयश्री गौतम, टीवी सिंह यादव,और जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र कुमार गुड्डू, ई. मनीष यादव पूर्व जिला महासचिव एवं भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सम्मेलन में कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह देखने लायक था। पूरे परिसर में 2027 में सपा की सरकार जनता का अधिकार के नारे गूंजते रहे। नेताओं ने कहा कि आने वाला समय सपा और पीडीए गठबंधन का है। जनता बदलाव चाहती है और वह बदलाव अब दूर नहीं।

# दुर्गा जागरण समिति द्वारा भव्य जागरण का आयोजन

## सुंदर-सुंदर झांकियां देख झूमे श्रद्धालु, पुलिस व्यवस्था रही चाक-चौबंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहा, लखनऊ। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर बीते शनिवार की रात निगोहा स्थित एस.एन.टी. ग्राउंड में नवदुर्गा जागरण समिति के तत्वावधान में भव्य मां जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्ति और आस्था का ऐसा संगम देखने को मिला कि पूरा कस्बा ल्लजय माता दी के जयकारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और मां दुर्गा की ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद देर रात तक चली भजन संध्या में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत किए, जिन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। ल्लजय अम्बे गौरीङ्क, मइया तेरे दरबार मेंङ्क और ल्लसुन ले पुकारा मेरी मइयाङ्क जैसे गीतों पर भक्ति रस छलक उठा।

मुख्य आकर्षण रहीं मनमोहक झांकियां, जिनमें मां दुर्गा के नौ रूपों, भगवान शिव, हनुमान जी, राधा-कृष्ण व अन्य देवी-देवताओं की जीवंत प्रस्तुतियां दिखाई गईं। आकर्षक लाइटिंग और साउंड सिस्टम से पूरा पंडाल झिलमिला उठा। झांकियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।समिति के सदस्य सुजीत गुप्ता और प्रशांत त्रिवेदी ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक सद्भाव और आस्था को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय लोगों और स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था बनाए रखी। निगोहा थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी स्वयं मय फोर्स के साथ स्थल पर मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे।

# यूपी में सात को धूमधाम से मनाई जाएगी महर्षि वाल्मीकि जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सात अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकी जयंती भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी।

इस दिन प्रदेशभर के देव मंदिरों और महर्षि वाल्मीकि से संबंधित स्थलों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में रामायण पाठ, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, दीप प्रज्ज्वलन और दीपदान शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि फील्ड स्तर पर जनसहभागिता और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आयोजन जनपद, तहसील और विकासखंड स्तर पर किए जाएं ताकि समाज के सभी वर्ग इसमें शामिल हो सकें। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को साफ-सफाई, पेयजल, ध्वनि, प्रकाश और सुरक्षा की सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

वहीं महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर (चित्रकूट) में राज्य स्तरीय वृहद आयोजन किया जाएगा। उपनिदेशक (पर्यटन) आर.के. रावत को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी बनाया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 11 बजे महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से होगा। इसके बाद संस्कृत के विद्यार्थियों द्वारा रामायण पाठ और दयाराम रैकवाड़ एवं उनकी टीम की ओर से भक्ति-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। आयोजन में पूजन, हवन, वाल्मीकि रामायण पाठ, लव-कुश प्रसंग और अन्य धार्मिक अनुष्ठान भी होंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी और आमजन की भागीदारी रहेगी। मुख्य कार्यक्रम के अलावा अयोध्या, प्रयागराज, बिठूर (कानपुर), श्रावस्ती, राजापुर (चित्रकूट) सहित पूरे प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर विशेष आयोजन होंगे। वहीं योगी सरकार ने इस वर्ष भी स्थानीय कलाकारों को मंच देने की परंपरा जारी रखी है।

# 'पिंक वेव' का आयोजन ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। शहर में रविवार को 'पिंक वेव' नामक ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को यह संदेश देना था कि प्रारंभिक जांच से इस बीमारी से जीवन बचाया जा सकता है।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे वॉकाथॉन से हुई। जिसे प्रधान सचिव उद्योग श्री आलोक कुमार, प्रधान सचिव योजना श्री आलोक कुमार तथा डीसीपी वूमेन सेल, मा. ममता रानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसजीपीजीआई के एंडोक्राइन सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. गौरव अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

वॉकाथॉन में 300 से अधिक लोगों ने लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय की। इसके बाद सुबह 8 बजे विंटेज कार रैली का शुभारंभ हुआ, जो लोहियापथ होते हुए लखनऊ गोल्फ ड्राइविंग रेंज और प्रैक्टिस एरिया पर जाकर समाप्त हुई। इसके बाद वहाँ मौजूद डॉक्टरों ने उपस्थित लोगों को ब्रेस्ट कैंसर से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक महिला को मासिक 'ब्रेस्ट सेल्फ एग्जामिनेशन' करना चाहिए और 40 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को सालाना ब्रेस्ट स्क्रीनिंग अवश्य करानी चाहिए। डॉ. गौरव अग्रवाल ने कहा कि ब्रेस्ट में बिना दर्द की कोई भी गाँठ अनदेखी नहीं करनी चाहिए और तुरंत किसी योग्य चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि यह बीमारी शुरुआती चरण में पकड़ी जाए तो अधिकतर मामलों में पूरी तरह ठीक हो सकती है। इस 'पिंक वेव' अभियान को नागरिकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली और यह संदेश सफलतापूर्वक दिया गया कि ब्रेस्ट कैंसर को पराजित करने की कुंजी...जागरूकता, आत्म-निरीक्षण और समय पर उपचार है।

# मिशन कर्मयोगी से दक्ष हो रहे समाज कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी

## डिजिटल प्रशिक्षण से कार्यकुशलता बढ़ाने और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में विभाग की बड़ी उपलब्धि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाज कल्याण विभाग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी पहल 'मिशन कर्मयोगी अभियान' को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाते हुए अपने कर्मचारियों को डिजिटल प्रशिक्षण से जोड़ने में सक्रिय है। इस अभियान के तहत विभागीय अधिकारी और कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता बढ़ाकर जनता को पारदर्शी और प्रभावी सेवाएं प्रदान करने के लिए लगातार दक्ष बन रहे हैं।

समाज कल्याण विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने रविवार को बताया कि माह सितंबर 2025 तक कुल 3,900 अधिकारी, नियमित, संविदाकर्मी एवं शिक्षक आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं। इन कर्मचारियों ने अब तक 21,150 कोर्स पूरे किए, जिनमें लगभग 15,893 घंटे का प्रशिक्षण शामिल है। आंकड़ों के अनुसार, 2,759 कर्मचारियों ने कम से कम एक कोर्स, 2,289 कर्मचारियों ने तीन या उससे अधिक कोर्स पूरे किए हैं। वहीं, 1,611 कर्मचारी तीन से कम और 1,141 ने प्रशिक्षण पूरा नहीं किया है। श्री अरुण ने कहा कि मिशन कर्मयोगी का उद्देश्य प्रत्येक सरकारी अधिकारी और कर्मचारी को दक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। इस प्रशिक्षण से अधिकारी नई कार्यशैली, नीतियों और प्रबंधन कौशल सीखकर जनता को और बेहतर सेवाएं प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में योगा ब्रेक एट वर्कप्लेस से तनावमुक्त कार्यसंस्कृति, पोश एक्ट 2013, प्रोसोर्युमेंट प्रोसेस आन जेम, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, बेसिक आफ एआई और राइट टू इनफार्मेशन (आरटीआई) अधिनियम जैसे विषय शामिल हैं। इनसे कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता, महिला सुरक्षा जागरूकता, पारदर्शिता और तनावमुक्त कार्यसंस्कृति को बढ़ावा मिलता है।

# प्रयागराज में 9 से 18 तक स्वदेशी मेला

## यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अन्तर्गत आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उद्योग एवं उद्यमिता विकास विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के तत्वावधान में यू0पी0 इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अन्तर्गत जनपद स्तर पर स्वदेशी मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर 2025 तक भारत स्काउट एवं गाइड इंटर कॉलेज, ममफोर्डगंज, प्रयागराज परिसर में आयोजित होगा।

उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, प्रयागराज ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य स्थानीय उत्पादों, कारीगरों और उद्यमियों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। मेले में प्रदेश के सभी जिलों से खादी एवं ग्रामोद्योग, हस्तशिल्प, एमएसएमई, युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, कौशल विकास विभाग सहित विभिन्न संस्थानों के स्टॉल लगाए जाएंगे।

कार्यक्रम में एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, माटी कला बोर्ड और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के लाभार्थी भी अपने उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय करेंगे। मेले में प्रतिदिन सांयकालीन समय में उत्कृष्ट कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे, जिससे प्रयागराज की कला और संस्कृति का भी भव्य प्रदर्शन होगा। प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 9 बजे तक खुली रहेगी। प्रशासन ने जनसामान्य से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में मेले में पहुँचकर स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी करें और देश की आत्मनिर्भरता के अभियान को सशक्त बनाएं।

# डेंगू-मलेरिया पर किया करारा वार : ब्रजेश पाठक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश सरकार ने डेंगू, मलेरिया और मच्छर जनित बीमारियों पर करारा वार किया है। इन बीमारियों की रोकथाम में संचारी रोग नियंत्रण अभियान और घर-घर दस्तक अभियान ने अहम भूमिका निभाई है।

श्री ब्रजेश पाठक ने रविवार को अलीगंज स्थित अर्बन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (5 से 31 अक्टूबर) और घर-घर दस्तक अभियान (11 से 31 अक्टूबर) के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जागरूकता रैली भी निकाली गई और फॉगिंग मशीनों को रवाना किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने सीएचसी का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जनस्वास्थ्य सुविधाओं में और सुधार के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि 2017 से पहले स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद दयनीय थी, लेकिन अब प्रदेश में आमजन को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि इन अभियानों के तहत डेंगू, मलेरिया, जापानी इंसेफ़ेलाइटिस और एक्यूट इंसेफ़ेलाइटिस सिंड्रोम जैसी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण पाया गया है। इस मिशन में कुल 13 विभाग संयुक्त रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2017 की तुलना में एईएस रोगियों की मृत्युदर में 98 प्रतिशत, जेई रोगियों की मृत्युदर में 97 प्रतिशत, डेंगू में 93 प्रतिशत और मलेरिया के मामलों में 58 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश अब एंबुलेंस सेवा में देश में पहले स्थान पर है। वर्ष 2017 में 108 एंबुलेंस का औसत रेस्पांस टाइम 16.40 मिनट था, जो घटकर 7.7 मिनट रह गया है, जबकि 102 एंबुलेंस का समय 9.5 मिनट से घटकर 6.25 मिनट हो गया है। इससे लाखों मरीजों की जान बचाई गई है।

कार्यक्रम में विधायक नीरज बोरा, प्रमुख सचिव अमित कुमार घोष, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. रतनपाल सिंह सुमन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.बी. सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से मिलेगा जनस्वास्थ्य प्रतिनिधिमंडल

लखनऊ। कोरोना काल के भयावह समय में अपनी जान पर खेलकर कोविड टीकाकरण और ग्राउंड सर्वे जैसे दुरूह कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले हजारों कोविड वालंटियर आज भी स्वास्थ्य विभाग के औपचारिक प्रशंसा-पत्र और प्रोत्साहन दिये जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में मौजूद हजारों कोविड और संचारी वालंटियरों से जुड़े लोकस्वास्थ्य के इस महत्वपूर्ण मामले में विभागीय स्तर पर आए गतिरोध का समाधान कराने के उद्देश्य से ऑल इण्डिया कम्युनिटी हेल्थ वर्कर एसोसियेशन के पदाधिकारियों द्वारा डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से कल सोमवार को उनके सरकारी आवास पर भेंटवार्ता की जाएगी।

एसोसियेशन के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी मनोज कुमार ने जनपथ क्षेत्र में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में कोरोना महामारी के दौरान कोविड वॉलिंटियर के रूप में स्वास्थ्य विभाग को निःशुल्क रूप से अपनी उत्कृष्ट सेवाएं दे चुके संस्था के युवा कार्यकर्ताओं को प्रशंसा प्रमाण पत्र और प्रोत्साहन वितरित किए जाने का मामला शासन स्तर पर अरसे से लंबित है, जबकि संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत संस्था के युवा वॉलिंटियर्स को वॉलिंटियरी सेवाओं में लिए जाने के सम्बन्ध में भी मुख्यमंत्री कार्यालय संदर्भ सहित उपमुख्यमंत्री के आदेश क्रम में शासन द्वारा कई बार स्वास्थ्य महानिदेशक को तत्संबंध में निर्णायक कार्यवाही करने के आदेश दिए गए। अगस्त माह में जब इस मामले में विभिन्न औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जनपदों को आदेशित किए जाने की स्थिति बनी, तभी एक छद्म ग्रुप द्वारा इस बाबत उक्त संस्था के नाम से की गई कूटरचना के चलते मामले में विभागीय स्तर पर गतिरोध पैदा हो गया। इसको दूर करने हेतु उपमुख्यमंत्री से यह निर्णायक भेंटवार्ता की जाएगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विष्णु स्वरूप श्रीवास्तव अपने पुत्र प्रदीप श्रीवास्तव उर्फ अंकित पुत्र श्री विष्णु स्वरूप श्रीवास्तव पता :- 356/sp/219 सोनापुरम कॉलोनी आलमनगर लखनऊ को उसके चालचलन सही न होने के कारण हम अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। आज के बाद उनके द्वारा किया गया किसी भी प्रकार का कोई भी कृत्य या लेन-देन का वह स्वयम् ही जिम्मेदार होगा तथा हम लोगों से उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का हमारा परिवार जिम्मेदारी नहीं होगा।

यह कि शपथीगण आपके दैनिक समाचार पत्र में उपरोक्त सन्दर्भमें सूचना जो कि संलग्न शपथ पत्र है, को प्रकाशित कराना चाहते हैं, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शपथीगण की होगी।

# बार काउंसिल उत्तर प्रदेश चुनाव 2025 में डॉ.वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव को मिल रहा अभूतपूर्व जनसमर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बार काउंसिल उत्तर प्रदेश चुनाव 2025 में समाज के विभिन्न वर्गों का समर्थन लगातार डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव के पक्ष में मज़बूती से एकजुट होता जा रहा है।इसी क्रम में रविवार को 15 एवं महर्षि नगर, आई.आई.एम.रोड,लखनऊ में वरिष्ठ अधिवक्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं समाज के प्रबुद्ध जनों के मध्य भव्य स्नेहभोज एवं समर्थन सम्मेलन का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में प्रदेश के अनेक जनपदों से आए वरिष्ठ अधिवक्ता,सामाजिक कार्यकर्ता,पत्रकार एवं प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।सभी ने एक स्वर में डॉ. यादव के नेतृत्व पर अपना विश्वास व्यक्त करते हुए,आगामी चुनाव में उन्हें ऐतिहासिक विजय दिलाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ.वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव ने सदैव अधिवक्ता समाज एवं न्याय व्यवस्था के हितों की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है।एक सशक्त, पारदर्शी एवं संवेदनशील बार काउंसिल के निर्माण हेतु उनकी दृष्टि एवं कार्यनीति पर समाज को पूरा भरोसा है।सभी उपस्थित प्रबुद्ध जनों ने इस अवसर पर कहा कि बार काउंसिल को सक्षम नेतृत्व की आवश्यकता है,और डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह यादव जैसी ऊर्जावान, ईमानदार एवं संघर्षशील व्यक्तित्व ही अधिवक्ता समाज की वास्तविक आवाज़ बन सकते हैं।कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों ने एकमत होकर डॉ.यादव को पूर्ण सहयोग,समर्थन एवं आशीर्वाद देने का संकल्प लिया।उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में डॉ. यादव की ऐतिहासिक विजय अधिवक्ता समुदाय की एकता और जागरूकता का प्रतीक होगी।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से एडवोकेट बलराम यादव,गोविंद यादव,रवि गुप्ता,एडवोकेट अश्विनी कुमार,महेश यादव,महिमा,राहुल सरोज, अजय गुप्ता,विमलेश कुमार यादव(फैजाबाद),वेद वर्मा (लखीमपुर खीरी),सुभाष गौतम (उन्नाव),सुखलाल यादव,पत्रकार नीरज यादव,मानसिंह यादव,वीरेंद्र कुमार,पत्रकार प्रवीण यादव,राजीव,मनोज यादव, कमलेंद्र प्रताप सिंह,राजकमल यादव,राजीव गौतम, एडवोकेट कमलेश यादव,एडवोकेट सौरभ यादव, संतोष निगम,सौरभ यादव,एडवोकेट योगेंद्र प्रताप सिंह,उपेंद्र यादव(मिर्ज़ापुर) एवं चेतराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।




## क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर अमरेन्द्र भारद्वाज ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से की मुलाकात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। लखनऊ जनपद के जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं जैसे सड़कों की दयनीय स्थिति पेय जल संकट किसने की समस्याएं और विकास कार्यों में आ रही बधाओ पर विस्तार से चर्चा किया। रक्षा मंत्री ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया , अमरेन्द्र भारद्वाज ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधाओं के लिए लगातार प्रयासरत है और आगे भी जनहित के मुद्दों को उच्च स्तर तक उठाते रहेंगे।

# नगराम के मितौली गांव में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सुनाई गई राजा परीक्षित के जन्म की कथा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम , लखनऊ। स्थानीय मितौली गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा वाचक श्री कृष्णानंद मृदुल जी महाराज ने श्रद्धालुओं को राजा परीक्षित के जन्म से लेकर श्राप तक कथा सुनाई।

महाराज श्री ने कहा कि अभिमन्यु और उत्तरा के पुत्र परीक्षित का जन्म भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से हुआ था। जब अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से गर्भस्थ बालक का जीवन संकट में पड़ गया था, तब स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकट होकर उस बालक की रक्षा की। यही बालक आगे चलकर धर्म, नीति और भक्ति के आदर्श प्रतीक राजा परीक्षित बने।

कथा के दौरान भक्ति संगीत, भजन और प्रवचन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे और कथा श्रवण कर भाव-विभोर हो गए। कथा के मुख्य यजमान ग्राम प्रधान विनोद वर्मा, दीपू वर्मा एवं राज कुमार, अम्बरीष, तेज नारायण , ओमप्रकाश, अमित समेत आयोजन समिति के सदस्यों ने चल रही श्रीमद्भागवत कथा को श्रवण करने के लिए अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से अपील की है।



# नंदलाल कॉर्पोरेट चैंपियनशिप में गोमती, अवध वारियर्स व बाला जी क्रिकेट टीम बाराबंकी की धमाकेदार जीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । नंदलाल कॉर्पोरेट चैंपियनशिप के द्वितीय संस्करण के खेले जा रहे लीग मैचों में क्रिकेट अकादमी ऑफ पठान ग्राउंड पर खेले गए मैच में गोमती क्रिकेट टीम ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए जार्जियंस लखनऊ की टीम को सात विकेट से हराकर जीत दर्ज किया।गोमती क्रिकेट टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया।बल्लेबाजी करते हुए जॉर्जियन्स (लखनऊ) ने निर्धारित ओवरों में 144/7 रन बनाए।टीम की ओर से विराट यादववानी ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए,डॉ. सुनील तिवारी 56 रन, साहिल रजा ने भी 36 रन का योगदान दिया। जवाब में गोमती क्रिकेट टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 15.4 ओवर में ही 145/3 रन बना लिए और मैच 7 विकेट से अपने नाम कर लिया।वही

अवध वारियर्स की टीम ने भी जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए रॉयल वारियर्स को छ विकेट से हराकर लीग मैच के जीत का स्वाद चखा।टॉस जीतकर रॉयल वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 16 ओवरों में 94 रन बनाए,उनकी टीम की ओर से धीरेज अग्रवाल ने 42 गेंदों पर 33 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।शांतनु शुक्ला ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 16 गेंदों में 31 रन बनाए,जिसमें 4 चौके और 1 गगनचुंबी छक्का शामिल था।प्रशांत सिंह श्रीनेत ने भी 21 रन का योगदान दिया।गेंदबाजी में अवध वॉरियर्स के उज़ैर आलम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 21 रन देकर 2 विकेट झटके। धर्मेंद्र कुमार ने 4 ओवर में 33 रन देकर 2 विकेट लिए जबकि सर्वेंद्र सिंह ने 3 ओवर में 9 रन देकर 1 विकेट हासिल किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी अवध वॉरियर्स की टीम ने 9.2 ओवर में ही 95 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ अवध वॉरियर्स ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत की। वही अन्य मैच में बाला जी क्रिकेट क्लब बाराबंकी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मैच में दो विकेट से अवध स्ट्राइकर को हराकर जीत दर्ज की।बालाजी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया वही बल्लेबाजी करने उतरी अवध स्ट्राइकर्स की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 114 रन बनाए।टीम की ओर से रवि ने 32 गेंदों पर 37 रन की उपयोगी पारी खेली,जबकि अभय उपाध्याय ने 22 गेंदों पर 32 रन,रोहित 13 गेंदों पर 22 रन जोड़कर टीम का स्कोर सम्मानजनक स्तर तक पहुंचाया। गेंदबाजी में बालाजी क्रिकेट क्लब की ओर से नज्रुल हसन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 21 रन देकर 4 विकेट झटके,उमैरा अख्तर ने 4 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट लिए,जबकि अनुराग श्रीवास्तव ने 4 ओवर में 22 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए बालाजी क्रिकेट क्लब की टीम ने 17 ओवर में 117 रन बनाकर जीत हासिल की।इस जीत के साथ टीम ने टूर्नामेंट की अंकतालिका में महत्वपूर्ण बढ़त बनाई।




## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बीकेटी नगर इकाई द्वारा पथसंचलन कार्यक्रम किया गया आयोजित



बीकेटी,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम के आनटर्गत रविवार को संघ की बख्शी का तालाब नगर इकाई द्वारा विजय दशमी कार्यक्रम के साथ पथसंचलन हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत रुक्मिणी विहार कालोनी,चकगंजागिरि में जिला प्रचारक कोमल जी के ओजस्वी उद्बोधन के साथ प्रारंभ हुआ। पथसंचलन रूक्मिणी बिहार से रैथा रोड होकर सीतापुर रोड से पुनः उसी स्थान पर समाप्त हुई। कार्यक्रम में सह जिला संघचालक राजनाथ जी, विभाग प्रचार प्रमुख अंजनी जी,जिला प्रचार प्रमुख मानवेंद्र जी,सह जिला संपर्क प्रमुख डॉ.सुधीर जी, नगर कार्यवाह राहुल जी,सह कार्यवाह पवन जी,सह नगर संघचालक अजीत जी,नगर प्रचारक प्रियांशु जी तथा अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## बंद मकान से नगदी सहित लाखों रुपए के जेवरात व घरेलू सामान चोरी

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर इलाके के अहमदपुर- कमलापुर गांव में एक बंद मकान से लाखों रुपए के जेवरात, नकदी और घरेलू सामान चोरी हो गए। मकान मालकिन रीता देवी ने इस संबंध में गांव के तीन लोगों, जिनमें उनका सौतेला बेटा भी शामिल है, के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। रीता देवी के अनुसार, वह 21 सितंबर को अपने पति हनुमान और बेटे के साथ हरिद्वार गई थीं। उनकी बेटी रिया घर पर अकेली थी। 22 सितंबर की शाम रिया भी घर में ताला लगाकर अपने मामा के घर चली गई थी। जब रिया 25 सितंबर की शाम वापस लौटी, तो उसने घर का ताला टूटा पाया। अंदर अलमारी और बक्से के ताले भी टूटे हुए थे। पीड़िता ने बताया कि चोरों ने घर से करीब दो लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने, 55 हजार रुपए नकद, लगभग 30 हजार रुपए के पीतल के बर्तन और 12 हजार रुपए की लकड़ी काटने की मशीन चुरा ली। बेटी से सूचना मिलने पर रीता देवी 26 सितंबर को घर पहुंचीं और घटना की जानकारी 112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# ट्रांसफॉर्मर से सामान चुराने वाला गैंग शक्रिय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ । काकोरी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बार फिर से बिजली के ट्रांसफॉर्मर से सामान चुराने वाला गैंग शक्रिय हो गया है।काकोरी में एक वर्ष पहले इस तरह का गैंग शक्रिय हुआ था।बाद में जब पुलिस ने खुलासा किया तो बरेली का गैंग निकला था।जिसमें एक बिजली का संविदाकर्मी भी निकला था।

शनिवार की रात काकोरी रोड स्थित अमिताभ बच्चन फार्म हाउस के पास मुजफ्फरनगर पलिया ग्राम पंचायत में स्थित मायापुरी आवासीय कालोनी में हुई इस घटना में चोर ट्रांसफॉर्मर के सभी नट-बोल्ट खोल कर कापर,तेल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया।सुबह घटना की जानकारी हुई।मायापुरी कालोनी के संस्थापक काकोरी प्रधान संघ अध्यक्ष आनन्द यादव ने घटना की सूचना काकोरी पुलिस व एफसीआई विद्युत उपकेंद्र को सूचना दी।सूचना मिलते ही काकोरी प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र राठौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच बारीकी से निरीक्षण किया।साथ ही विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने स्थिति का जायजा लिया।विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता नितिन चौधरी ने बताया कि लिखित सूचना पुलिस को दी गई है।वहीं प्रधान आनन्द यादव के कहने पर विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए बिजली आपूर्ति वैकल्पिक व्यवस्था के नियमानुसार सुचारू रूप से शुरू करा दी।यह घटना बिजली विभाग और पुलिस विभाग की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है,क्योंकि इस तरह के उपकरणों की चोरी से न केवल आर्थिक नुकसान होता है,बल्कि आम जनता को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।काकोरी प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि जेई की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर जाँच की जा रही है,इलाके के सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



## रोडवेज बस ने मारी टक्कर, सड़क हादसे में युवक की मौत

दुबग्गा लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली अंतर्गत लखनऊ-हरदोई मार्ग पर रविवार सुबह करीब 10 बजे मछली मंडी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, रोडवेज बस (संख्या ठध्78 क्ष ख्र1750) ने मोटरसाइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद बस चालक और परिचालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की पहचान सुजीत कुमार (22 वर्ष) पुत्र गोधन, निवासी ग्राम जगनी खेड़ा, सैदापुर थाना माल, लखनऊ के रूप में हुई। मृतक के बड़े भाई श्रवण कुमार ने बताया कि सुजीत आलमबाग स्थित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत था और ड्यूटी समाप्त कर घर लौटते समय यह हादसा हुआ। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक विवाहित था और 9 माह बच्ची का पिता बताई जा रहा है।

## सर्प तस्करी का आरोप, दो गिरफ्तार

सरोजिनी नगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। इलाके के गांधीनगर में रविवार सुबह सर्प तस्करी के आरोप में दो व्यक्तियों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, इस दौरान मारपीट भी हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कुछ लोग गांधीनगर से सर्प की तस्करी कर रहे थे जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई तो उन्होंने ग्रामीणों पर गाड़ी चढ़ाने और फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया इस प्रयास में एक सफ़ेद रंग की इंडिगो कार मौके से भाग गई जबकि दूसरी गाड़ी को ग्रामीणों ने पकड़ लिया पकड़ी गई गाड़ी से रंजीत कुमार और शेर सिंह यादव को हिरासत में लिया गया। वीडियो में वह कथित तौर पर यह स्वीकार करते दिख रहे हैं कि वह गांधीनगर से 50,000 रुपए में सर्प खरीद कर ले जा रहे थे। घटना की सूचना मिलने पर बिजनौर थाना क्षेत्र के माती चौकी प्रभारी अभिराम शुक्ला मौके में पहुंचे और दोनों आरोपियों को थाने ले गए। अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि उनकी भाभी को लकवा हो गया था जिसके इलाज के लिए एक बाबा ने सर्प लाने को कहा था वह इसी उद्देश्य से सर्प लेने आए थे अभियुक्त के अनुसार जहां वह सर्प लेने गए थे वहां उन्हें सर्प के बजाय बोरी में रस्सी का सांप दे दिया गया और पैसे ले लिए गए जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई और उनकी गाड़ी भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। फिलहाल कथित आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## संदिग्धावस्था में फांसी लगाकर युवती ने दी जान

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिजनौर इलाके में शनिवार देर रात एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के चंद्रावल स्थित मजरा सादुल्ला खेड़ा निवासी जगदीश पाल की 26 वर्षीय अविवाहित बेटी रुचि पाल उर्फ काजल ने यह कदम उठाया। रुचि ने बीटेक की पढ़ाई की थी और सरोजनी नगर के ट्रांसपोर्ट नगर में एक निजी कंपनी में कार्यरत थी। शनिवार रात रुचि अपने माता-पिता के साथ एक ही कमरे में सोई थी। देर रात करीब 3:30 बजे रुचि की मां की नींद खुली तो उन्होंने बेटी को बिस्तर पर नहीं पाया। उन्होंने पति जगदीश को इसकी जानकारी दी।

परिवार के सदस्यों ने रुचि को घर के अंदर ढूंढना शुरू किया। तभी उन्हें घर के दूसरे कमरे में रुचि पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे लटकी हुई मिली। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई । सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने रुचि को नीचे उतारा और उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस के अनुसार, मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। युवती ने आत्महत्या क्यों की इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है ।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बच्चियों की शिकायत के बाद शुरू हुई प्रशासनिक जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ।मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के खुजौली में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में बच्चियों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया है। शनिवार को तहसील समाधान दिवस में बच्चियों ने जिलाधिकारी विशाख जी के सामने स्कूल की प्रिंसिपल पर मारपीट, धमकी और रात में बाहरी लोगों के आने के आरोप लगाए थे। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए एसडीएम मोहनलालगंज पवन पटेल और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मौके पर जांच करने के निर्देश दिए थे।डीएम के निर्देश के बाद रविवार की सुबह जांच टीम स्कूल पहुंची, जिसमें अपर जिलाधिकारी आपूर्ति ज्योति गौतम, एसडीएम पवन पटेल, बीएसए, और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों की टीम ने करीब दो घंटे तक विद्यालय परिसर में रहकर बच्चियों से अलग-अलग पूछताछ की।जांच के दौरान टीम ने विद्यालय परिसर का हर कोना खंगाला और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। टीम ने विद्यालय में लगे सी सी टीवी कैमरों के डी वी आर जब्त कर लिए ताकि बच्चियों के आरोपों की जांच में तकनीकी साक्ष्य मिल सकें।इसके साथ ही विद्यालय के हाजिरी रजिस्टर, गेस्ट रजिस्टर, चौकीदार ड्यूटी चार्ट और सुरक्षा गार्ड की एंट्री बुक को भी कब्जे में लेकर जांच शुरू की गई है।जांच अधिकारियों ने विद्यालय की वार्डन, सहायक शिक्षिकाओं, चौकीदार और रसोइयों से भी पूछताछ की। वहीं, बच्चियों से गोपनीय रूप से अलग कमरे में बयान लिए गए ताकि वे बिना डर के अपनी बात कह सकें।ज्ञात हो कि शनिवार को मोहनलालगंज तहसील में आयोजित समाधान दिवस में खुजौली कस्तूरबा गांधी विद्यालय की करीब आधा दर्जन छात्राएं पहुंची थीं। छात्राओं ने डीएम विशाख जी से कहा

सर, हमारे स्कूल में रात में कई गाड़ियाँ आती हैं। गाड़ियों से कुछ आदमी उतरते हैं जो स्कूल में देर रात तक रुकते हैं। जब हम देखने की कोशिश करते हैं तो प्रिंसिपल मैडम हमें डांटती हैं, मारती हैं और धमकी देती हैं कि अगर किसी को बताया तो जान से मारकर फेंक देंगे।छात्राओं की बात सुनकर समाधान दिवस में मौजूद सभी अधिकारी भी स्तब्ध रह गए थे। जिलाधिकारी ने तत्काल एसडीएम और बीएसए को जांच के आदेश देते हुए कहा था कि 'मामला अत्यंत संवेदनशील है, साक्ष्यों के आधार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जांच टीम में शामिल एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बच्चियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। सी सी टीवी फुटेज और स्कूल रजिस्टरों की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं तो संबंधितों पर कठोर कार्रवाई होगी। किसी भी बच्ची के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

वहीं एसडीएम पवन पटेल ने बताया कि बच्चियों की सुरक्षा प्राथमिकता है। स्कूल में सुरक्षा गार्ड की मौजूदगी, गेट बंद करने का समय और रात्रिकालीन ड्यूटी का पूरा रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।घटना की जानकारी मिलने के बाद बच्चियों के अभिभावक भी विद्यालय पहुंचे। अभिभावकों ने कहा कि अगर बच्चियां डर में रहेंगी तो पढ़ाई पर असर पड़ेगा। उन्होंने मांग की कि ल्लप्रशासन बच्चियों को सुरक्षित माहौल दे और जांच निष्पक्ष तरीके से पूरी करे।अभिभावकों ने यह भी कहा कि विद्यालय में लंबे समय से कई अनियमितताएं चल रही थीं, जिनकी शिकायतें अनसुनी की जाती रहीं।जांच अधिकारियों ने बताया कि विद्यालय से सभी दस्तावेज कब्जे में लेकर रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे दो दिनों में डीएम विशाख जी को सौंपा जाएगा। रिपोर्ट में दोषी पाए जाने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर निलंबन या बर्खास्तगी की कार्रवाई भी संभव है।



# किसान इण्टर कॉलेज सरैया बना ओवरऑल चैंपियन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। 76वीं जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता, 2025-2026 में किसान इंटर कॉलेज, सरैया ओवरऑल चैंपियन बना। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि माननीय राकेश राठौर 'गुरु', नगर विकास मंत्री रहे। इस प्रतियोगिता में जनपद सीतापुर के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

सीनियर बालक वर्ग में अंकित कुमार, सेवाश्रम इंटर कॉलेज, काज़ीकमालपुर ने 15 अंकों के साथ व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल की। सीनियर बालक वर्ग में काल्विन इंटर कॉलेज, महमूदाबाद 24 अंकों के साथ विजेता तथा किसान इंटर कॉलेज, सरैया 19 अंकों के साथ उपविजेता बना। सीनियर बालिका वर्ग में इशिका यादव, आर.एम.पी. इण्टर कॉलेज ने 15 अंकों के साथ व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल की। सीनियर बालिका वर्ग में किसान इंटर कॉलेज, सरैया 55 अंकों के साथ विजेता तथा आर.एम.पी. इण्टर कॉलेज 18 अंकों के साथ उपविजेता बना

जूनियर बालक वर्ग में रिंकू श्रीवास्तव, आर.एम.पी. इण्टर कॉलेज ने 15 अंकों के साथ व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल की। जूनियर बालक वर्ग में आर.एम.पी. इण्टर कॉलेज 22 अंकों के साथ विजेता तथा इलाही बख्श इंटर कॉलेज, इटारी 15 अंकों के साथ उपविजेता बना।

जूनियर बालिका वर्ग में सौम्या यादव, किसान इंटर कॉलेज, सरैया ने 15 अंकों के साथ व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल की। जूनियर बालिका वर्ग में किसान इंटर कॉलेज, सरैया 35 अंकों के साथ विजेता तथा राजा बहादुर सूर्य बहादुर सिंह इंटर कॉलेज, कमलापुर 26 अंकों के साथ उपविजेता बना। सब जूनियर बालक वर्ग में पवन कुमार, किसान इंटर कॉलेज, बड़ागांव ने 13 अंकों के साथ व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल की। सब जूनियर बालक वर्ग में एच.आर.डी. इंटर कॉलेज, बिसवां 28 अंकों के साथ विजेता तथा किसान इंटर कॉलेज, बड़ागांव 17 अंकों के साथ उपविजेता बना। सब जूनियर बालिका वर्ग में लवली, किसान इंटर कॉलेज, बड़ागांव ने 15 अंकों के साथ व्यक्तिगत चैंपियनशिप हासिल की। सब जूनियर बालिका वर्ग में किसान इंटर कॉलेज, बड़ागांव 45 अंकों के साथ विजेता तथा कृषक इंटर कॉलेज, महोली एवं किसान इंटर कॉलेज, सरैया 13-13 अंकों के साथ संयुक्त रूप से उपविजेता बने।

इस प्रकार प्रतियोगिता में अपनी धाक जमाकर कुल 129 अंकों के साथ किसान इंटर कॉलेज, सरैया जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के ओवरऑल चैंपियन बना। मुख्य अतिथि के द्वारा इस विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी अवनीश कुमार को बहुत बहुत बधाई दे गई।

# जय माता दी के जयघोष से गूंज उठा कमलापुर कस्बा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कमलापुर (सीतापुर)। कस्बे के आरबीएसबी सिंह इंटर कॉलेज में शनिवार की रात छठे विशाल मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। कमलापुर जागरण समिति के सदस्यों व सीओ सि धौली कपूर कुमार ने विधि विधान से पूजन-अर्चन के साथ शुभारंभ किया। इसके बाद जागरण ग्रुप के कलाकारों ने माता के भजनों की रसधार बहाई। रात भर श्रध्दालु माता के भजनों पर झूमते रहे। सजीव झाकियों की मनमोहक प्रस्तुतिकरण ने कार्यक्रम में समां बांध दिया। इस दौरान जागरण कमेटी की ओर से वरिष्ठ पत्रकार पंकज सिंह गौर, थाना प्रभारी प्रदीप सिंह, कमल नयन आर्य समेत अन्य अतिथि गणों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मां भगवती के जागरण मे विक्की दीवाना ने 'गणेश वंदना' से कार्यक्रम को गति प्रदान की। इसके बाद श्वेता शुक्ला, शैफाली द्विवेदी, सत्यवान राठौर और शुभम



रंगीला ने चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है.. और काली कमली वाला मेरा यार है.. आदि भजनों की श्रंखला प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा राधा-कृष्ण, 'शिव तांडव' और 'महाकाल की भस्म आरती' की सजीव झकियों से श्रध्दालु मन्त्र मुग्ध हो गए। सुबह तारा रानी की कथा और माता की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अनुराग जायसवाल, अमित मिश्रा, बीके दीक्षित, विपिन दीक्षित, उमंग जायसवाल, संदीप निगम, पंकज भदौरिया, अभिषेक गुप्ता, उदय प्रकाश सिंह, आकाश गुप्ता, राहुल मिश्रा, चंदन मिश्रा, अनुभव मिश्रा व अमित पांडेय आदि मौजूद रहे।

## मानसिक रोगियों को निजात दिलाएगा एहसास मेंटल हॉस्पिटल : रविकिशन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के नेत्तित्व में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है । पूज्य योगी आदित्यनाथ ने पूर्वांचल में पॉव जमा चुके इंसेफ़ेलाइटिस को जड़ से उखाड़ फेंकने में जिस तरह से सफलता पाई वैसे ही गोरखपुर का यह पहला एहसास मेंटल हॉस्पिटल डिप्रेशन व मानसिक रोगियों को रोग से निजात दिलवाएगा । डॉ गौरव मिश्रा व डॉ सच्चिदानंद यादव का संयुक्त प्रयास अपने उद्देश्यों से सफल रहेगा । उक्त बातें सदर सांसद व फ़िल्म अभिनेता रविकिशन शुक्ल ने पादरी बाजार के जेल बाई पास रोड स्थित एहसास मेन्टल हॉस्पिटल का रविवार को फीता काट कर उद्घाटन करते हुए कहा । हॉस्पिटल के निदेशक डॉ सच्चिदानंद यादव ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर डॉ गौरव मिश्रा,मित्र प्रकाश,राजा उल्लाह अहमद,अम्युदय मिश्रा,रमेश मणि त्रिपाठी, नरसिंह प्रजापति,पार्षद रितेश सिंह उर्फ बबलू,अजय सोनकर,बालमुकुन्द निषाद,अमित कुमार श्रीवास्तव, विजय प्रताप यादव,प्रणव द्विवेदी,रमेश कुमार,इरशाद अली,देवरत्न शुक्ल व शुभम सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे ।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ सांसद रवि किशन ने दिखाई हरी झंडी

गाँव, वार्ड और मोहल्लों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे दिलाई शपथ

गोरखपुर। कलेक्ट्रेट स्थित पर्यटन भवन से रविवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (5 से 31 अक्टूबर) का शुभारंभ किया गया। सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने अभियान की शुरुआत करते हुए संचारी रोग निवारण वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के लिए जनजागरूकता और स्वच्छता ही सबसे प्रभावी उपाय है।

कार्यक्रम से पहले जिलाधिकारी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में सांसद ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, नगर निगम, पशुपालन और स्वास्थ्य विभाग के वर्करों को शपथ दिलाई। उन्होंने सभी को यह संकल्प कराया कि वे अपने गाँव, वार्ड और मोहल्लों को रोगमुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे और साफ-सफाई एवं स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाएंगे।



सांसद ने कहा कि ल्घर-घर दस्तक अभियान–स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संचारी रोग को हराना हैङ्क को सफल बनाने के लिए हर नागरिक को आगे आना होगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम और ग्रामीण विभाग मिलकर इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेश झा ने बताया कि जिले में संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। वर्ष 2025 में अब तक सिर्फ 21 इंसेफलाइटिस के मरीज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती हुए हैं, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से कम हैं। यह प्रशासनिक प्रयासों और जन-सहयोग का परिणाम है।

दस्तक अभियान 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बुखार, डेंगू, मलेरिया, जापानी इंसेफलाइटिस, चिकनगुनिया और अन्य संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देंगी तथा बीमार लोगों को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाने के लिए प्रेरित करेंगी।

कार्यक्रम में विधायक विपिन सिंह, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसीएमओ डॉ. राजेश कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र पांडेय, बीएसए रामेंद्र सिंह, डीपीआरओ नीलेश प्रताप सिंह, पार्षद अजय राय, पार्षद रढनजन्य जुगनू सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

सांसद रवि किशन ने अंत में कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा जब प्रत्येक व्यक्ति अपने घर और आसपास की स्वच्छता की जिम्मेदारी खुद उठाए।

## खीरी पुलिस द्वारा कुल 70 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई

खीरी । पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में जनपद में महिलाओ/बालिकाओ के लिये सुरक्षित वातावरण बनाये रखने के उद्देश्य से समस्त थानों की टीमों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत भीड-भाड़ वाले इलाको, कोचिंग सेटर्स, विद्यालय, पार्क आदि मे सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों/किशोरो से भी पूछताछ व उन्हें कड़ी चेतावनी दी गयी।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा दिनांक 22.09.2025 से प्रारंभ हुए मिशन शक्ति अभियान के तहत पिछले 24 घंटो में महिला संबंधी अपराधों में वांछित चल रहे कुल 10 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया एवं मा0 न्यायालय में प्रचलित मामलों/वादों से संबंधित पीड़िताओं को शीघ्रातिशीघ्र न्याय दिलाने के उद्देश्य से कुल 10 वारंटियों को भी गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु प्रस्तुत किया गया।

# सांडा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष उत्सव, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

विजयदशमी पर हुआ भव्य पथ संचलन, पुष्प वर्षा कर ग्रामीणों ने किया स्वागत

सांडा (सीतापुर)। विकास क्षेत्र सकरन के ग्राम सांडा में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विजयदशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवकों ने भव्य पथ संचलन निकालकर अनुशासन, संगठन और राष्ट्रभक्ति का शानदार प्रदर्शन किया।

पथ संचलन का आरंभ दोपहर 3 बजे सांडाऽबिसवां मार्ग स्थित बीआरसी परिसर से हुआ। पारंपरिक गणवेश में सजे स्वयंसेवकों ने हाथों में दंड थामे, घोष की धुन पर कदमताल करते हुए मुख्य बाजार और प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः बीआरसी परिसर तक प्रभावशाली मार्च किया। संचलन के दौरान जगह-जगह स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का जोरदार स्वागत किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज प्रणाम और संघ प्रार्थना के साथ हुआ। इसके उपरांत हुए बौद्धिक सत्र में वक्ताओं ने हिंदुत्व, राष्ट्रभक्ति और भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर सारगर्भित विचार रखे। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 को हुई थी, और शताब्दी वर्ष के अवसर पर यह आयोजन विशेष रूप से किया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 त्यागी बाबा जी महाराज, राम जन्मभूमि तीर्थ व्यवस्था सदस्य भोलेन्द्र जी, खंड संघचालक हृदयेश गुप्त, जिला प्रचारक सुरेंद्र जी, जिला व्यवस्था प्रमुख मुन्ना लाल, जिला सह शारीरिक प्रमुख पुनीत जी, सहित ज्ञानेंद्र मिश्रा, मोलहे राम, संतोष कुमार, आलोक, मोनू, अखिलेश मिश्रा, अमर श्रीवास्तव और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## लखीमपुर खीरी के वन रेंज धौरहरा क्षेत्र अंतर्गत तेंदुए ने बनाया अपना शिकार, मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी के वन रेंज धौरहरा क्षेत्र अंतर्गत रविवार की सुबह खेत में चारा लेने गया युवक तेंदुए का शिकार बन गया। दोपहर बाद तक उसके घर वापस न पहुंचने पर तलाश के लिए निकले परिवार जनों को उसका अधखाया शव गन्ने के खेत में मिला। जानकारी के अनुसार धौरहरा के ग्राम दोंदरा पंडितपुरवा निवासी पैकरमा का 35 वर्षीय पुत्र मुन्नालाल रविवार की सुबह सात बजे मवेशियों के लिए घास लेने गया था। गांव के बाहर लोकईपुरवा निवासी शंकर के गन्ने के खेत में वह घास काटने के लिए घुसा तो खेत में मौजूद तेंदुए ने उसे शिकार बना लिया। तेंदुआ उसका एक पैर खाकर चला गया और मुन्नालाल की मौत हो गई। दोपहर दो बजे तक जब मुन्नालाल घर वापस नहीं लौटा तो घर वालों को चिंता हुई और वह अन्य ग्रामीणों के साथ उसे तलाश करने निकले। खोज के दौरान शंकर के खेत में मन्नालाल का अधखाया शव मिला, जिसके बाद गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने पुलिस और वन विभाग को सूचना दी तो दोनों विभाग के लोग घटना स्थल पर पहुंचे थे। रेंजर नृपेंद्र चतुर्वेदी , और वन रक्षक राजेश दीक्षित व मां दरोगा नरेंद्र सिंह व कोतवाली धौरहरा से दरोगा रूद्रप्रकाश पांडे कांस्टेबल संजीव घटना स्थल पर पहुंच गए और लास्ट पोस्टमार्टम करने के लिए कहने लगे किंतु परिजनों व ग्रामीणों के द्वारा मांग की जा रहे हैं की डॉन कैमरा बुलवाकर तेंदुए की लोकेशन पता कराई जाए वह पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाए उसके बाद में ही हम लोग पीएम करने देंगे मौके पर पहुंचे धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी व रेंजर धौरहरा विपिन चतुर्वेदी के समझाने के बाद वर्जन लाश का पंचनामा करवाने के लिए तैयार हो गए और धौरहरा पुलिस ने लास का पंचनामा करवाकर जिला मुख्यालय भेज दिया मृतक मुन्नालाल के तीन बेटी और दो बेटे हैं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## संघ की शताब्दी वर्ष पर हुआ संचलन, कमलेश मृदु ने कहा ऽ संघ की तपस्या से बढ़ा भारत का गौरव

बिसवां –सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । संघ की सौ वर्षों तक निस्वार्थ भाव से की गई तपस्या से विश्व में भारत–वर्ष का गौरव बढा। यह विचार संघ के विमर्श विभाग के जिला संयोजक कमलेश मृदु ने व्यक्त किए । वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर ग्राम रेवान में मंडल स्तर पर आयोजित संचलन के पूर्व उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा संघ विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है जो देश और समाज के प्रति अपने, त्याग, बलिदान, समर्पण और सेवा के लिए जाना जाता है। संघ के संस्थापक डा केशव बलिराम हेडगेवार का मानना है कि संघ समाज मैं अलग से एक संगठन बनकर नहीं रहना चाहता वरन संपूर्ण हिन्दू समाज का संगठन चाहता है। श्री मृदु ने कहा पहले जहां लोगों को हिंदू कहने में हीनता का बोध होता था वहीं आज वे सिर उठाकर गर्व से कहो हम हिन्दू हैं का उद्घोष करते हैं। आज पूरे विश्व में भारत का सम्मान बढा है। उन्होंने संघ के वर्तमान सरसंघचालक मोहनराव भागवत द्वारा पंच परिवर्तन की चर्चा करते हुए समरसता, स्वबोध, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन व नागरिक कर्तव्य के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए इस ओर ध्यान देने व जीवन में उतरने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल कार्यवाह रामस्वरूप ने किया। इस अवसर पर सहजिला प्रचारक विकल्प जी भी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कम होती जा रही मरीजों की संख्या

बिसवां (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। जहांगीराबाद पीएचसी पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में मरीजों की? संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। 5 अक्टूबर रविवार को जहांगीराबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला लगा जिसमें चिकित्सक डा0अंशुमान शुक्ला के अवकाश पर होने के कारण एल0टी0 रवीन्द्र सिंह यादव ने मरीजों को देखकर दवाइयां और परामर्श दिया। दोपहर एक बजे तक मात्र सत्रह मरीज ही दवाई लेने आ सके थे। अस्पताल में मात्र एल0टी0 रवीन्द्र सिंह यादव, स्टाफ नर्स दीप्ती व स्वीपर मोतीलाल मौजूद थे। एल0टी0 ने बताया कि डा0 अंशुमान सिंह अस्वस्थ होने के कारण अवकाश पर हैं तथा फार्मासिस्ट अखिलेश पाण्डेय सप्ताह में तीन दिन देवकलिया पीएससी पर तथा तीन दिन जहांगीराबाद पीएचसी पर ड्यूटी करते हैं।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान का हुआ आगाज, डीएम ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। रविवार को कलेक्ट्रेट से ''संचारी रोग नियंत्रण अभियान'' का भव्य आगाज हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, पीडी एसएन चौरसिया संग अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम में जागरूकता सबसे कारगर हथियार है। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों और विभागीय टीमों से अपील की कि वे गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों को मच्छरों से बचाव, सफाई, और इलाज से जुड़ी जरूरी जानकारी दें। डीएम ने कहा कि यह सामूहिक जिम्मेदारी का अभियान है। सभी विभाग परस्पर समन्वय बनाकर काम करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में न पड़े। संचारी रोग के लक्षण दिखते ही सरकारी अस्पताल से संपर्क करें। सीएमओ डॉ.



संतोष गुप्ता ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 5 से 31 अक्तूबर तक चलेगा, जबकि 'घर-घर दस्तक अभियान' 11 अक्तूबर से शुरू होगा। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहयोगी विभाग शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। टीमें सफाई, मच्छरजनित बीमारियों से बचाव और संभावित मरीजों की पहचान पर विशेष ध्यान देंगी। इस दौरान डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एसपी मिश्र, डीपीएम अनिल यादव, एसएमओ डॉ विकास, जिला मलेरिया अधिकारी हरीशंकर, ईओ संजय कुमार, डिप्टी सीवीओ डॉ अल्का सिंह सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# लखीमपुर खीरी पहुंची याचिका समिति अफसरों संग की बैठक, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। विधान परिषद की याचिका समिति ने अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत जनपद लखीमपुर खीरी का दौरा किया। समिति सभापति अशोक अग्रवाल के नेतृत्व में सदस्य अनूप गुप्ता और उमेश द्विवेदी खीरी पहुंचे। समिति के जनपद आगमन पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित बैठक में सभापति अशोक अग्रवाल ने जनपद से संबंधित विभिन्न प्रेषित संदर्भों की गहन समीक्षा की। बैठक की शुरुआत में समिति के निर्देश पर उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपना परिचय दिया और अपने-अपने विभागों से संबंधित याचिकाओं की स्थिति से समिति को अवगत कराया।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभापति अशोक अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समिति द्वारा प्रेषित संदर्भ और याचिकाओं का निस्तारण संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ किया जाए और उसकी सूचना समिति को समय पर भेजी जाए। याचिका समिति द्वारा भेजे गए विभिन्न संदर्भों के त्वरित निस्तारण के लिए जिले में एक विशेष सेल का गठन किया जाए, जिससे प्रकरणों की निगरानी और अनुपालन प्रभावी हो सके। जिले के अफसरो ने हर संदर्भ पर अच्छी तरह से जवाब दिए हैं। जो लंबित संदर्भ है, उनका यथाशीघ्र विस्तारण करें। जिला प्रशासन का धन्यवाद दिया।

बैठक में समिति के सदस्यों अनूप गुप्ता और उमेश द्विवेदी ने भी विभागवार प्रस्तुतिकरण के दौरान कई बिंदुओं पर प्रश्न भी किए और अधिकारियों से उनका पक्ष भी जाना। उन्होंने लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान एवं फॉलोअप की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक के अंत में पीडी एसएन चौरसिया ने समिति को आश्वस्त किया कि उनके सभी निर्देशों का अनुपालन प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। जनहित से जुड़ी प्रत्येक याचिका पर प्रशासन संवेदनशीलता से कार्य कर रहा है। इस दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एसपी संकल्प शर्मा ने समिति के सभापति और सदस्यों को इस प्रतीक चिन्ह प्रदान किया। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धार्वे, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी (डीआरडीए) एसएन चौरसिया, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सभी एसडीएम सहित जनपदीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दबंग ने की घर में तोड़फोड़, परिवार को दी जान से मारने की धमकी

पलिया कलां खीरी । थाना पलिया क्षेत्र के मोहल्ला पठान-2 में 28 सितम्बर रविवार को एक परिवार पर दबंग पड़ोसी ने उत्पात मचाया। पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी मुन्ना पुत्र सरवर खान ने महिला को गालियां दीं और विरोध करने पर उसके घर में रखी वॉशिंग मशीन समेत गृहस्थी का सामान तोड़फोड़ कर दिया। यही नहीं महिला और उसके परिवार को धमकी दी कि अगर पुलिस में शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार देगा।

शिकायतकर्ता नूरजहां पत्नी सुलेमान खां ने तहरीर में बताया कि शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग मौके पर इकट्ठा हुए तो आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़िता ने बताया कि उसका परिवार आरोपी की दबंगई से डरा और सहमा हुआ है तथा किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। घटना की जानकारी पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एसएसपी ने इंस्पेक्टर-दरोगा समेत 72 पुलिस कर्मियों के किए तबादले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर तबादले किए गए हैं। शनिवार देर रात एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने तबादला आदेश जारी किया है। इसमें निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला उपनिरीक्षक और आरक्षी समेत 72 पुलिसकर्मियों के तबादले किए गए हैं। एसएसपी ने बताया कि निरीक्षक (अपराध) बाबूराम गौतम को वजीरगंज भेजा गया है। निरीक्षक संजय कुमार को जरीफनगर से वजीरगंज भेजा गया है। उपनिरीक्षक हरिओम सिरोही को पुलिस लाइन से थाना उसहैत, कुंवरपाल सिंह को थाना दातागंज और अजयवीर सिंह को कादरचौक भेजा गया है। उपनिरीक्षक राजकुमार सिंह को अलापुर से प्रभारी चौकी समरेर, अविनाश पुंडीर को म्याऊं चौकी प्रभारी बनाया गया है। महिला उपनिरीक्षक कंचनलता शुक्ला को बिसौली से महिला थाना, भावना चौधरी और फरहा नाज को पुलिस लाइन से बिनावर भेजा गया है।

सिपाहियों को भी दी गई नई तैनाती आरक्षी वर्ग में भी व्यापक फ़ेरबदल किया गया है। पुलिस लाइन से विनीत कुमार, सुमित पुंडीर, हिमालय बालियान, अमित कुमार, विशाल पंवार, रवि कुमार, बंटी कुमार, सलमान खान, शेर सिंह, हरिओम, मोनू, अजीत कुमार, शैलेश कुमार, ललित कुमार, नितिन कुमार, योगेन्द्र कुमार, सतेन्द्र कुमार आदि को थाना बिनावर, वजीरगंज, हजरतपुर, उधैती, सहसवान, जरीफनगर, बिल्सी, कोतवाली, कुवरगांव, अलापुर, मुजरिया आदि में नई तैनाती दी गई है। महिला सिपाहियों में आरती, ललिता देवी, शिखा सोम, पूजा, पूजा सिंह, अंजली देवी, सपना चौहान और अंशू गौतम के स्थानांतरण भी विभिन्न थानों, न्यायालय सुरक्षा, गौवंश सुरक्षा सेल और डायल-112 में किया गया है।

# छात्रा पूर्वा सिंह बनीं एक दिन की सांकेतिक थानाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिल्सी। नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रा पूर्वा सिंह (कक्षा 11) को एक दिन की सांकेतिक थानाध्यक्ष बनने का अवसर प्राप्त हुआ।

इस विशेष पहल के अंतर्गत पूर्वा सिंह ने एसएचओ की भूमिका निभाते हुए अपनी जिम्मेदारी का सफल निर्वहन किया। सांकेतिक एसएचओ के रूप में पूर्वा सिंह ने लोगों की समस्याएँ सुनीं, उन्हें समझा तथा प्राप्त शिकायतों को नोट किया। इसके साथ ही उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिए और लोगों को भरोसा दिलाया कि कानूनऽव्यवस्था और महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा उपस्थित जनों को महिला सुरक्षा, आत्मरक्षा, कानून का पालन और जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। पूर्वा सिंह ने अपने भविष्य का सपना साझा करते हुए कहा कि वे सिविल सर्विसेज में चयनित होकर देश की सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि यह अवसर उनके लिए प्रेरणादायक रहा और उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुँचने की और अधिक शक्ति व विश्वास मिला। बिल्सी थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान से जुड़ी विभिन्न योजनाओं एवं पहल की जानकारी दी और कहा कि लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास अत्यंत सराहनीय हैं। महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे-वूमेन पावर लाइन-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, स्वास्थ्य सेवा- 102,108 , मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर -1076 साइबर क्राइम -1930 के बारे में जागरूक किया गया। विद्यालय डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने पूर्वा सिंह को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि ऐसे अवसर बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। हम आशा करते हैं कि पूर्वा सिंह जैसी प्रतिभाशाली छात्राएँ भविष्य में राष्ट्र की सेवा में अग्रणी भूमिका निभाएँगी। विद्यालय प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने कहा कि ऐसे अवसर छात्राओं में आत्मविश्वास भरते हैं और उन्हें समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय सदैव प्रयासरत है कि हमारे विद्यार्थी केवल शिक्षा में ही नहीं, बल्कि नेतृत्व, जिम्मेदारी और सामाजिक मूल्यों में भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करें। इस अवसर पर क्राइम इंस्पेक्टर वी.के. मौर्या, क़स्बा इंचार्ज राम मेहर सिंह, महिला एस.आई. रचना देशवाल, विद्यालय प्रशासक अमित माहेश्वरी, शिवकान्त पाठक, प्रज्ञा शर्मा आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

# कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव आज से

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**13 तक चलेगा सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव**

**कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण एवं अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक**

सम्भल ( बहजोई)। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में 6 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2025 तक चलने वाले सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव की तैयारियों एवं इसके अंतर्गत होने वाले विभागीय कार्यक्रमों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत कार्यक्रम में लगने वाली विभागीय स्टालों एवं अन्य स्टालों आवंटन के विषय में चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वागत, स्वागत गीत, कार्यक्रम का मिनट टू मिनट, वीवीआईपी एवं दर्शक दीर्घा, पार्किंग व्यवस्था, सफाई व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था आदि पर चर्चा की गयी। विभागीय कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समय सारणी पर भी चर्चा की गयी। दिनांक 06 अक्टूबर 2025 को प्रातः 9.30 बजे से 11:30 बजे तक माध्यमिक शिक्षा में बदलता उत्तर प्रदेशः प्रोजेक्ट अलंकार,मुख्य अतिथि मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती गुलाब देवी जी रहेंगीं। अपराह्न 2 बजे से 3:30 बजे तक मत्स्य सम्मेलनः मत्स्य में रोजगार आत्मनिर्भरता की ओर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि मा. मत्स्य मंत्री श्री संजय कुमार निषाद जी रहेंगे। सम्भल कल्कि महोत्सव/ विकासोत्सव 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ 6 अक्टूबर को ही सांयकाल 6 बजे सांस्कृतिक संध्या के साथ होगा। जिसमें मुख्य अतिथि मा. मंत्री माध्यमिक शिक्षा श्रीमती गुलाब देवी जी एवं प्रभारी मंत्री मा. होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा श्री धर्मवीर प्रजापति जी तथा मण्डलायुक्त मुरादाबाद श्री आंजनेय कुमार सिंह जी रहेंगे। अन्य दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की समय सारणी पर भी चर्चा की गयी तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बड़ा मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल का भी स्थलीय निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला विकास अधिकारी राम आशीष,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह,उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, डिप्टी कलक्टर / प्रभारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बहजोई नीतू रानी,डिप्टी कलक्टर निधि पटेल, डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय एवं डिप्टी कलक्टर रामानुज, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गौसुलवरा मस्जिद फिर सुर्खियों में, हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद ग्रामीणों ने खुद की तोड़फोड़ शुरू की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। थाना असमोली क्षेत्र के गांव राया बुजुर्ग स्थित गौसुलवरा मस्जिद एक बार फिर चर्चा में है। इलाहाबाद हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद रविवार को ग्रामीणों और मस्जिद कमेटी के सदस्यों ने स्वयं ही मस्जिद तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी मिलते ही प्रशासन ने गांव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए और पुलिस बल तैनात कर दिया। यह मामला गड्ढे की 510 वर्गमीटर भूमि पर बने धार्मिक निर्माण से जुड़ा है, जिसे अवैध मानते हुए तहसीलदार न्यायालय ने हटाने का आदेश दिया था। रविवार को गांव के करीब 15 से 20 लोग बुलडोजर और औजार लेकर मस्जिद तोड़ने में जुटे दिखाई दिए। किसी अप्रिय घटना की आशंका को देखते हुए इंस्पेक्टर राजीव कुमार मलिक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और हालात पर नजर बनाए रखी। गांव के निवासी और मस्जिद के मुतवल्ली मिंजार हुसैन ने पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट की अर्जेंट बेंच में याचिका दाखिल की थी। 3 और 4 अक्टूबर को हुई सुनवाई में राज्य अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष तहसीलदार का आदेश प्रस्तुत किया। इसके बाद याचिकाकर्ता ने खुद ही याचिका वापस लेने की बात कही, जिस पर अदालत ने उसे खारिज कर दिया। उल्लेखनीय है कि 2 अक्टूबर को जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया और पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई भारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे थे। उस समय मस्जिद कमेटी ने तोड़फोड़ के लिए चार दिन का समय मांगा था। हाईकोर्ट में मामला जाने के कारण कार्रवाई रोक दी गई थी, लेकिन याचिका खारिज होने के बाद रविवार को ग्रामीणों ने स्वयं ही मस्जिद ढहाने की पहल कर दी। गांव में पुलिस बल की तैनाती जारी है और प्रशासन स्थिति पर कड़ी नजर रखे हुए है।

# ककोड़ा मेले की जमीन पर लगा दिया गन्ना और यूकेलिप्टस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। ककोड़ा मेले की जमीन पर किसानों ने गन्ना और यूकेलिप्टस लगा दिया है। मेले की तैयारियों में यह बाधा बन गए हैं। गन्ना और यूकेलिप्टस काटने के लिए जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी और सहायक अभियंता ने किसानों से बात की। किसानों ने इसे काटने से इन्कार कर दिया है। इससे जिला पंचायत की समस्या बढ़ गई है।

गंगा किनारे ककोड़ा मेला लगेगा। यह मेला गंगा किनारे 1300 मीटर की लंबाई और 1500 मीटर चौड़ाई में बसाया जाएगा। ककोड़ा देवी मंदिर से 14 किलोमीटर के अर्ध व्यास में गंगा के तट पर मेला स्थल माना जाएगा। मेला के समय जहां भी गंगा की उपयुक्त धारा होगी, वहां मेला लगेगा। दशकों से मेला कासगंज की भूमि पर ही लग रहा है। यह जमीन भी भूमिधर नहीं है। पिछले वर्ष भी इसी जगह पर मेला लगा था। इस बार किसानों ने मेला के करीब 100 बीघे क्षेत्र में गन्ना लगा दिया है। साथ ही कई बीघे में यूकेलिप्टस लगा दिया है। शनिवार को जिला पंचायत के सहायक अभियंता पवर कुमार पहुंचे और किसानों से बात की। फिलहाल किसान काटने को तैयार नहीं है। इसके अलावा कच्ची सड़कें बनाने का काम शुरू हो चुका है। मुख्य सड़कों को चौड़ी करने का काम किया जा रहा है। दीपावली के बाद टेंट का सामान आ जाएगा। कुछ किसानों ने मेले की जमीन पर गन्ना लगा दिया है। यह पट्टे की जमीन है। मेला स्थल में आने वाली फसलें हटवाया जाना जरूरी है। इसके लिए किसानों को समझाया जा रहा है। किसानों ने इस बार जान-बूझकर यूकेलिप्टस के पेड़ लगा दिए हैं, हालांकि गजट के अनुसार मेला स्थल को खाली कराना होता है। - पवन कुमार गोयल, एई, जिला पंचायत, बदायूं।

# पांच बंद घरों से लाखों का सामान चोरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के चंदोखा गांव के पांच घरों से लाखों रुपये के सामान की चोरी की गई। बंद घरों में चोर छतों के रास्ते घुसे और कीमती सामान उठा ले गए। इन घरों में रहने वाले मजदूरी करने हरियाणा गए थे। ग्राम प्रधान अवनीश सिंह ने बताया कि चंदोखा गांव के धर्मवीर, नन्हे, प्रकाश, लाल बहादुर और हेमराज परिवार सहित एक माह पहले मजदूरी करने हरियाणा गए थे। यह लोग सोने-चांदी के जेवर और नकदी घरों के अंदर जमीन में गाड़कर और दरवाजों पर ताले लगाकर गए थे। बृहस्पतिवार को नन्हे अपने परिवार के साथ वापस आया। दरवाजा खोलकर जब यह लोग मकान में गए तब इन्हें चोरी होने की जानकारी हुई। इसके बाद मोहल्ले वालों ने दीवार फंाद कर बाहर गए अन्य लोगों के मकानों को देखा तो सभी घरों के अंदर कमरों के ताले टूटे हुए थे और जगह-जगह किसी नोकदार वस्तु से गड्ढे किए हुए थे। सूचना मिलने पर बाकी परिवार भी गांव लौट आए और सभी ने चोरी होने की बात कही। धर्मवीर की ऊषा ने बताया कि उसने समरेर गांव में एक प्लांट खरीदा है, उसका एडवांस देने के लिए एक लाख रुपया रखा था और अपने जेवर के अलावा दो विवाहित लड़कियों के जेवर भी थे। लगभग चार लाख की की चोरी हो गई। चोरी कब हुई है इसका अंदाज किसी को नहीं है। पीड़ितों तहरीर पुलिस को दी गई है। सीओ केके तिवारी ने बताया कि चोरी की जानकारी हुई है। जल्दी ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

## भाकियू टिकैत डीएपी की कालाबाजारी को लेकर करेगी बड़ा आंदोलन

बदायूं। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की शनिवार को बिनावर में मासिक पंचायत बैठक की गई। जिसमें कहा गया बिनावर थाने के बराबर से मोहम्मदपुर बिहार के संपर्क मार्ग घटपुरी रेलवे स्टेशन से मोहम्मदपुर बिहार तक एक-एक फिट गद्दे को लेकर नाराज भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रशासन को खरी खोटी सुनाई। मंडल प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने पंचायत को संबोधित करते हुए कहा बाजार में किसानों को मंहगे दामों में डीएपी मिल रही है किसान ब्लैक में डीएपी लेने को मजबूर है डीएपी की खुलेआम कालाबाजारी हो रही है जबकि यूनियन ने जिला प्रशासन से अपनी मांग रखी थी बावजूद उसके किसानों को डीएपी खाद नहीं मिल पा रही है। आलू,सरसों की फसल के लिए बगैर डीएपी के किसानों को बुवाई करनी पड़ रही है। जनपद में डीएपी खाद को लेकर बड़ा आंदोलन 6 अक्टूबर मालवीय आवास गृह पर महात्मा टिकैत के जन्मदिन पर किया जाएगा। जिले के वरिष्ठ उपाध्यक्ष ठाकुर अजय पाल सिंह घटपुरी रेलवे स्टेशन से लेकर मोहम्मदपुर बिहार के मार्ग पर गढ़ों में तब्दील हो गया है उसको लेकर प्रशासन को खरी खोटी सुनाई। सदर तहसील अध्यक्ष अर्जुन सिंह व ब्लॉक अध्यक्ष सलारपुर पप्पू सैफी ने बिनावर में बीच गांव से 33 हजार की लाइन को चेंज करने की मांग रखी घरों के ऊपर से लाइन गुजर रही है जनहानि का खतरा बना हुआ है। पंचायत में जिला प्रचार मंत्री कल्लन मिया, बृजपाल प्रजापति, सुरेश पाल ठाकुर, कृष्ण पाल सिंह,साबिर हुसैन, ठाकुर भंवर पाल सिंह, ठाकुर नेत्रपाल सिंह,तहसील के वरिष्ठ उपाध्यक्ष केसर अली, नन्हे राजपूत आदि शामिल रहे।

# पूर्वांचल विवि में आयोजित दीक्षांत समारोह का हुआ पूर्वाभ्यास

एजेंसी

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में रविवार को 29 वें दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों को पूर्वाभ्यास कराया। दीक्षांत समारोह सोमवार को विश्वविद्यालय में आयोजित होगा। इसमें प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल मेधावियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के प्रेसीडेंट डिवाइस एंड सेल्स सुनील दत्त होंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगीं।

पूर्वाभ्यास में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की भूमिका का निर्वहन व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग की शिक्षिका डॉ. अन्नू त्यागी ने किया। मुख्य अतिथि की भूमिका प्रो. अजय प्रताप सिंह एवं विशिष्ट अतिथि की



भूमिका में प्रो. सौरभ पाल एवं डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव रहीं। कार्यक्रम में क्षण- प्रतिक्षण के अनुरूप गतिविधियाँ की गई। उपाधिधारकों को दीक्षांत समारोह से जुड़े दिशा निर्देश दिए गये।दीक्षांत समारोह में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 79 विद्यार्थियों को 80 स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। स्वर्ण पदक पाने वाले मेधावियों में स्नातक में 15 छात्राएं एवं 9 छात्र हैं, वहीं परास्नातक स्तर में 23 छात्र एवं 32 छात्राएं शामिल है। दीक्षांत समारोह में 445 शोधार्थियों को पी.एचडी. और दो को डीलिट की उपाधि प्रदान की जाएगी।

पूर्वाभ्यास की शुरुआत में शोभायात्रा निकाली गई ।जिसका नेतृत्व कुलसचिव केश लाल ने किया। इसमें विद्या परिषद और कार्य परिषद के सदस्य शामिल हुए। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने संचालन एवं प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने संयोजन किया।पूर्वांचल विश्वविद्यालय का 29 वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में 10 बजे से शुरू होगा। सुबह 10.05 बजे कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल का विश्वविद्यालय परिसर स्थित हेलीपैड पर आगमन होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि गण कुलाधिपति के साथ संगोष्ठी भवन पहुंचेंगे।

दीक्षांत समारोह में कुलपति दीक्षोपदेश देंगी। कार्यक्रम में राज्यपाल द्वारा क्लिक करके डिजीलॉकर में उपाधियों एवं अंकपत्रों का अपलोड किया जाएगा। इसके बाद विशिष्टता प्राप्त मेंधावियों को स्वर्ण पदक प्रदान करेंगी। इस बार दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि सुनील दत्त को कुलाधिपति द्वारा डीएस.सी. की मानद उपाधि दी जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गाँव तथा आँगनबाड़ी केन्द्रों की आपसी प्रतियोगिता तथा खेलों में प्रथम आने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण किया जायेगा। कुलाधिपति द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों को स्वास्थ्य किट दिया जाएगा। राजभवन द्वारा प्राप्त पुस्तकें प्राथमिक शिक्षकों को दी जाएगी।

# मण्डलीय क्रिकेट टीम के लिए चयनित हुए अभय

बदायूँ। अभय शर्मा का बरेली मण्डल की अंडर 19 क्रिकेट टीम में चयनकर्ताओं द्वारा चयन किया गया है सूचना के अनुसार शरह बरौलिया निवासी अभय शर्मा सिद्ध बाबा इंटर कालेज शरह बरौलिया के कक्षा 12 के छात्र हैं जो अच्छी बॉलिंग और बैटिंग के लिए जाने जाते हैं इसी आधार पर ही इनका चयन अबअंडर 19 क्रिकेट मण्डलीय टीम बरेली मण्डल के लिए हुआ है अभय शर्मा अब 13 सितंबर को गोरखपुर में प्रदेश स्तर पर होने वाली अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बरेली मण्डल की टीम में चयनित होने पर अभय शर्मा को प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा,नीरज चौहान, विप्लव भारती, रामौतार मौर्य और कोच अनमोल शर्मा ने बधाई दी हैं।

## 'कार्ययोगी भारत निर्माण एवं शिक्षक चेतना विकास' कार्यक्रम का आयोजन

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर सम्भल में कार्ययोगी भारत निर्माण एवं शिक्षक चेतना विकास विषय पर एक प्रेरणादायी एवं सार्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशन में तथा भारतीय चरित्र निर्माण संस्था, दिल्ली के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ हर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सम्भल में प्रातः 10:30 बजे हुआ। इस अवसर पर जनपद के बहजोई एवं बनियाखेड़ा विकास खंडों से लगभग 400 S500 शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन स्वामी कृष्णानंद झा द्वारा किया गया। अध्यक्षता पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक श्री श्यामा कुमार जी ने की। मुख्य वक्ता श्री रामकृष्ण गोस्वामी जी ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में शिक्षकों में राष्ट्र निर्माण की चेतना, शैक्षिक मूल्यों के संवर्धन तथा समर्पण भावना के सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों की उपस्थिति दर्ज की गई और पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक श्री श्यामा कुमार जी द्वारा भारतीय संविधान के नागरिक कर्तव्यों की सामूहिक शपथ कराई गई। यह आयोजन जनपद सम्भल में शैक्षिक चेतना, अनुशासन, समर्पण एवं राष्ट्रीय भावना के प्रति शिक्षकों में नई ऊर्जा का संचार करने वाला एक ऐतिहासिक एवं प्रेरक कार्यक्रम सिद्ध हुआ।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने समाज को संगठित रहने का दिया संदेश

**संभल/बबराला, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगर के ग्राम बाघऊ स्थित स्वामी विवेकानंद बस्ती में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयदशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक थानसिंह मौर्य ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में विभाग प्रचार प्रमुख अरुणकांत उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता अरुणकांत ने अपने संबोधन में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर चर्चा करते हुए संगठन की 100 वर्ष की यात्रा और हिंदू समाज को संगठित रहने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विजयदशमी का पर्व अधर्म पर धर्म की, असत्य पर सत्य की, और अन्याय पर न्याय की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर उन्होंने समाज में एकता, संयम और शक्ति की आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में भुवनेश (जिला प्रचार प्रमुख), जिला संपर्क प्रमुख, रामगोपाल (नगर संघचालक), प्रेमपाल, सुमित, वीरपाल, चेयरमैन हर्षवर्धन, मास्टर रूपकिशोर शर्मा, मास्टर रामजीमल शर्मा, सतेन्द्र गौतम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## प्रतियोगिता में 172 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री नारायण सेवा समिति चन्दौसी द्वारा श्रीराम चरितमानस की 'लंकाकाण्ड ज्ञान प्रतियोगिता' आज सरस्वती शिशु मंदिर हनुमानगढ़ी पर आयोजित की गई। जिसमें नगर क्षेत्र के अनेकों विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 172 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया जिसमे से 156 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया और 16 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे । प्रतियोगिता में चंदौसी इंटर कॉलेज, रेलवे मिश्रित जूनियर हाई स्कूल, बाबूराम सरस्वती इंटर कॉलेज, लाल गणेशीलाल हायर सेकेंडरी स्कूल, नवोदय विद्या मंदिर, ए.एम. वर्ल्ड स्कूल, लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर, चंदौसी बाल विद्या मंदिर, एफ. आर. इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर, हनुमानगढ़ी, ओपीजीएम स्कूल, बीएमजी इंटर कॉलेज, सिल्वरस्टोन पब्लिक स्कूल, न्यू सत्यम् एकेडमी तथा एसएम इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रश्नपत्र बहुविकल्पीय परीक्षा पद्धति एवम् तार्किक शक्ति व प्रतिस्पर्धात्मक बौद्धिक परीक्षण पर आधारित था। धर्म व आस्था के बुद्धि परीक्षण के अद्भुत संयोग से बच्चे प्रसन्न मुद्रा में प्रश्नों के उत्तर लिख रहे थे । डॉ. डी.के. अग्निहोत्री, विपिन कुमार बालाजी, के. जी. गुप्ता, चौधरी जगदीश चंद्र आदि ने निरीक्षण; हरीश कठेरिया और सुभाष चंद्र भोलेनाथ ने सर्वव्यवस्था ; आयोजक कृष्ण गोपाल मंगलम ने प्रश्न पत्र संग्रहण ; दृगपालसिंह व विपिन गुप्ता ने उत्तर पत्र एकत्रीकरण; डॉ. टी. एस. पाल व सूर्यजीतसिंह एड. ने केंद्र पर्यवेक्षण, डॉ. जयशंकर दुबे ने विशेष व्यवस्था की । कार्यक्रम के संयोजक हरीश कठेरिया एडवोकेट तथा आयोजक कृष्ण गोपाल मंगलम् रहे ।

## ई- लाटरी से विकासखंडवार कृषकों का चयन किया गया

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी के सदस्यों के समक्ष निःशुल्क दलहन (चना, मसूर, मटर) बीज मिनीकिट एवं निःशुल्क तिलहन बीज मिनीकिट के अंतर्गत तोरिया बीज मिनीकिट की ई- लाटरी से विकासखंडवार कृषकों का चयन किया गया। चयनित कृषकों का नाम दर्शन 2.0 पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहा है तथा चयनित कृषकों के मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से सूचना भी पहुंच गई है। उप निदेशक कृषि श्री सन्तोष कुमार द्विवेदी ने चयनित कृषकों से अनुरोध किया है कि वे तत्काल अपने विकास खंड के कृषि बीज गोदाम से बीज प्राप्त कर समय से बुवाई करवायें।

## समाज सेवी विनोद सैनी का सम्मान किया

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रविवार को संजीवनी वाटिका में समाज सेवी विनोद सैनी का सम्मान किया गया। जिस में सर्व समाज के लोगों ने विनोद सैनी का स्वागत किया। प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अनुसूचित मोर्चा उमेश चंद्र दिवाकर ने विनोद सैनी को सोल पहना कर स्वागत किया।ओर उनके चंदौसी आने पर आभार व्यक्त किया। शिब्बू श्रीमाली और नवल सैनी ने महात्मा ज्योतिबा फुले का चित्र भेट किया। ओर सब ने फूल माला पहना कर स्वागत किया।विनोद सैनी बोले कि में हमेशा सर्व समाज के साथ रहा हु ओर रहूंगा कभी भी मेरी आवश्यकता हो तो याद करना में हमेशा तैयार रहुगा। सैनी ने बोला जात पात की करो बिदाई हम सब है भाई भाई।डॉ राजीव , विनोद श्रीमाली, अंकित गुप्ता, नाजिम खान, धर्मपाल राणा, मोहित शर्मा, योगेंद्र सैनी, विक्की सैनी, गौरव सैनी,ललित सैनी, शिखर सैनी, विशेष सैनी, ओर बहुत से लोग उपस्थित रहे।

## परदादा पर दादी कालेज को चैंपियन अवार्ड

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** परदादा-परदादी एजुकेशनल सोसाइटी को महिला उद्यमिता श्रेणी में चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। परदादा-परदादी कालेज के प्रधानाचार्य के के शर्मा ने बताया कि सेलिब्रेशन ऑफ आंत्रप्रेन्योरशिप कार्यक्रम 3 अक्टूबर को जुनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर पूज्य स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज की अध्यक्षता में माता जनहित ट्रस्ट द्वारा भीम ऑडिटोरियम डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आचार्य सभा एवं मौजूद अन्य विशिष्ट अतिथियों में हर्ष मल्होत्रा, राज्य मंत्री सड़क परिवहन एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय भारत सरकार सुधांशु त्रिवेदी सांसद राज्यसभा, सीए चरणजोत सिंह नंदा, अध्यक्ष भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान शिव खेड़ा, लेखक प्रो. निर्मलजीत सिंह कलसी आईएएस (सेवानिवृत्त), पूर्व अध्यक्ष, एनसीवीईटी, भारत सरकार एवं पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह एवं न्याय विभाग, पंजाब सरकार, विधायक पंकज सिंह ने महिला उद्यमिता श्रेणी में परदादा-परदादी एजुकेशनल सोसाइटील को चैंपियन अवार्ड से सम्मानित किया। परदादा-परदादी एजुकेशनल सोसाइटी की सीईओ सपना वर्मा ने परदादा परदादी को पुरस्कार मिलने पर सभी अतिथियों एवं सीए मुकेश शुक्ला अध्यक्ष समाधान का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के संस्थापक वीरेंद्र सिंह सेम के सपनो को सार्थक करने की और बढ़ता कदम बताया।

## एक दिवसीय शिविर में स्वच्छता पर रहा बिशेष फोकस

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छ भारत अभि यान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। छात्रों ने विद्या लय तथा आसपास के क्षेत्र की सफाई की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने सेवा के माध्यम से शिक्षा के आदर्श वाक्य ''स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है'' के साथ युवाओं के व्यक्तित्व और चरित्र विकास पर जोर दिया ताकि वे जनमानस की सेवा कर सकें और सामाजिक व नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित कर सकें। कार्यक्रम अधिकारी अनमोल उपाध्याय ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य आस पास की सफाई करना ही नहीं बल्कि लोगों के सहयोग से पेड़ लगाना, कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराना और उसे साफ़ रखना है। जिससे एक स्वच्छ भारत का निर्माण हो। हमें लोगों के अंदर सड़क व गली मोहल्लों की सफाई के लिए जागरूकता पैदा करनी होगी। नीरज चौहान ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में छात्रों को अवगत कराया। कार्यक्रम में रेनू कुमारी,किरण,कांक्षी, वैष्णो शर्मा प्रियंका,रीना,मीनाक्षी, देव शर्मा, हिमांशु सहित सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे। एक दिवसीय शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी अनमोल उपाध्याय ने किया।

## आज किसान यूनियन बनाएगा जन्म दिवस

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के सुप्रीमो ऑन किसानों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत का जन्मदिन किसान जागृति दिवस के रूप में आज सोमवार को मालवीय आवास गृह में मनाया जाएगा। यह जानकारी बरेली मंडल के प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने देते हुए बताया किसानों की आवाज चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत थे उनके आदर्शों पर चलकर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए भी कल जन्म दिवस पर जिले के पदाधिकारी से वार्ता होगी उन्होंने कहा है संगठन में कोई भी किसी भी पद पर आसीन हो गलत नीतियां स्वीकार नहीं होगी गलत नीतियों पर विरोध किया जाएगा सिर्फ चौधरी साहब के विचारधारा को ही माना जाएगा अंडर प्रवक्ता राजेश कुमार सक्सेना ने जिले के सभी पदाधिकारी से ज्यादा संख्या में आने का अनुरोध किया है।

# बढ़ रहा अपराध : यूरिया पंप पर काम न करने पर नाबालिग की गोली मारकर हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिले में अपराध का ग्राफ बढ़ता जा रहा है।हाल के दिनों में हत्या, चोरी, छिनैती, लूट की घटनाएं बढ़ी है,पूर्व में हुई चोरी की घटनाओं का खुलासा होने की कौन कहे मुख्यालय के सिंचा ई विभाग के एक कॉलोनी के पास से एक नाबा लिग लापता छात्रा का पांच महीने बाद भी पता नहीं चल सका है बढ़ती घटनाओं के चलते अब लोग समाज में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। हाल के दिनों में हुई घटनाओं को लेकर पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल भी उठ रहे हैं।हत्या जैसी गंभीर आपराधिक मामलों की रोक थाम को लेकर गोण्डा पुलिस महकमा कितना संवेदनशील है इसका अंदाजा इसी बात से ल गाया जा सकता है। कि एक सप्ताह नहीं बीत रहा है दूसरी हत्या हो जा रही है ऐसे ही जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में यूरियापंप पर काम

**करने से मना करने से मना किया तो**



**यूरियापंप**

संचालक ने 15 वर्षीय मंगलदेव की गोली मार कर हत्या कर दी नाबालिग हत्याकांड का माम ला तूल पकड़ता जा रहा है।घटना गांधी चबूतरा के पास देर रात हुई थी, जहां नाबालिग का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था मृतक के पि ता ने यूरिया पंप संचालक संदीप मिश्रा के खि लाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।आरोप है कि संदीप मिश्रा ने अवैध तमंचे से मंगलदेव के सीने में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है।

**काम से मना किया तो उतार दिया मौत के घाट**

भवानीपुर खुर्द ग्राम पंचायत के बंधु पुरवा गांव निवासी रामशंकर वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका बेटा मंगलदेव संजय याद व के होटल पर काम करता था। वहीं, खरगूपुर थाना क्षेत्र के महादेवा कला गांव का रहने वाला संदीप मिश्रा, जो गांधी चबूतरा पर यूरिया पंप चलाता है, कई बार मंगलदेव को अपनी दुकान पर काम करने के लिए बुलाता था, लेकिन मंग लदेव ने उसके यहां काम करने से मना कर दि या जिससे संदीप मिश्रा नाराज चल रहा था। पिता के मुताबिक, संदीप ने मंगलदेव को बुला कर गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इटियाथोक पुलिस ने पिता की तहरीर पर संदीप मिश्रा के खिलाफ हत्या की धाराओं में केस दर्ज किया है।

**परिजनों में कोहराम,मां पैरालाइज,पिता मजदूर**

मंगलदेव की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है मृतक दो भाइयों में बड़ा था, जबकि छोटा भाई साजन दस वर्ष का है और वह अभी पढ़ाई कर रहा है।परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कम जोर है। मां रजवंती पैरालाइज की मरीज हैं औ र पिता रामशंकर वर्मा मजदूरी करके किसी तर ह परिवार का भरण-पोषण करते हैं। मंगलदेव चाय की दुकान पर काम कर परिवार की मदद करता था।

**फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने जुटाए साक्ष्य**

घटना के बाद पुलिस ने मंगलदेव का शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। वहीं डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया है,वही पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पूरी घटना का खुलासा जल्द किया जाएगा,और जांच हर एंगल से की जा रही है।

# जेई ने पूर्व बीजेपी जिलाध्यक्ष समेत सात के खिलाफ थाने में दी तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में बिजली उपकेंद्र मसकनवा विद्युत उपकेंद्र की जमीन को फर्जी बैनामे के जरिए हड़पने के आरोपों ने तूल पकड़ लिया है।उप केंद्र के अवर अभियंता ने (जेई) विकास कुमार सिंह ने दो भाजपा नेता ओं समेत सात लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए छपिया थाने में तहरीर दी है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जेई ने आरोप लगाया कि मसकनवा उपकेंद्र की सरकारी जमीन को धोखाधड़ी से निजी नाम पर दर्ज कराकर बैनामा कराया गया है।उनका कहना है कि यह उपकेंद्र पिछले 45 सालों से स्थापित है और यहां से लाखों उपभो क्ताओं को बिजली आपूर्ति की जाती है,विकास कुमार सिंह के मुताबिक, बस्ती निवासी दिनेश चंद्र उर्फ दिनेश कुमार शुक्ला, सौरभ शुक्ला, विकास शुक्ला और मनीष शुक्ला ने उपकेंद्र की जमीन को अपने नाम दर्ज कराया।इसके



बाद उन्होंने यह जमीन पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पीयूष मिश्रा,भाजपा नेता अनिरुद्ध कुमार मि श्रा और विशाल मार्ट के मालिक विशाल कुमार गुप्ता को बैनामा कर दी।वही जेई का कहना है कि बैनामा करने वालों ने खुद को जमीन का मालिक और काबिज बताया है,जबकि हकी कत में यह जमीन पूरी तरह विद्युत विभाग के कब्जे में है।उन्होंने बताया कि वर्तमान में इसी जमीन पर विद्युत उपकेंद्र और कर्मचारियों के आवास बने हुए हैं।विकास कुमार सिंह ने चेता वनी दी कि अगर यह लोग जमीन पर कब्जा क रने में सफल हुए,तो मसकनवा क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो जाएगी।इससे लाखों उपभो क्ताओं को परेशानी होगी और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ सकती है।उन्होंने कू टरचित दस्तावेजों की जांच कर दोषियों के खि लाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।पु लिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।छपिया एसओ ने बताया कि मामले की गह राई से पड़ताल की जा रही है।

**बीजेपी नेताओं ने लगाए आरोपों को खारिज**

वहीं आरोपित बीजेपी नेताओं ने जेई के आरो पों को निराधार और फर्जी बताया है।उनका क हना है कि उन्होंने जमीन वैध तरीके से असली मालिक से खरीदी है। उनके मुताबिक, बिजली विभाग के पास जमीन के स्वामित्व से जुड़े को ई कागजात नहीं हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा गलत दावा किया जा रहा है और वे कानू नी रूप से इस विवाद का सामना करेंगे।

# नो वेंडिंग जोन का बोर्ड, फिर भी सज है रही दुकानें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । शहर में गुरु नानक चौराहे से लेकर गुड्डू मल चौराहे तक गोण्डा नगर पालिका परिषद ने नो वेंडिंग जोन घोषित कर इस जगह पर बोर्ड लगाया था और इस जगह पर किसी भी प्रकार की दुकान संचालित नहीं करने के निर्देश दुका न संचालकों को दिए थे। इस जगह पर दुकान संचालित या फल वालो का ठेला आदि का प सरा लगाने पर चालान की कार्रवाई करने की चेतावानी नगरपालिका ने दी थी। हालाकि कुछ समय तक लोगों ने इसका पालन किया,लेकिन अब फिर से इस जगह पर दुकानें लगाई जा र ही है। साथ यहां पर उल्टा सीधा करके लोग अपनी गाड़ियों को पार्किंग कर रहे हैं,जिससे कि आए दिन जिला महिला अस्पताल को आने

जाने वाली एंबुलेंस भी जम के




जाम के झाम में

फसी रहती है। शहर में बढ़ती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगभग दो वर्ष पूर्व जि ला स्तरीय समिति के द्वारा शहर में ऐसी जगह को चिन्हांकित किया गया था। जहां किसी भी प्रकार की अस्थाई दुकान लगाए जाने पर जाम

और दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।चिन्हां कित जगह को नगरपालिका ने नो वेंडिंग जोन घोषित कर दिया था। नो वेंडिंग जोन घोषित करते हुए नगर पालिका परिषद के द्वारा इन जगहों पर बोर्ड लगाने के साथ ही इन जगहों पर दुकान संचालित कर रहे लोगों को समझा इश दी गई थी कि वे इन जगहों पर ठेला, खोम चा या अस्थाई दुकान संचालित न करें। चालान की चेतावनी भी दी गई थी। जिसके बाद कुछ समय तक यहां दुकानें नहीं लगाई जा रही है।

जिला महिला अस्पताल या चौक जाने के मार्ग पर शाम होते ही कई ठेले वाले सड़क की पटरी तक पहुंच जाते हैं जिसके कारण आवागमन में दिक्कत हो रही,साथ ही दुर्घटना की संभावना भी बनी हुई है।

# अवैध पैथोलॉजी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर पर, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से जिले भर में मृत्यु दर बढ़ी हैं।जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज,मनकापुर, गोण्डा सदर तहसील और तरबगंज तहसील क्षेत्र में क्षेत्र में झोला छाप डॉक्टरों द्वारा अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है और अवैध पैथोलॉजी पर बिना किसी सक्षम डॉक्टर के जांच की रिपोर्टिंग की जा रही है यहां तक की परसपुर, बेलसंर, तरबगंज, मनकापुर,कर्नलगंज तहसील के सामने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने कुछ पैथोलॉजी और डायग्नोस्टिक सेंटर जो की स्वास्थ्य विभाग द्वारा रजिस्टर्ड है फिर भी वहां पर मात्र डीएमएलटी के द्वारा जांच कर रिपोर्टिंग कर दी जा रही और एमबीबीएस डॉक्टर का नाम मात्र दिखावा के लिए है।किसी भी पैथोलॉजी पर एमबीबीएस डॉक्टर कभी भी उपलब्ध नहीं मिलता केवल उसके नाम से रिपोर्टिंग की जा रही है जो की मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और मरीज के साथ अवैध वसूली की जा रही है।यही नहीं डायग्नोसिस सेंटरों पर भी बिना सक्षम डॉक्टर की उपस्थित होने के बावजूद भी अल्ट्रासाउंड एवं अन्य जांच की जा रही हैं जबकि अल्ट्रा




साउंड केंद्रों पर रेडियोलॉजिस्ट का होना आवश्यक है।परसपुर बजार में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के करीब दो अल्ट्रासाउंड केंद्र हैं परंतु मौके पर किसी पर भी कोई रेडियो लॉजिस्ट नहीं बैठता है।यहां तक की बहु चर्चित है।वही कर्नलगंज बाजार तहसील के सामने और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास चार से पांच अल्ट्रा साउंड केंद्र डायग्नोस्टिक सेंटर पर भी दूर-दूर तक कहीं रेडियोलॉजिस्ट की उपस्थिति नहीं दिखती है,जिससे मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है और उनकी जेबों पर डकैती डालने का काम किया जा रहा है।यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी एवं अधिकारियों को क्या यह बड़ा-बड़ा लगा हुआ पोस्टर और होल्डिंग नहीं दिख रही है अथवा देखना ही नहीं चाहते।यह कहावत पूर्ण रूप से साकार होती है कि दीपक तले अंधेरा,स्वास्थ्य टीम शहर से लेकर कस्बे से होती हुई हमेशा गुजरती है परंतु शहर और कस्बे में ही तमाम अवैध क्लीनिक,अवैध पैथोलॉजी और अवैध डायग्नोसिस सेंटर चल रहे हैं और झोलाछाप डॉक्टरों के बदौलत क्लिनिक चलाई जा रही है।जहां पर हमेशा मरीज के जीवन को खतरा बना रहता है और उनके जेब पर खुलेआम डकैती डाली जा रही है। विचारणीय प्रश्न या उठता है कि क्या जिलें की सीएमओ और एडिशनल सीएमओ और स्वास्थ्य टीम के द्वारा इस प्रकार के अवैध हॉस्पिटलों पैथोलॉजी डायग्नोसिस सेंट्रो पर कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है क्या यह उनकी सह पर फल - फूल रहे हैं।यदि ऐसा है तो जिलाधिकारी गोण्डा के आदेश पर जांच प्रक्रिया मात्र दिखावा ही है,यदि गहन जांच प्रक्रिया की जाए तो आम जनमानस के जीवन के साथ खिलवाड़ और उनकी जेब पर डाली जा रही डकैती पर प्रतिबंध लग सकेगी और झोलाछाप डॉक्टरों के द्वारा आए दिन की जा रही धनउगाही पर प्रतिबंध लग सकती है।शहर में कई ऐसे बहुचर्चित डायग्नोस्टिक सेंटर चल रहे हैं जिनके पास डॉक्टर की तो बड़ी-बड़ी डिग्री बड़े-बड़े बोर्ड लगे हुए हैं लेकिन उनके पास डॉक्टर की उपस्थिति नहीं रहती है।मरीज को गलत रिपोर्ट दी जाती है।शहर से हटकर यदि देखा जाए तो परसपुर और कर्नलगंज में कई बहुचर्चित झोलाछाप डॉक्टर मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ करते हुए धन उगाही का कार्य कर रहे है,कर्नलगंज बाजार में हर गली चौराहे पर झोलाछाप डॉक्टर धड़ले से मरीज के जीवन के साथ खिलवाड़ करते हुए धनउगाही का कार्य कर रहे हैं और स्वास्थ्य विभाग की टीम कुंभकरणी नींद में मस्त है।सूत्रों की यदि माने तो यह भी प्रकाश में आया हुआ है कि तमाम ऐसे सेंटर गोपनीय ढंग से चलाए जा रहे हैं।जहां पर मात्र भ्रूण हत्या का ही कार्य किया जा रहा है और वहां पर कोई भी इलाज न करते हुए मात्र धन उगाही का कार्य किया जा रहा है।सूत्रों के अनुसार यह जानकारी मिली है की कर्नलगंज बाजार में कई ऐसे नर्सिंग होम चल रहे हैं जहाँ पर भ्रूण हत्या का ही कार्य किया जा रहा है।इस पर स्वास्थ्य विभाग की टीम की नजर नहीं पड़ रही है यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर उस केंद्र में ऐसा क्या है कि किसी भी स्वास्थ्य विभाग की टीम की नजर उस पर नहीं पड़ रही है।कौन सा ऐसा नर्सिंग होम है जहाँ यह खेल खेला जा रहा है।

# रानीपुर बनकटी व बनकटवा में मिशन शक्ति कार्यक्रम से गूंजा सशक्तिकरण का संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को लेकर मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना कोतवाली नानपारा क्षेत्र के रानीपुर बनकटी एवं ग्राम बनकटवा में पुलिस टीम द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम ने बताया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या आपात स्थिति में तुरंत पुलिस हेल्पलाइन 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला सहायता हेल्पलाइन) या 112 (आपातकालीन सेवा नंबर) पर संपर्क करें – जहां तुरंत सहायता उपलब्ध होती है। टीम ने ग्रामीण महिलाओं को यह भी बताया कि समाज में महिला सुरक्षा को लेकर प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है और किसी भी गलत व्यवहार या उत्पीड़न की घटना पर चुप न रहें, तुरंत रिपोर्ट करें। इस अवसर पर उपनिरीक्षक राजेश्वर सिंह, ममता सिंह यादव, काजल वर्मा, मुख्य आरक्षी दयानंद यादव, संगीता राय, गिरजा आर्य, तथा आरक्षी मानसी सिंह और रीता यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में मौजूद पुलिस टीम ने ग्रामीणों से संवाद कर महिला सुरक्षा के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने का आह्वान किया और बेटियों को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

# भारत विकास परिषद नानपारा की नवगठित कार्यकारिणी ने ली सेवा का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। सामाजिक सेवा और संस्कारों के प्रति समर्पित संस्था भारत विकास परिषद की महात्मा बुद्ध शाखा नानपारा का दायित्व ग्रहण समारोह उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में नैमिष प्रांत के क्षेत्रीय अधिकारी, बहराइच शाखा के पदाधिकारी तथा नगर के सम्मानित गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। तत्पश्चात नानपारा शाखा के नवनियुक्त अध्यक्ष धर्मेंद्रकांत श्रीवास्तव, सचिव उमेश चंद्र शाह एवं कोषाध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव ने अपने पद की शपथ ग्रहण की। मार्गदर्शक मंडल में शामिल सुरेश चंद्र शाह, प्रेम नाथ मिश्रा, तथा विभिन्न गतिविधियों के संयोजक मनोज तिवारी (संपर्क), नीरज शर्मा (संस्कार), अनुराग श्रीवास्तव (पर्यावरण), श्वेता सिंह (महिला) ने भी शपथ ली। इसके साथ ही सदस्य अभिलाष श्रीवास्तव, आदर्श त्रिपाठी, अजय अग्रवाल, संत बहादुर वर्मा, राघवेंद्र



सिंह, शशि शेखर त्रिपाठी, गगन श्रीवास्तव, विनोद सिंघानिया, पंकज सिंह, डॉ. अशोक गुप्ता, श्रीमती गीता कांत श्रीवास्तव एवं दीपक श्रीवास्तव को भी दायित्व सौंपा गया। समारोह की शोभा बढ़ाई पूर्व प्राचार्या डॉ. वीरांगना कांत श्रीवास्तव, शोभा जायसवाल, भव्य गुप्ता सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने। इस अवसर पर राष्ट्रीय सदस्य संपर्क नरेश जी ने भारत विकास परिषद के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला, वहीं प्रांतीय महासचिव डॉ. प्रदीप कुमार गुप्ता ने नानपारा शाखा को सेवा कार्यों में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। प्रांतीय उपाध्यक्ष राकेश दोचानिया ने परिषद के पाँच सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बहराइच से आए पदाधिकारियों में अजय ड्रोलिया (जिला समन्वयक), जेपी सक्सेना (प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख), बैजनाथ रस्तोगी (प्रांतीय संगठन सचिव), राजेश गोयल (अध्यक्ष बहराइच), सत्येंद्र निगम (सचिव बहराइच) तथा प्रियंका रावत (महिला सहभागिता) की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अनुराग श्रीवास्तव ने किया, जबकि समापन महात्मा बुद्ध शाखा के सचिव उमेश चंद्र शाह द्वारा किया गया।

## सीएम योगी सनातन का भविष्य उज्जवल कर रहे,महंत मिथिलेशनाथ योगी



गोंडा । जिले में देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथिलेश नाथ योगी ने एक निजी शोरूम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने भारत को हिंदू राष्ट्र बताया और कहा कि यह पहले से ही हिंदू राष्ट्र है और आगे भी रहेगा महंत मिथिलेश नाथ योगी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के कार्यों की सराहना की है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सनातन धर्म के भविष्य को उज्ज वल कर रहे हैं और उनके प्रयासों पर सभी को गर्व होना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि सना तन धर्म को तोड़ने के लिए समाज में फैली वि कृतियों पर सरकारें ध्यान दे रही हैं और उन्हें उजागर करने के लिए काम कर रही हैं, जिससे सनातन को कोई क्षति नहीं पहुंच पाएगी।सिर तन से जुदा' के सवाल पर महंत योगी ने कहा कि यह किसी भी धर्म का हिस्सा नहीं है और ऐसा नहीं होना चाहिए।उन्होंने ऐसे कृत्यों को बेकार बताया और कहा कि ऐसी मानसिकता वाले लोगों की हमेशा निंदा की जानी चाहिए।महाराष्ट्र से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मिली धमकियों पर उन्होंने कहा कि ऐसे धमकी देने वाले बहुत लोग हैं और उन पर कार्रवाई भी होती है।उन्होंने जोर दिया कि किसी को भी अपमानित नहीं करना चाहिए।योगी जी जैसे धर्मगुरु के खिलाफ ऐसे बयान निंदनीय हैं। जि न पर कार्रवाई होनी चाहिए।महंत योगी ने राम राज की परिभाषा बताते हुए कहा कि इसमें बहन-बेटियां, व्यापारी और आम जनता सुर क्षित होती है।

## मथुरा : आरएसएस ने संचलन निकाल किया शौर्य का प्रदर्शन

मथुरा । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मथुरा महानगर में विजयादशमी उत्सवों की श्रृंखला में रविवार को महानगर के सभी मुख्य मार्गों एवं अनेक कॉलोनियों में पथ संचलन निकाला गया। संघ की महानगर इकाई ने तय किया था कि इस वर्ष चूंकि संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष है, अतः प्रत्येक बस्ती एवं शाखा पर यह विजयादशमी उत्सव मनाया जाएगा। इसी श्रृंखला में दशहरे के दिन से प्रारंभ हुए उत्सवों के क्रम में आज रविवार के चलते 41 शाखाओं पर विजयादशमी का उत्सव मनाया गया एवं पथसंचलन निकाला गया। शहर के सभी मुख्य मार्गों जैसे वृंदावन मसानी मार्ग, होलीगेट बाजार क्षेत्र, सदर बाजार मार्ग, धौलीप्याऊ चंद्रपुरी मार्ग, बीएसए कॉलेज मार्ग, कृष्णा राधा नगर मार्ग, गणेशरा गोवर्धन चौराहा, गोकुल महावन, लक्ष्मी नगर यमुना पार मार्ग आदि मार्गों पर विशाल पथ संचलन निकाले गए। शहर की कई कॉलोनियों जैसे कुसुम वाटिका, चंद्रपुरी, गोविंद नगर, डैंपियर आनंदलोक, तत्वदर्शी वाटिका आदि जगहों पर भी संचलन निकाले गए। संचलन में आगे बाल स्वयंसेवकों की वाहिनी और उसके पीछे बड़ी आयु के स्वयंसेवकों की वाहिनी के साथ सबसे पीछे घोष का गण चल रहा था, जिसकी धुन पर सभी स्वयंसेवक कदम सैकड़ों मिलाकर चल रहे थे। संचलन से पहले हुए उत्सवों के बौद्धिक में बोलते हुए बौद्धिक कर्ताओं ने बताया कि पथसंचलन शौर्य एवं शक्ति का प्रतीक है यह जिस भी मार्ग या बस्ती से गुजरता है उस बस्ती में रहनेवाले निवासियों को अपनी सुरक्षा एवं संरक्षा का आश्वासन स्वतः हो जाता है, कि संघ है तो निश्चिंतता है। जब दण्डधारी स्वयं सेवक सैकड़ों की संख्या में किसी मार्ग या कॉलोनी से होकर जाता है, वहां रहने वाली दुर्जन शक्ति स्वयं क्षीण पड़ जाती है एवं सज्जन शक्ति का आत्मविश्वास बढ़ जाता है। दूसरी ओर संचलन कर रहे स्वयंसेवकों को जब आपस में कदम मिलाने का स्वभाव हो जाता है तो धीरे धीरे कदम मिलते हुए मन मिलाने का स्वभाव भी अपने आप हो ही जाता है, ऐसा संघ की कार्य पद्धति में रहा है। एक कार्यक्रम में महानगर सह कार्यवाह श्रीओम ने बताया कि इन संचलनों की तैयारी कोई महीना भर पूर्व से हो रही थी, जिसमें स्वयंसेवक 1 महीने से घर जा जा जाकर अन्य बंधुओं के गणवेश पूरे करा रहे थे, उसके बाद शाखाओं पर भी बीते पिछले पखवाड़े से संचलन के लिए कदम मिलने का अभ्यास चल रहा था उसी का सुखद परिणाम है कि आज पूरे मथुरा महानगर में सफल संचलनों का आयोजन हो पाया है।

## कच्चा मकान ढहने से एक की मौत, चार घायल

फ़तेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में रविवार दोपहर बाद एक कच्चा मकान ढहने से एक ही परिवार के पांच लोग मलबे में दब गए। चीख पुकार सुनकर पड़ोसी लोग दौड़ कर बचाव अभियान शुरू किया गया । तब तक एक व्यक्ति की मौत हो गई । जबकि चार लोग घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ललौली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत तपनी गोझ गांव निवासी हीरालाल पुत्र स्व नन्नू कोरी अपने पूरे परिवार के साथ घर में थे। अचानक कच्चा मकान बारिश के कारण भरभरा कर गिर गया। मकान ढहने से हीरालाल (55), पुत्र योगेंद्र(18), पुत्रियान चुनकी (25) व ननकी (22)व मां सुखरानी(70) दबकर घायल हो गए । वहीं अस्पताल में हीरालाल की मौत हो गई। मौके पर पहुंचे सीओ जाफरगंज ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# वन्य जीव हमले में मृतक वृद्ध दम्पत्ति के घर पहुंचे प्रभारी मंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रदेश के मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच सूर्य प्रताप शाही ने जनपद भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व अन्य अधिकारियों के साथ विकास खण्ड फखरपुर अन्तर्गत जीव प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उच्चापाही (भिरगूपुरवा), ग्राम मझारा तौकली पहुंच कर पिछले दिनों वन्य जीव हमले में मृतक छेद्दन पुत्र स्व. जनार्दन व श्रीमती मुनकिया पत्नी छेद्दन के घर जाकर मृतक दम्पत्ति के पुत्र झब्बर व ओमप्रकाश से भेंट कर हार्दिक सांत्वना व्यक्त की तथा अनुमन्य अहेतुक सहायता (प्रति मृतक रू. पांच-पांच लाख) का स्वीकृति पत्र भेंट किया। प्रभारी मंत्री ने कहा की इस दुख की घड़ी में प्रदेश सरकार आपके साथ है। प्रभावित परिवारों को



सरकार द्वारा अनुमन्य हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने पंचायत भवन मंझारा तौकली में संचालित किये जा रहे अस्थायी स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं तथा एण्टी रेबीज़ इंजेक्शन की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रभारी मंत्री ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि ग्रामवासियों के स्वास्थ्य का परीक्षण कराकर औषधि का वितरण कराया जाय। प्रभारी मंत्री श्री शाही ने प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव से हिसंक वन्यजीवों के रेस्क्यू के सम्बन्ध में संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि प्रभारी कार्यवाही करते हुए प्रभावित ग्रामों को हिंसक वन्यजीवों की समस्या से मुक्त कराया जाय। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख मुन्ना व विधानसभा संयोजक गौरव वर्मा, उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर, तहसीलदार मीना गौड़, उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सुबेदार यादव, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर प्रतीक सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# कैसरगंज कोतवाली की महिला आरक्षियों ने चलाया मिशन शक्ति अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैसरगंज बहराइच। कैसरगंज कोतवाली के द्वारा मिशन शक्ति के तहत ग्राम महीपतपुरवा में जागरूकता कार्यक्रम का पंडाल लगाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई महिला आरक्षी दीपिका त्रिवेदी ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी सब इंस्पेक्टर आशा वर्मा ने महिलाओं को जागरुक करते हुए कहा कि कोई भी महिला कभी भी कहीं भी जा सकती है आने जाने में महिलाओं को किसी भी तरीके का संकोच नहीं करना चाहिए उनकी मदद के लिए पुलिस हमेशा मुस्तैद है रास्ते में आने जाने पर या बाजार में कहीं भी गंदे विचारधारा वाले व्यक्तियों द्वारा कोई शरारती हरकत की जाती है तो उन्हें अपने मन में न रख कर बल्कि तत्काल प्रभाव से बीट महिला अधिकारी या वीमेन हेल्पलाइन नंबर 1076 112 1098 आदि सरकारी नंबरों का तत्काल इस्तेमाल करें और हम पुलिस वालों को तुरंत सूचना दें ताकि समाज में गंदे विचारधारा वाले व्यक्तियों के ऊपर दंडात्मक एवं कठोर कार्रवाई की जा सके जिससे हम एक अच्छे समाज का निर्माण कर सके इस मौके पर महिला आरक्षी आरती यादव महिला आरक्षी पप्पी चौधरी महिला आरक्षी दीपिका त्रिवेदी आदि महिला आरक्षी मौजूद रही।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने मण्डी पहुंच जाना किसानों का हाल व्यवस्थाओ का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा अपने जन-हितैषी कार्यों से निरंतर चर्चा में रहते हैं धर्म, समुदाय या वर्ग कोई भी हो हर तबके के लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनना, उनके सुख-दुख में शामिल होना यह उनके स्वभाव का हिस्सा बन चुका है हाल ही में धान क्रय सत्र शुरू होते ही प्रफुल्ल मिश्रा को किसान भाइयों की चिंता हुई वे पूरनपुर मंडी पहुंचे,जहाँ उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और धान की खरीद, मूल्य व गुणवत्ता को लेकर चर्चा की साथ ही मंडी की व्यवस्थाओं का भी बारीकी से निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जब उन्हें पता चला कि वहाँ का एक नल खराब है,तो उन्होंने तुरंत नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता को इस समस्या से अवगत कराया चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने भी तत्परता दिखाते हुए मात्र एक घंटे के भीतर अपनी टीम को मौके पर भेजा,और अगले ही दिन नई बोरिंग कराकर नल लगवाया गया इस जनसरोकारपूर्ण त्वरित कार्यवाही के लिए जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता का आभार व्यक्त किया।यह पहल न केवल जनता के प्रति उनकी भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि जब जनसेवा का उद्देश्य सच्चा हो, तो प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर हर समस्या का समाधान कर सकते हैं पूरनपुर में इस कार्य की सर्वत्र सराहना हो रही है।

# अमेठी में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का हुआ शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारम्भ जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित संयुक्त चिकित्सालय परिसर से किया गया। अभियान का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि एवं जिलाधिकारी संजय चौहान ने संयुक्त रूप से रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना कर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बद्री प्रसाद अग्रवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामप्रसाद, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.के. उपाध्याय, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रदीप तिवारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी गौरीगंज डॉ. सौरभ, सहायक मलेरिया अधिकारी सुशील कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद गौरीगंज, पंचायतीराज विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से वेक्टर जनित रोगों के वाहकों के नियंत्रण में प्रयोग की जाने वाली फॉगिंग मशीन एवं एंटी-लार्वल मशीनों का प्रदर्शन किया गया। इस अभियान में कुल एक दर्जन विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, जिनमें प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, पंचायतीराज विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा एवं कृषि विभाग शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा व एएनएम कार्यकत्रियों के माध्यम से घर-घर भ्रमण कर बुखार, आईएलआई एवं क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की पहचान, मच्छरों से बचाव की जानकारी प्रदान करने तथा वेक्टर सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत द्वारा नालियों की सफाई, लार्वानाशी छिड़काव, कूड़ा निस्तारण एवं फॉगिंग का कार्य किया जाएगा। कृषि विभाग द्वारा अनावश्यक जलभराव की स्थिति की समाप्ति, जबकि पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा खुले में शौच से मुक्ति, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, हैंडपंप प्लेटफॉर्म की मरम्मत, नालियों की सफाई व पर्यावरणीय स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों की पहचान, उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) भेजने एवं उचित पोषाहार उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा। यह अभियान पांच अक्टूबर से इकतीस अक्टूबर तक चलेगा, जिसका उद्देश्य जन-जागरूकता के माध्यम से संचारी रोगों की रोकथाम, स्वच्छता संवर्धन एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है।

# अमहट में मेघावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। हुसैनी शिया वेलफ़ेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष हैदर अब्बास खान की अध्यक्षता में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी तौहीदुल मुस्लिमीन ट्रस्ट लखनऊ द्वारा संचालित परीक्षा में सुलतानपुर के 114छात्र छात्राओं को फार्म भरवाया गया था जिसमें 89 छात्र छात्राओं ने भाग लिया था जिसमें 12ने जनपद टाप किया उनको सम्मानित करने के लिए शनिवार को शाम 4बजे हुसैनिया नौतामीर अमहट में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना मुशीर अब्बास खान मुख्य अतिथि मौलाना आसिफ नकवी व मौलाना डाक्टर शेर हैदर खां रहे। इस प्रोग्राम में मोहम्मद अमन ,फ़ज़ल अब्बास खान, एहतेशाम खां, सादेका बुतूल खां, जजीबा असकरी , कुदसिया जहरा, बसीरत जहरा, मारफा जैनब, समन जहरा, रुबा जैनब, कमर अब्बास खान, अली रजा कासिम को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में लखनऊ से आए मेहमान अमीर अहमद जयदी ज्वाइन्ट कमिश्नर सेलटेक्स लखनऊ रिजवान रिजवी लखनऊ कमर अब्बास रिजवी लखनऊ के अलावा मोहम्मद सकलैन, हसन अब्दुल कासिम, एम एच खान गौरी ,मजाहिर सुलतानपुरी, सुलतान सुलतानपुरी, जरगाम सुलतानपुरी मौलाना मोहम्मद जाफर खान मौलाना कल्बे अब्बास खान, मौलाना तौसीफ खान, मौलाना फकीह हैदर मौलाना जीशान हैदर डाक्टर हादी रजा कायम मेंहदी चॉद मजहर हुसैन नकी अब्बास अलमदार हुसैन गुलाब अब्बास अकबर अली जाने हैदर अली रजा एडवोकेट नजमुल हसन शबाब हैदर फहीम अब्बास सदाकत हुसैन शरफ अली सज्जाद हुसैन भी शामिल हुए।

## टैक्स की जटिलताओं से मोदी ने दिलाया छुटकाराः विनोद सिंह

सुलतानपुर। सुलतानपुर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यापारियों को टैक्स की जटिलताओं से मुक्त करने के लिए वस्तु एवं सेवा कर (ळैज) की शुरुआत की। केंद्र सरकार ने टैक्स व्यवस्था में और सुधार लाने के उद्देश्य से 22 सितंबर को जीएसटी रिफॉर्म लागू किया, जिससे व्यापार जगत को नई दिशा मिली है। विधायक श्री सिंह रविवार को क्षत्रिय भवन में भाजपा द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष मनीष कपूर थे। विनोद सिंह ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर व्यापारिक दबाव बनाने के लिए 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, लेकिन मोदी सरकार ने साहसिक निर्णय लेते हुए जीएसटी रिफॉर्म लागू किया। इससे न केवल व्यापारियों को राहत मिली, बल्कि आम जनता को भी प्रत्यक्ष लाभ हुआ है। उन्होंने बताया कि जीएसटी दरें घटने से आम लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है और 400 से अधिक वस्तुओं एवं सेवाओं पर टैक्स कम किया गया है, जिससे उनके दामों में कमी आई है।

# श्रीमद भागवत कथा में श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुन भक्त हुये भाव विभोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । क्षेत्र के कस्बा सेमरौता स्थित सेमरौता पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में अयोध्या धाम में पधारे स्वामी हरिनारणाचार्य जी महाराज ने रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। भगवान के विवाह की कथा सुन श्रोतागण भाव विभोर हो गये। कथा वाचक स्वामी हरिनारायणचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रशंसा सुन कर रुक्मिणी भगवान से प्रेम करने लगी थी।दूसरी ओर अपनी लक्ष्मीस्वरूपा पुत्री रुक्मिणी की शादी के लिये भीष्मक भी चिंतित थे।रुक्मिणी के भाई ने अपनी बहन के लिये वर के रूप में शिशुपाल को चुना था। रुक्मिणी इस बात का सन्देशा कृष्ण तक पहुंचाया और अपना मंतव्य जाहिर किया। शादी के दिन कृष्ण ने देवी पूजन को जा रही रुक्मिणी को अपनी रथ पर बैठा लिया और चल दिये।इस बात की जानकारी होने पर रुक्मी और कृष्ण के बीच युद्ध होता है जिसके पश्चात भगवान कृष्ण और रुक्मिणी का विधि विधान से विवाह संपन्न होता है।कथा पंडाल में रुक्मिणी हरण और विवाह का दृश्य मन को मोहने वाला था। भगवान की शादी में सभी भक्त गण शरीक हुये और भगवान की पूजा अर्चना की।पण्डाल में महिलाओं ने भक्ति विवाह गीत भी गाये।यजमान सुंदर लाल शुक्ला व आशा शुक्ला ने पूरे परिवार के साथ कन्यादान करते हुये पूरे विधि विधान के साथ पूजन किया।इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य कर्ण कुमार बाजपेयी, आशीष मिश्रा, राम किशोर शुक्ला, चंद्र किशोर शुक्ला, घनश्याम तिवारी, संतोष कुमार मिश्रा,घिसियावन यादव, पारस नाथ मिश्रा, विनीत कुमार मिश्रा, संजीव कुमार शुक्ला, मनीष सिंह चौहान,अनुराग शुक्ला, अनामिका अवस्थी, कामिनी, नीलम, रागिनी बाजपेई, कनिका शुक्ला,वंदिता शुक्ला सहित हजारों की संख्या में भक्तों ने कथा श्रवण किया।

## जगदीशपुर में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से युवती की मौत

अमेठी । थाना जगदीशपुर क्षेत्र के गांव मुबारकपुर के पास रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे एक बीस वर्षीय युवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे गौहर मजरे गडरिया डीह निवासी अली आलम पुत्र मुमताज अहमद अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 एन 7918 से अपने रिश्तेदार सबनूर बानो पुत्री मोहम्मद जहीर निवासी महदीपुर मजरा देवकली थाना जगदीशपुर को लेकर रायबरेली रोड से जायस की ओर जा रहे थे। वह गांव मुबारकपुर के पास पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रहा एक तेज रफ्तार अज्ञात डंपर बाइक से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सड़क किनारे जाघटना की गिरी और सबनूर बानो की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद डंपर चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना जगदीशपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी जगदीशपुर भेजा जहां अली आलम का प्राथमिक उपचार किया गया।

## डीएम के आदेश के बावजूद किसान के विक्री धान मूल्य मे कटौती की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिकास खंड की ग्राम पिपरिया मझरा के रहने वाले किसान कुलवंत सिंह ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र मे शहर के जाने माने राइसमिलर्स गम्भीर आरोप लगाये है किसान कुलवंत सिंह का कहना है अपने धान की बिक्री के लिए घुंघचिहाई रोड राइस मिल पहुंचा वहां उसके धान का मूल्य 1800 प्रति क्विंटल तय हुआ उसके धान का कुल वजन 27 क्विंटल 20 किलो था उसके हिसाब से 48,960 रुपये बनता है जिसके बदले 44,143 रुपये दिये जा रहे थे जिसका विरोध करने पर कर्मचारियों और मिल मालिक ने उनके साथ अभद्रता की जिसकी सूचना पर किसान नेता वहां इकट्ठे हो गए शिकायती पत्र में किसान ने राइस मिल मालिक पर मुकदमा दर्ज करने और रुपये दिलाने की गुहार लगाई है वही किसानों का कहना है कि धान मिल मालिक किसानों से 2 किलो कर्दा, 20 रुपये पल्लेदारी, 50 रुपये धर्मकाँटा और सीडी के नाम पर 2 प्रतिशत तक की अवैध कटौती कर रहे हैं किसान पहले से ही खाद, बीज, दवाइयों और सिंचाई के कर्ज से दबे हैं।ऊपर से इस तरह की मनमानी से उनकी स्थिति और बदतर हो रही है। भाकियू ने मांग की है कि किसानों को इन अवैध वसूली से निजात दिलाई जाए और पारदर्शी तरीके से धान की खरीद कराई जाए वही कुछ दिन पूर्व डीएम ने दिए धान खरीद में कटौती पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये थे डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने राइस मिलर्स और निजी खरीद स्थलों को धान खरीद में किसी भी तरह की कटौती पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं मंडी सचिव सर्वेश शुक्ला ने सभी मिलर्स और आढ़ितयों को मिल गेट पर ''कोई कटौती नहीं होगी'' का बैनर या फ्लेक्स लगाने का आदेश दिया है।

## धान की आवक शुरू होते ही डिप्टी आरएमओ ने क्रय केंद्रों का निरीक्षण कर अव्यवस्थाएं को देख लगाई फटकार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। किसानो का समर्थन मूल्य योजना के तहत धान खरीदने के लिए मंडी में यूपीएसएस,एफसीआई,आरएफसी, पीसीयू आदि संस्थाओं के क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं अक्टूबर के पहले हफ्ते से ही धान खरीद करने के लिए क्रय केंद्र स्थापित कर दिये जाते हैं वही क्रय केंद्र आधी अधूरी व्यवस्थाओं के साथ खोल दिए गये केंद्र प्रभारियों ने आवंटित शेड पर अपने बैनर स्थापित न कर दूसरी स्थानों पर लगा दिए डिप्टी आरएमओ विजय कुमार शुक्ला ने निरीक्षण किया जिसमे क्रय केंद्रों पर उन्हें खाली बैनर लगे मिले न बैठने के लिए कोई व्यवस्था थी वहीं एक इंचार्ज ने गोदाम का ताला तोड़ वहा सेंटर स्थापित कर दिया डिप्टी आरएमओ ने सचिव को क्रय केंद्र प्रभारी पर एफआईआर कराने के निर्देश दिये आधी अधूरी व्यवस्था के बीच धान खरीद शुरू हो गई है धान कटाई शुरू होने के साथ मंडी में आवक भी शुरू हो गई है। शनिवार तक लगभग सैकड़ों कुंटल धान मंडी में देखा गया। नमी होने के चलते खरीद शुरू नहीं हो सकी। इस पर किसान अपना धान परिसर में ही सुखाते देखे गए हैं केंद्रों पर व्यवस्थाएं ना होने से किसान परेशान नजर आये क्षेत्रीय विपणन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया पूरनपुर और कालीनगर तहसील क्षेत्र में 42 केंद्रों पर पारदर्शिता से धान खरीद होगी किसानों से साफ सुथरा और सूखा धान लाने को कहा गया है। खरीद में लापरवाही बरतने पर खिलाफ कार्रवाई होगी

## राजापुर में युवक का शव पेड़ से लटकता मिला

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के गांव राजापुर में रविवार को एक नवयुवक का शव गांव के किनारे बाग में पेड़ से लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव राजापुर हलीम निवासी धर्मेन्द्र कुमार यादव उम्र पैंतीस वर्ष पुत्र माताफ़ेर यादव का संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर बाग में पेड़ में शव लटका हुआ मिला। रविवार की सुबह जब गांव वाले शौच के लिये गांव के बाहर निकले तब घटना की जानकारी हुई।गांव वालों ने घटना की सूचना परिजनों और पुलिस को दी।बताते चले कि मृतक के दो बहनों के बीच अकेला था।बहनों की शादी काफी पहले हो गई थी। धर्मेन्द्र की शादी पास के ही गांव पूरे बाबू मजरे अकबरपुर फर्शी से हुई थी।मृतक धर्मेंद्र के एक दस वर्षीय पुत्र एवं दो पांच वर्षीय जुड़वां बेटियां हैं। मृतक की पत्नी इन दिनों मायके और माता पिता पड़ोस के गांव में रहते थे वह घर पर अकेला था जिसका रविवार की सुबह गांव के बाहर शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# अमिलिया कला में पहली बार 101 कन्याओं का पूजन व महाभंडारा आयोजित

**कन्या पूजन के साथ भक्तों ने लिया मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर पूरे जनपद में मां दुर्गा के भक्तिभाव से ओतप्रोत कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में कोतवाली नगर क्षेत्र के अमिलिया कला गांव स्थित मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर प्रांगण में शनिवार को भव्य कन्या पूजन एवं महाभंडारे का आयोजन किया गया।

गांव के समाजसेवी संतोष सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी के सान्निध्य में हुए इस आयोजन में पहली बार एक साथ 101 कन्याओं का पूजन किया गया। मां के जयकारों के बीच कन्याओं का चरण पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। कार्यक्रम के दौरान गांव के पुजारी ने बताया कि मां विंध्यवासिनी पूजा समिति द्वारा नवरात्र में प्रतिवर्ष विशेष आयोजन किए जाते हैं, जिनमें कन्या पूजन का यह कार्यक्रम विशेष महत्व रखता है। इस वर्ष नवरात्र पर माता रानी के जागरण व जगराते का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के भक्तों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अमिलिया कला ग्राम सभा में हुए इस ऐतिहासिक आयोजन में आसपास के गांवों से भी भारी संख्या में भक्त पहुंचे। भक्तों ने मां विंध्यवासिनी के दरबार में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया और महाभंडारे के प्रसाद का लाभ उठाया मां विंध्यवासिनी के जयकारों से गुंजायमान हुआ पूरा गांव, श्रद्धा और भक्ति का रहा अद्‌भुत संगम।

# मां दुर्गा के दर्शन कर दिया 'शांति और विकास' का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। सुल्तानपुर विधायक और पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने शनिवार की शाम शहर में दुर्गा पूजा महोत्सव में भ्रमण कर माता दुर्गा का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने देवी पांडालों में दर्शन पूजन कर लोक कल्याण की कामना की। लोगों से मुलाकात की और पूजा समितियों के आयोजकों से व्यवस्था की जानकारी ली। विश्व का अनूठा कहे जाने वाले इस महोत्सव में सुल्तानपुर सहित आसपास के जिलों के लाखों श्रद्धालु देवी प्रतिमाओं के दर्शन करने आते हैं। पूरा शहर इस समय रंगबिरंगी रोशनी से प्रकाशित है। सभी पांडाल भक्तिमय देवी गीतों से गुंजायमान हैं। विधायक ने यात्रा की शुरुआत सुपर मार्केट में आयोजित भंडारे से की। इसका आयोजन भाजपा नेता विजय त्रिपाठी ने किया था। यहां से श्री सिंह डाकखाना स्थित भाजपा नगर मंडल की ओर से लगाए गए स्टॉल पर पहुंचे। वहां उन्होंने भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष सीता शरण त्रिपाठी, नगर मंडल अध्यक्ष रीना जायसवाल के साथ लोगों पर देवी मां की कृपा की कामना की। इसके बाद विधायक विनोद सिंह समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गुरु नानक देव रोड होते हुए सब्जी मंडी पहुंचे। यहां पर विभिन्न पांडालों में देवी अर्चना की। सभी पांडालों में आयोजकों ने विधायक का फूल मालाओं से स्वागत किया। यहां से वह घंटाघर होते हुए ठठेरी बाजार पहुंचे। जहां उन्होंने पांडालों में मां दुर्गा के आगे शीश नवाया। यहीं पर आरएसएस के स्टॉल में विधायक ने कार्यकर्ताओं को दुर्गापूजा महोत्सव की बधाई दी। दर्शन पूजन के बाद विधायक का काफिला गभड़िया में सभासद मंगरू प्रजापति के पूजा पांडाल पहुंचा। यहां मंगल कामना के बाद विधायक विनोद सिंह अमहट में लगे पूजा पांडाल पहुंचे। इसका आयोजन सभासद अंतिमा गुप्ता और उनके पति संदीप गुप्ता ने किया है। यहां महिलाओं से संवाद के बाद वह ओमनगर में लगे देवी पांडाल गए। जहां भाजपा नेता रज्जन सिंह ने उनका स्वागत किया। विधायक ने कहा कि यह महोत्सव गंगा जमुनी परम्परा की मिसाल है। उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द और शांति बनाए रखते हुए पर्व को मनाने की अपील की। इस दौरान सभासद दिनेश चौरसिया, भाजपा नेता ज्ञान जायसवाल, श्याम बहादुर पांडेय, बिन्नू पांडे, अनुज सिंह, अजय सिंह, सुशील पांडेय सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवती ने शादी से किया इनकार तो सोशल मीडिया पर वायरल की अश्लील वीडियो

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के थाना क्षेत्र गजरौला से एक युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है युवती के भाई ने थाने पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है युवती के भाई ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी फोन करने वाले ने वीडियो कॉल के जरिए उसकी बहन से बात की और उस पर शादी का दबाव बनाया। शादी से इनकार कर करने पर आरोपी ने युवती के फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया जांच करने पर पता चला कि आरोपी पीलीभीत के मोहल्ला बेनी चौधरी का निवासी दानिश है आरोपी ने आपत्तिजनक बातें करते हुए युवती पर तेजाब फेंकने की भी धमकी दी, जिससे पूरा परिवार दहशत में है।

## राष्ट्रीय योगी सेना ने नवनियुक्त थाना प्रभारी से की शिष्टाचार भेट

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवनियुक्त थाना प्रभारी पवन कुमार पाण्डेय से पूरनपुर की राष्ट्रीय योगी सेना का एक प्रतिनिधि मंडल जिला उपाध्यक्ष गणेश सत्यावली के अगुवाई मे शिष्टाचार मुलाकात की मुलाकात के दौरान थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवाओं के बीच तेजी से पांव पसारते नशे की लत, शहर के अंदर बढ़ती चोरी की घटना, ट्रैफिक और अन्य ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई थाना प्रभारी ने कहा शहर के अंदर व्याप्त समस्याओं के निराकरण हेतु जनता का सहयोग परस्पर पुलिस को मिले ऐसी अपेक्षा है पुलिस जनता के हर संभव मदद को तत्पर रहेगी पूरनपुर वासियों के सहयोग से मिलकर एक स्वच्छ और सुंदर वातावरण का निर्माण किया जाएगा योगी सेना के पदाधिकारियों ने भी पुलिस को हर संभव सहयोग करने की बात कही मौके पर जिला उपाध्यक्ष गणेश सत्यावली,जिला सचिव डॉ प्रशांत गुप्ता,जिला मंत्री गोपाल कुमार वर्मा ,ब्लाक अध्यक्ष दीदार सिंह,तहसील अध्यक्ष तुलसी राम शुक्ला,तहसील उपाध्यक्ष मुकेश कुमार कोहली,नगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, सर्वेश कुमार जी मौजूद रहें।

## पूर्व विधायक ने दीक्षांत समारोह में मेधावी प्रशिक्षार्थियों को गोल्ड व सिल्वर मेडल सौंपा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में शनिवार को दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के सभी राजकीय आईटीआई के प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र ने मेधावी प्रशिक्षार्थियों को पदक प्रदान किये। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को गोल्ड मेडल और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र ने कहा कि आईटीआई विश्व की सबसे बड़ी तकनीकी शिक्षा है कोई भी औद्योगिक प्रतिष्ठान आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों के बिना सम्भव नही है।समारोह में कोपा व्यवसाय की छात्रा आरती तिवारी ने अपने प्रशिक्षण का अनुभव साझा किया जिसे उपस्थितजनों ने सराहा।कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार सिंह, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई जगदीशपुर ने किया। इस अवसर पर शिवा कान्त द्विवेदी, अजय कुमार श्रीवास्तव, अनिल मिश्रा, दिवाकर मिश्र सहित संस्थान के सभी शिक्षक कर्मचारी एवं प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## खनन की जिलाधिकारी से शिकायत, कार्रवाई की मांग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। अवैध खनन के मामले में जिलाधिकारी से शिकायत की गई है।इसमें स्थानीय अधिकारियों को भी संदिग्ध रूप से अवैध खनन में संलिप्त बताया गया है। नैंसी प्रजापति पुत्री विनोद कुमार निवासी मोहल्ला गणेशगंज पूरनपुर ने आरोप लगाया कि गाटा संख्या 1236 पूरनपुर देहात में मुजफ्फर अहमद खान उर्फ लाडले, अजहर अहमद खान मीनू खान पुत्र सिद्दीक अहमद खान निवासी मोहल्ला रजागंज पूर्व विधायक डॉ विनोद तिवारी वाली गली पूरनपुर व रफीक अहमद पुत्र नजीर अहमद (गाटा संख्या 1236 पूरनपुर देहात में और उसकी नाबालिग बहन मोहनी प्रजापति, भाई सोनू प्रजापति नाबालिग की बिना सहमति के 4 अगस्त 2025 को और दिनांक 1 सितंबर 2025 को मिट्टी डाली है। भूमाफियाओं के खिलाफ शिकायत की गई। लेकिन मिट्टी पटान के कार्य को रोका नहीं गया। गाटा संख्या 1236 पूरनपुर देहात के बंटवारे का मुकदमा उप जिलाधिकारी न्यायिक पूरनपुर की अदालत में विचाराधीन है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक कोतवाली पूरनपुर को एफआईआर दर्ज करने के लिए आदेशित करने का अनुरोध किया है।

## सम्पादकीय

# मौत का सिरप

कैसी विडंबना है कि जीवन रक्षा के लिये दी जाने वाली दवा मौत का कारण बन जाए। जो दवा की संदिग्ध गुणवत्ता और निर्माता कंपनियों की आपराधिक लापरवाही को ही उजागर करती है। जाहिर है रसायनों की घातकता की मात्रा और गुणवत्ता में कोई खोट इस तरह के हादसों का सबब बना होगा। राजस्थान में कुछ बच्चों की मौत की वजह का संबंध उस सिरप से बताया जा रहा है, जो खांसी ठीक करने के लिये दिया गया। ये हादसे इस बात को रेखांकित करते हैं कि दवा की गुणवत्ता में चूक सामान्य उपचार को कितने जानलेवा जोखिम में बदल सकती है। बताया जाता है कि बच्चों को कथित रूप से मुख्यमंत्री की मुफ्त दवा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में एक जेनेरिक खांसी की सिरप दी गई थी। जबकि इस मामले में जांच चल रही है, यह त्रासदी भारत की फार्मास्यूटिकल निगरानी तंत्र की कोताही ही उजागर करती है। खासकर हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में, जो फार्मा हब के रूप में प्रमुख रूप से उल्लेखित है। महत्वपूर्ण है कि हिमाचल प्रदेश की 655 फार्मास्यूटिकल इकाइयों में से केवल 122 ही जीएमपी यानी गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज के संशोधित शेड्यूल एम मानकों के तहत अपग्रेड करने के लिये पंजीकृत हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकांश फार्मा इकाइयां गुणवत्ता मानकों के अनुपालन को प्रमाणित किए बिना काम कर रही हैं। ये जनस्वास्थ्य के प्रति कितनी गैरजिम्मेदार स्थिति है। जबकि हकीकत यह है कि फार्मास्यूटिकल इकाइयों को अपग्रेड करने की समय सीमा कई बार बढ़ाई गई है। यह नियामक तंत्र की कमजोरियों और छोटी फर्मों में सुरक्षित प्रक्रियाओं में निवेश करने की अनिच्छा को ही उजागर करती है। यह विडंबना ही है कि हमारा तंत्र जन-स्वास्थ्य के खिलवाड़ के प्रति उदासीन बना हुआ है। निस्संदेह, जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, उनके लिये यह बहस कोई सांत्वना नहीं है। उन्हें सही मायनों में सांत्वना तभी मिलेगी जब आपराधिक लापरवाही करने वालों को दंडित किया जाएगा।विडंबना यह है कि अतीत में भी ऐसी कई त्रासदियां हुई हैं, लेकिन हमारे तंत्र ने इससे कोई सबक नहीं सीखा। हालांकि शुक्रवार को केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को परामर्श जारी किया है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवाइयां नहीं दी जाएं। वर्ष 2020 में भी एक ऐसी त्रासदी सामने आई थी, लेकिन कुछ दिन के शोर के बाद मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। विडंबना देखिए कि मृत बच्चों के परिजन आज भी न्याय की प्रतीक्षा में आंसू बहा रहे हैं। हकीकत यह है कि ऐसी मौतों की जिम्मेदारी तय करने में लगातार देरी होती रहती है। ऐसे हादसों को या तो कमतर दर्शाया जाता है या फिर पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया जाता है। उल्लेखनीय है कि विगत में भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी ऐसी ही शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था। भारत की फार्मा कंपनियों के द्वारा तैयार सिरप से गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत का लिंक पाए जाने के बाद भारतीय दवाओं पर प्रतिबंध लगाए गए थे। निस्संदेह, ऐसे गैर-जिम्मेदार तरीके से तैयार दवाइयों के चलते भारत की 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में हासिल प्रतिष्ठा को ही नुकसान पहुंचा है। हमारे नियामक तंत्र को और कितने बच्चों के मरने का इंतजार है.. जरूरी है इससे पहले गुणवत्ता नियंत्रण सिर्फ कागज पर नहीं व्यवहार में लागू करने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने दवाइयों के गुणवत्ता मानकों को तय करने के लिए सख्त तरीके जीएमपी अनुपालन हेतु समय-समय पर निरीक्षणों के लिये कदम उठाए हैं। लेकिन प्रवर्तन के स्तर पर अभी भी तमाम खामियां बरकरार हैं। विडंबना यह है कि राज्य नियामकों के पास पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। साथ ही अकसर दंड के प्रावधान प्रभावी नहीं होते। यह एक कटु सत्य है कि भारत की फार्मा सफलता की कहानी केवल सस्ती जेनेरिक दवाइयों पर आधारित नहीं रह सकती। हमें इसे विश्वसनीय बनाने की जरूरत है। इसके लिए मजबूत ऑडिट, लापरवाही के लिए आपराधिक जिम्मेदारी तय हो और मामलों में पीड़ितों को तीव्र न्याय मिलना चाहिए। अन्यथा, ऐसी हर त्रासदी जन-विश्वास को कमजोर करती है- जो किसी भी दवा में सबसे महत्वपूर्ण घटक है।

# आत्मनिर्भर भारत के रास्ते विकसित भारत का लक्ष्य

**भारत दुनिया के 20% से ज़्यादा चिप डिज़ाइनरों का घर है और इस क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी होने पर गर्व करता है। विडंबना यह है कि भारत की लगभग सारी सेमीकंडक्टर माँग आयात से पूरी हो रही है। इससे निपटने के लिए देश का सेमीकंडक्टर उद्योग संपूर्ण सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र स्थापित करने, घरेलू और विदेशी दोनों बाज़ारों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का विस्तार करने और 5क्क ऋध्द्व और इलेक्ट्रिक कारों जैसी आगामी तकनीकों के लिए महत्वपूर्ण घटकों का उत्पादन करने का इरादा रखता है। सरकार ने 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत पाँच सेमीकंडक्टर निर्माण इकाइयों को मंज़ूरी दी है, जिसके परिणामस्वरूप कुल 18.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। यह भारत के सेमीकंडक्टर निर्माण लक्ष्यों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ होगा। सरकार का इरादा 2030 तक सेमीकंडक्टर क्षेत्र को 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का है, जिससे घरेलू और विदेशी व्यवसायों को भारतीय बाज़ार में प्रवेश करने के लिए एक व्यापक बाज़ार उपलब्ध होगा।**

पहले वैश्विक क्षेत्रों में सीमित भूमिका निभाने वाला भारत अब 18 उच्च-विकासशील, गतिशील मंचों-वैश्विक और राष्ट्रीय दोनों पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपनी अंतर्निहित क्षमताओं और बड़े उद्योगों का लाभ उठा रहा है। तेज़ी से बढ़ते बड़े क्षेत्रों के साथ-साथ भारत की प्राकृतिक संपत्तियों, क्षमताओं और रणनीतिक प्राथमिकताओं का गहन परीक्षण करने के बाद हमने 18 ऐसे क्षेत्रों की पहचान की है जो 2030 तक देश के लिए 2 ट्रिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न कर सकते हैं, जो 2023 में 690 बिलियन डॉलर से अधिक है। ये 2040 तक अतिरिक्त सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 30% प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं। निःस्संदेह भारतीय उद्योग-इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर हरित ऊर्जा और रक्षा तक–न केवल देश के विकास को गति दे रहे हैं, बल्कि सदियों पुराने स्वदेशी आदर्श को भी कायम रख रहे हैं कि 2047 तक, जब देश का सकल घरेलू उत्पाद 30 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा, ''विकसित भारत'' होगा। इस रणनीति का जनसांख्यिकीय लाभांश विशेष रूप से प्रभावशाली साबित होता है। भारत का घरेलू बाज़ार आकार विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे सकता है, क्योंकि आधी से ज़्यादा आबादी 30 वर्ष से कम आयु की है और वित्त वर्ष 2025 में निजी खर्च सकल घरेलू उत्पाद का 61.4 प्रतिशत से अधिक होगा। अनुमान है कि 2030 तक 7.5 करोड़ मध्यम वर्गीय और 2.5 करोड़ धनी परिवार होंगे, जो कुल जनसंख्या का 56% हिस्सा होगा और जिसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता परिष्कार का अब तक का अभूतपूर्व स्तर सामने आएगा। आइए समझते हैं कि विभिन्न क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत को कैसे मज़बूत करेंगे- भारत दुनिया के 20% से ज़्यादा चिप डिज़ाइनरों का घर है और इस क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी होने पर गर्व करता है। विडंबना यह है कि भारत की लगभग सारी सेमीकंडक्टर माँग आयात से पूरी हो रही है। इससे निपटने के लिए देश का सेमीकंडक्टर उद्योग संपूर्ण सेमीकंडक्टर निर्माण संयंत्र स्थापित करने, घरेलू और विदेशी दोनों बाज़ारों के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन का विस्तार करने और 5क्क ऋध्द्व और इलेक्ट्रिक कारों जैसी आगामी तकनीकों के लिए महत्वपूर्ण घटकों का उत्पादन करने का इरादा रखता है। सरकार ने 'भारत सेमीकंडक्टर मिशन' के तहत पाँच सेमीकंडक्टर निर्माण इकाइयों को मंज़ूरी दी है, जिसके परिणामस्वरूप कुल 18.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश होगा। यह भारत के सेमीकंडक्टर निर्माण लक्ष्यों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और इससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को लाभ होगा। सरकार का इरादा 2030 तक सेमीकंडक्टर क्षेत्र को 150 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाने का है, जिससे घरेलू और विदेशी व्यवसायों को भारतीय बाज़ार में प्रवेश करने के लिए एक व्यापक बाज़ार उपलब्ध होगा। भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़, कृषि, उत्पादकता बढ़ाने और कटाई के बाद होने वाले नुकसान को कम करने के लिए डिजिटल परिवर्तन से लाभान्वित हो सकती है। जैविक खेती, सटीक खेती, स्मार्ट सिंचाई और कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर डिजिटल कृषि तकनीकों के उदाहरण हैं जो किसानों को डेटा-आधारित अंतर्दृष्टि और सर्वोत्तम अभ्यास प्रदान कर सकते हैं, जिसके परिणामस्वरूप अधिक टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ और खाद्य आत्मनिर्भरता प्राप्त होगी। विनिर्माण और कृषि में डिजिटल तकनीकों को शामिल करने से आत्मनिर्भरता बढ़ेगी, जबकि डिजिटल स्वास्थ्य पहल सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुँच में सुधार लाएगी। साइबर सुरक्षा और डेटा सुरक्षा पर ज़ोर देते हुए, डिजिटल परिवर्तन को अपनाने से भारत की डिजिटल आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त होगा। वर्तमान भू-राजनीतिक और आर्थिक परिस्थितियों के साथ, भारत का रक्षा क्षेत्र तेज़ी से आत्मनिर्भर होता जा रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में, भारत का घरेलू रक्षा उत्पादन ?1.27 लाख करोड़ के नए उच्च स्तर पर पहुँच गया, जो 2014-15 के ?46,429 करोड़ से लगभग 174% अधिक है। 2029 तक रक्षा उत्पादन को ?3 लाख करोड़ और निर्यात को ?50,000 करोड़ तक बढ़ाने का लक्ष्य है। ?1,800 करोड़ की ब्रह्मा-बीईएमएल रेल विनिर्माण हब परियोजना का शिलान्यास, जो ट्रेनों, मेट्रो कोचों और रक्षा उपकरणों का डिज़ाइन, निर्माण और परीक्षण करेगी, राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रक्षा के अलावा, इलेक्ट्रॉनिक्स एक महत्वपूर्ण उद्योग के रूप में उभरा है जिसमें भारत की उत्पादन क्षमता में जबरदस्त वृद्धि हुई है। आज, भारत में बिकने वाले सभी मोबाइल फोन का 99.2% भारत में ही निर्मित होता है, जिससे हम दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल विनिर्माण देश बन गए हैं। दुनिया भर में स्थिरता की बढ़ती लोकप्रियता के साथ, नवीकरणीय ऊर्जा एक क्रांतिकारी व्यवसाय के रूप में उभरी है जो महत्वपूर्ण मात्रा में निवेश आकर्षित करने और आत्मनिर्भरता के मार्ग को पुनर्परिभाषित करने में सक्षम है। मॉडल और निर्माताओं की अनुमोदित सूची में सूचीबद्ध 100 गीगावाट सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमता की भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि, एक मजबूत और आत्मनिर्भर सौर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने में देश की तीव्र प्रगति को दर्शाती है, जो आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण और स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण की वैश्विक अनिवार्यता के अनुरूप है। इस तरह के मजबूत प्रोत्साहन के साथ, भारत का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक जून 2025 में सालाना आधार पर 1.5% बढ़ा, जिसका नेतृत्व विनिर्माण क्षेत्र में 3.9% की वृद्धि ने किया। इसी प्रकार, मजबूत मांग, मजबूत विस्तार और सकारात्मक व्यावसायिक दृष्टिकोण के कारण, भारत का विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक जुलाई में 16 महीने के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया। भारत की मध्यम वर्गीय आबादी में 2040 तक 597 मिलियन से अधिक वृद्धि होने का अनुमान है, जो इसकी आर्थिक वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा है। बढ़ती मध्यम वर्गीय आबादी के व्यय वृद्धि में 75% से अधिक योगदान देने, नए बाजार अवसर पैदा करने और लाखों लोगों को गरीबी से बाहर निकालने का अनुमान है, जिससे 2031 तक गरीब परिवारों का अनुपात वर्तमान 15% से घटकर केवल 6% रह जाएगा। बाहरी बाधाओं के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था प्रभावशाली रूप से लचीली बनी हुई है। नाममात्र के संदर्भ में, देश के 2047 तक 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था तक पहुँचने की उम्मीद है, जिसकी औसत नाममात्र जीडीपी वृद्धि दर सालाना 9%-10% होगी। भारत के सकल बचत-से-जीडीपी अनुपात में भी सुधार होने का अनुमान है, जो एक रेखीय प्रवृत्ति परिदृश्य के तहत 2036-37 तक बढ़कर 48% हो जाएगा, जिससे मजबूत निवेश-संचालित विकास बना रहेगा। देश के चालू खाता घाटे और मुद्रा अवमूल्यन को लेकर कुछ चिंताओं के बावजूद, समग्र विकास स्वस्थ है, और सेवा एवं औद्योगिक क्षेत्रों के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के प्राथमिक चालक होने की उम्मीद है। शहरीकरण और बुनियादी ढाँचा विकास से 2035 तक बाज़ारों में वृद्धि, उत्पादकता में वृद्धि, निवेश आकर्षित करने और लाखों नए रोज़गार सृजित होने का अनुमान है, जिससे शहर भारत के आर्थिक उत्थान के प्रमुख इंजन बनेंगे। बड़े शहरों, बड़े क्षेत्रों और बड़े गलियारों के उद्भव से भारत की शहरीकरण दर, जो वर्तमान में 36% है, अगले दशक में बढ़कर 50% हो जाने का अनुमान है। 2036 तक इन शहरी क्षेत्रों का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 70% से अधिक योगदान होने की उम्मीद है। इस शहरी परिवर्तन को समर्थन देने के लिए भारत 2030 तक बुनियादी ढाँचे में सालाना 290 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगा। इसमें ''पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान'' जैसी परियोजनाओं के लिए वित्त पोषण शामिल है, जिसका उद्देश्य समन्वित बुनियादी ढांचे की योजना और कार्यान्वयन के लिए रेलवे, रोडवेज, बंदरगाह और विमानन सहित 16 मंत्रालयों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकीकृत करना है। ''मेक इन भारत'' और ''उत्पादन-संबद्ध प्रोत्साहन'' जैसे कई कार्यक्रम देश के विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देते हैं और 14 विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 16 बिलियन का निवेश और 1.1 बिलियन का प्रोत्साहन प्राप्त कर चुके हैं। अतिरिक्त मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) स्थापित करके और अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और मध्य एशिया सहित नए देशों में अपने व्यापार का विस्तार करके, भारत को 2030 तक निर्यात में 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार करने की उम्मीद है। हालाँकि भारत को पिछले मुक्त व्यापार समझौतों से बहुत अधिक लाभ नहीं हुआ है, फिर भी उम्मीद है कि कई एशियाई, अफ्रीकी देशों, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ समझौतों से विनिर्माण और निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि होगी क्योंकि भारत को चीन + 1 योजना के लिए सबसे उपयुक्त स्थान माना जाता है। भारत ऑटोमोबाइल उत्पादन का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है। 2030 तक भारत के ऑटोमोबाइल उद्योग द्वारा अपनी उत्पादन क्षमता में 3.3 मिलियन से अधिक वाहनों की वृद्धि की उम्मीद है। दुनिया के सबसे बड़े दोपहिया वाहन बाज़ार के रूप में भारत द्वारा 2030 तक 75 लाख से ज़्यादा वाहनों का निर्माण और बिक्री किए जाने की उम्मीद है, जिससे वैश्विक ऑटोमोटिव आपूर्ति श्रृंखलाओं में इसकी प्रमुख भूमिका होगी। भारत के ऑटोमोटिव उद्योग और औद्योगिक विकास के कुछ प्रमुख कारक बढ़ती घरेलू माँग, स्वच्छ परिवहन के लिए सरकारी प्रोत्साहन और उचित उत्पादन मूल्य हैं। भारत में अंतरिक्ष उद्योग तेज़ी से बढ़ रहा है जो 2030 तक विश्वव्यापी बाज़ार में 8-10% की हिस्सेदारी रखने की उम्मीद करता है। यह 2021 में 2% था। 2047 तक, यह 15% बाज़ार हिस्सेदारी हासिल करने और वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत को एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने की उम्मीद करता है। **–पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

# जेईई मेन-नीट यूजी में 12वीं कक्षा की परीक्षा जैसे प्रश्न होंगे

**विजय गर्ग**

**देश में कोचिंग केंद्र कई विवादों का केन्द्र रहे हैं और यह कदम सरकार द्वारा छात्रों की आत्महत्याओं, आग लगने वाली घटनाओं और कोचिंग संस्थानों में सुविधाओं की कमी के बारे में प्राप्त शिकायतों के बाद आया है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र जेईई और नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं की कठिनाई स्तर की समीक्षा पर विचार कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे कक्षा 12 पाठ्यक्रम कठिनाई के साथ समन्वित हों।**

उच्च शिक्षा सचिव विनित जोशी की अध्यक्षता में यह पैनल उच्च शिक्षा के लिए कोचिंग केंद्रों पर छात्रों की निर्भरता कम करने के उपायों का सुझाव देगा। देश में कोचिंग केंद्र कई विवादों का केन्द्र रहे हैं और यह कदम सरकार द्वारा छात्रों की आत्महत्याओं, आग लगने वाली घटनाओं और कोचिंग संस्थानों में सुविधाओं की कमी के बारे में प्राप्त शिकायतों के बाद आया है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र जेईई और नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं की कठिनाई स्तर की समीक्षा पर विचार कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे कक्षा 12 पाठ्यक्रम कठिनाई के साथ समन्वित हों तथा छात्रों को कोचिंग पर निर्भर नहीं रहना पड़े। पैनल यह अध्ययन करने के लिए डेटा का विश्लेषण कर रहा है कि क्या परीक्षाएं कक्षा 12 पाठ्यक्रम की कठिनाई स्तर से मेल खाती हैं, जो इन परीक्षाओं का आधार है। कोचिंग संस्थानों के कुछ माता-पिता और संकाय सदस्यों का मानना है कि दोनों में असंगति होती है, जिससे अंततः कोचिंग पर निर्भरता बढ़ जाती है। पैनल की प्रतिक्रिया के आधार पर इन प्रवेश परीक्षाओं की कठिनाई स्तर की समीक्षा करने पर विचार किया जाएगा। जून में शिक्षा मंत्रालय ने कोचिंग, ''डमी स्कूलों'' के उद्भव तथा प्रवेश परीक्षाओं की प्रभावशीलता और निष्पक्षता से संबंधित मुद्दों पर विचार करने के लिए नौ सदस्यीय पैनल का गठन किया। समिति वर्तमान शैक्षणिक प्रणाली में उन अंतरालों की जांच कर रही है जो छात्रों के कोचिंग केंद्रों पर निर्भरता, विशेष रूप से आलोचनात्मक सोच, तार्किक तर्क, विश्लेषणात्मक कौशल और नवाचार तथा नियमित शिक्षण प्रथाओं की प्रचलन में योगदान देती है। कई कैरियर मार्गों के संबंध में छात्रों और माता-पिता के बीच जागरूकता स्तर का मूल्यांकन करना तथा कुछ अभिजात वर्ग संस्थानों पर अत्यधिक निर्भरता पर इस कमी के प्रभाव, स्कूलों और कॉलेजों में करियर परामर्श सेवाओं की उपलब्धता और प्रभावशीलता का आकलन करना तथा कैरियर मार्गदर्शन ढांचे को मजबूत करने के लिए उपायों का सुझाव देना समिति के अन्य संदर्भ शब्द हैं। पैनल के सदस्यों में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अध्यक्ष, स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा विभागों के संयुक्त सचिव, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), मद्रास, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (एनआईटी) त्रिशी, आईआईटी कानपुर और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) तथा विद्यालयों के प्रमुख शामिल हैं। देश के कोचिंग केंद्र कई विवादों का केन्द्र रहे हैं और यह कदम सरकार द्वारा छात्रों की आत्महत्याओं, आग लगने वाली घटनाओं और कोचिंग संस्थानों में सुविधाओं की कमी तथा शिक्षण पद्धतियों के बारे में प्राप्त शिकायतों के बाद आया है।

## सेहत मंत्र

# आपकी रसोई में ही मौजूद हैं कई पेनकिलर, दवाइयों से करें परहेज

शरीर में विभिन्न हिस्सों में दर्द होना एक आम बात है। कभी जरूरत से ज्यादा एक्सरसाइज करने से, चोट लगने से या गलत पॉश्चर आदि के कारण शरीर में दर्द होता है। अमूमन लोग दर्द होने पर पेनकिलर लेना उचित समझते हैं क्योंकि इससे सारा दर्द झट से गायब हो जाता है। लेकिन वास्तव में अगर आप नेचुरल तरीके से अपने दर्द को दूर करना चाहते हैं तो इसके लिए अपनी किचन का रूख कीजिए। किचन में आपको ऐसी ढेरों चीजें मिल जाएंगी, जो एक पेनकिलर की तरह काम करेंगी। तो चलिए जानते हैं इसके बारे में? हल्दी- हल्दी का प्रयोग अक्सर घरों में चोट लगने पर या दर्द होने पर किया जाता है। इसमें कुछ एंटी-इंफलेमेंटरी गुण पाए जाते हैं, जो दर्द को दूर करने में मददगार होते हैं। हल्दी का सेवन ज्वांइट व मसल्स पेन को दूर करने के साथ-साथ चोट की सूजन आदि को भी कम करता है। अदरक- हल्दी की तरह ही अदरक में भी एंटीइंफलेमेंटरी गुण होते हैं। अदरक का प्रयोग कई तरह के दर्द जैसे अर्थराइटिस, पेट में दर्द, सीने में दर्द, मासिक धर्म के दर्द व मांसपेशियों के दर्द को भी दूर करता है। आप चाहें तो अदरक का सेवन खाने के रूप में करें या फिर इसका पेस्ट बनाकर प्रभावित स्थान पर लगाएं। लाल अंगूर- बहुत से लोगों को पता नहीं होता, लेकिन लाल अंगूर भी एक पेनकिलर की तरह काम करते हैं। दरअसल, इसमें रेसर्वटोल नामक एंटी?ऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो ज्वाइंट व पीठ के दर्द को कम करने में मददगार है। अगर आपको भी कमर दर्द की शिकायत है तो प्रतिदिन कुछ लाल अंगूर खाने की आदत डालें। नमक-आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन नमक भी एक दर्द निवारक है। इसके इस्तेमाल के लिए करीबन एक कप नमक को नहाने के पानी में डालें। अब इस पानी में करीबन पन्द्रह से बीस मिनट के लिए बैठें। नमक का पानी बॉडी सेल्स के निर्जलीकरण में मदद करता है, जिसके चलते शरीर का दर्द व सूजन दूर होती है।

## धर्म मंत्र

# बिलासपुर में विराजमान हैं भोलेनाथ, घास चढ़ाने से पूर्ण होती है मनोकामनाएं

देवभूमि हिमाचल में बहुत सारे देवी-देवताओं के कई मंदिर स्थित है। जहां भक्त पूर्ण श्रद्धा से मंदिरों में दर्शन कर दान देते हैं। हिमाचल में एक ऐसा ही मंदिर है, जहां घास अर्पित किया जाता है। प्रतिदिन इस मंदिर में कई लोग इस तरह दान करने के लिए आते हैं।

हिमाचल के बिलासपुर जिले के भगेड़ में नंदीश्वर महादेव मंदिर स्थित है। यहां घायल गोवंश की पूजा होती है। माना जाता है कि मंदिर में घास की गड्डी चढ़ाने से व्यक्ति की मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

मंदिर में घायल गोवंश की पूजा होती है और इसके साथ ही इलाज भी किया जाता है। कहा जाता है कि जहां मंदिर स्थापित है, वहां करीब चार साल पहले एक घायल बैल का इलाज किया गया था। उसके बाद यहां पशुओं की संख्या बढ़ती गई और मंदिर निर्माण का विकल्प ढूंढ़ा गया। अब मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। यहां मंदिर परिसर में शिव परिवार, शनिदेव और हनुमान की प्रतिमा स्थापित की गई है। मंदिर में सुबह 6 बजे और शाम को साढ़े 7 बजे आरती होती है। इसके साथ ही हर सप्ताह भजन-कार्तन का आयोजन किया जाता है, जिसमें गो महिमा का गुणगान किया जाता है।

## पर्यटन



# दूध जैसे सफ़ेद पानी में अगर रॉफ्टिंग करनी है तो चले आइये दांदेली

घूमने-फिरने के दौरान अगर आपको एडवेंचर पसंद है तो दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित दांदेली जरूर जाएं। दांदेली बहुत ही खूबसूरत ट्रैवल डेस्टिनेशन है जहां पर आप तमाम तरह के एडवेंचर एक्टिविटीज भी कर सकते हैं। ये जगह कर्नाटक और गोवा के बॉर्डर के पास होने के कारण यहां पर विदेशी सैलानियों का जमावड़ा लगता है। यहां पर आप रॉफ्टिंग, बोटिंग, रैपलिंग, एडवेंचर ट्रैकिंग, जंगल सफारी, रिवर साइड फिशिंग इस तरह की कई सारी एक्टिविटीज कर सकते हैं। अगर आप यहा आ रहे हैं तो इन सबके अलावा यहां आसपास स्थित गुफाओं और भगवान के मंदिरों को देखना भी अच्छा एक्सपीरियंस रहेगा। मनाली- ऋषिकेश के अलावा अगर आपको सफ़ेद पानी में रॉफ्टिंग करनी है तो आप कर्नाटक के दांदेली में कर सकते हैं पर ध्यान रहे यहां के पानी का बहाव काफी तेज होता है लेकिन इस तेज बहाव के पानी में रॉफ्टिंग का मजा अलग ही होता हैं। आप यहां पर पहाड़ों से गिरते हुए झरनों में रैपलिंग भी कर सकते हैं। ये झरने काफी खूबसूरत हैं यहां का नजारा आपके लिए यादगार रहेगा। एडवेंचर ट्रैकिंग-एडवेंचर एक्टिविटीज में जब तक ट्रैकिंग न हो तब-तक एडवेंचर अधूरा रहता है अपको अगर ट्रैकिंग करना पसंद है तो आप यहा एडवेंचर ट्रैकिंग भी कर सकते हैं। यहां के पहाड़ी रास्ते ट्रैकिंग के लिए काफी अच्छे हैं जो स्पेशल ट्रैकिंग के लिए मशहूर हैं। इस रास्ते पर आपको कई मैगी प्वाइंट् मिलेंगे जहां आप रूक कर आराम कर सकते हैं और खूबसूरत नजारों का लुत्फ उठा सकते हैं। कयाकिंग और बर्ड वॉचिंग-आप अगर पानी और पक्षियों को देखना पसंद करते हैं तो आप यहां जरूर आयें। यहां पर आपको कयाकिंग करने के दौरान कई तरह के पक्षी भी देखने को मिलेंगे। ये लम्हा आप कभी नहीं भूलेंगे कि जब आप पानी के बीचों बीच हों और आप के आसपास तमाम तरह के पक्षी। आप यहां मैगपाई रॉबिन, बार विंग्ड फ्लाइकैचर, ब्लू हेडेड ग्राउंड थ्रस, ग्रीन पिज़न, गोल्डेन बैक, वुडपैकर, बुलबुल, सर्पेंट ईगल जैसे कई खूबसूरत पक्षी देखे सकते हैं।

# देवा मेला शुरू होने से पहले एसपी ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को लेकर दिए सख्त निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवा बाराबंकी । आगामी 8 अक्टूबर से शुरू हो रहे ऐतिहासिक देवा मेला की तैयारियों का जायजा लेने रविवार की शाम पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने मेला परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रूट डाइवर्जन, पार्किंग स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण से जुड़ी तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया।

एसपी विजयवर्गीय ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल स्पष्ट रूप से चिन्हित हों, प्रवेश और निकास मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल की व्यवस्था की जाए उन्होंने यह भी कहा कि संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर विशेष नजर रखी जाए तथा ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी की मदद से मेला क्षेत्र की लगातार निगरानी की जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी, कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी, यातायात प्रभारी रामयतन यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व कर्मी मौजूद रहे।

# आरएसएस ने संचालन कर दिया एकता अखंडता का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष पर कस्बा रामनगर में संघ विश्व हिंदू परिषद सहित सभी हिंदू संगठनो के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पथ संचलन कर एकजुटता एवं राष्ट्रीय प्रेम का संदेश दिया। आज रविवार को पीजी कॉलेज के निकट स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर आरएसएस विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ो कार्यकर्ता एकत्र होकर पूर्ण गणवेश धारण कर हाथों में दंड लेकर अनुशासित तरीके से कतार बद्ध होकर संघीय गीत संगठन गढ़े चलो, सुपथ पर बढ़े चलो भला हो जिसमे देश का काम सब किए चलो सहित तमाम राष्ट्र के उत्थान संबंधी गीत गाते हुए पूरे कस्बे का भ्रमण करते हुए पक्का तालाब स्थित हनुमान मंदिर से घूम कर पुनः पीजी कॉलेज पहुंचकर पथ संचलन का समापन किया गया। इस दौरान जगह-जगह नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर खंड संचालक सुभाष ओझा खण्डकारवां शिवनारायण संगठन मंत्री इंद्रेश दीक्षित प्रखंड अध्यक्ष रमाकांत शैलेंद्र सिंह रवि मिश्रा श्यामू अवस्थी विहिप जिला मंत्री राहुल प्रचार प्रसार प्रमुख एसपी शुक्ला गौरीकांत दीक्षित अनूप पांडेय अनमोल मिश्रा रोहित मिश्रा सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देवा में सघन वाहन चेकिंग, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देवा , बाराबंकी । सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए रविवार को देवा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व यातायात प्रभारी बाराबंकी रामयतन ने किया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने देवा मेला रोड, फतेहपुर तिराहा और मुख्य चौराहों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, मोडिफाइड साइलेंसर और काली फिल्म लगी कारों पर विशेष ध्यान दिया गया। कई वाहनों के चालान काटे गए, जबकि कुछ चालकों को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया यातायात प्रभारी ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और अनुशासनहीन ड्राइविंग पर नियंत्रण रखना है। उन्होंने कहा कि ह्लमोडिफाइड साइलेंसर का अत्यधिक शोर न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाता है बल्कि राहगीरों के लिए परेशानी का सबब भी बनता है उन्होंने स्पष्ट किया कि आगे भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे और नियमों की अनदेखी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

# शताब्दी वर्ष,आरएसएस का विजयादशमी उत्सव, पथ संचलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में रविवार को कस्बा सफदरगंज में पथ संचलन का आयोजन हुआ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विभाग कारवाह वीरेंद्र सिंह खंड सँघ संचालक अरविन्द, करवाह सतीश अधिवक्ता परिषद के जिला अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी ने संघ का संदेश दिया।

पूर्व करवाह वीरेंद्र सिंह ने संघ की स्थापना की आवश्यकता, उद्देश्य व उसकी 100 वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए समाज व स्वयंसेवकों से अपने जीवन में पंच परिवर्तन अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के परम वैभव के लिए पंच परिवर्तन के अंतर्गत हम सब अपने दैनिक जीवन में सामाजिक समरसता, परिवार प्रबोधन, पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली एवं स्वदेशी को अपनाएं तथा नागरिक कर्तव्यों का पालन करे।

पथ संचलन कार्यक्रम कस्बा सफदरगंज स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ हुआ जो मेन रोड बाजार, रानीगंज पुराना शिव मंदिर होते हुए वापस शिव मंदिर पहुंचा जहां विजयदशमी के शुभ अवसर पर शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। पथ संचलन कार्यक्रम में अनुशासन और परंपरा का अद्भुत समन्वय प्रदर्शित करते हुए स्वयंसेवकों ने गाँव की गलियों में पद संचलन किया,जिससे समाज में संगठन और एकता का संदेश दिया।

इस मौक़े पर धर्म जागरण प्रमुख अमित अवस्थी ,विनय अवस्थी . जमुना सरन . मास्टर रामसिंह भुल्लन वर्मा केवल प्रसाद वर्मा. आशीष . आनंद मोदी. अंकुल बालचंद्र सहित आरएसएस कार्यकर्ता ग्रामवासी,संघ कार्यकर्ता तथा छात्र-युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

निंदूरा'' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष श्री विजयादशमी उत्सव के अवसर पर रविवार को धौरहरा मंडल के बाबागंज में स्वयंसेवकों ने परंपरागत गणवेश में अनुशासित पंक्तियों में पथ संचलन किया। कार्यक्रम की शुरुआत शस्त्र पूजन और प्रार्थना के साथ हुई।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला प्रचारक रवि प्रकाश ने बताया कि 1925 में डॉ. हेडगेवार द्वारा स्थापित संघ ने अपने सौ वर्ष पूरे कर लिए हैं और यह यात्रा सामाजिक एकता और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का प्रतीक है। पथ संचलन में बच्चे, युवक और वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।भारत माता की जय के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा। ''रामनगर'' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में रविवार की शाम रामनगर पीजी कॉलेज परिसर में विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीरामचंद्र जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।इसके उपरांत डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार और माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।सैकड़ों स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम में खंड संचालक सुभाष ओझा खंड कार्यवाह शिवनारायण सहित अनिल अवस्थी प्रवेश शुक्ला बालमुकुंद राष्ट्रवादी पंकज चतुर्वेदी आदि सैकड़ों स्वयंसेवक शामिल रहे।

## भरत मिलाप शोभायात्रा, भक्ति मय हुआ वातावरण

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय कस्बे में श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में एकादशी से प्रारंभ दशहरा मेले के बाद शनिवार को देर शाम भरत मिलाप दर्शाया गया।इस मध्य जयकारों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो रहा था। श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ पुष्प वर्षा कर भगवान की पूजा आराधना कर आरती उतारी। शोभायात्रा में टिमटिमाती रंगी बिरंगी इलेक्ट्रिक लाइटों के बीच डीजे बाजा पर बजते भक्तिमय गीतों पर नाचते थिरकते, श्रद्धालू भक्तिरस से सराबोर नजर आए। जयकारों की गूंज से वातावरण राममय हुआ। राम बारात में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के मध्य शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु असंद्रा थानाध्यक्ष आलोक मणि त्रिपाठी,सिद्धौर चौकी प्रभारी रामप्रकाश मिश्रा, दीवान अंजनी तिवारी,अरुण जायसवाल,समेत तमाम पुलिस , पीएसी बल नायब सिद्धौर सौरभ सिंह,नगर लेखपाल अभिषेक वर्मा, कुलदीप वर्मा,श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी अनिल पुरी,सिद्धौर चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत,कमेटी के अध्यक्ष सत्यनाम वर्मा,तेजबक्श सिंह वर्मा,अखिलेश यादव,डा.राजेंद्र वर्मा,राम प्रसाद वर्मा,दिप्तांशू निगम, राहुल यादव,समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## डंफरों का बेतरतीबी ठहराव, आम जन की बढी दुश्वारी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्थानीय थाना क्षेत्र में डंफर संचालकों का बेतरतीबी ठहराव से आवागमन बाधित हो रहा है। फलस्वरुप आम जन की दुश्वारियां बढ़ गई है। इस समय हाईवे के किनारे रामनगर से बाराबंकी जाने वाले मार्ग पर पेट्रोल पंप से लेकर ग्राम कटियारा तक ऐसे वाहन कई स्थानों पर खड़े रहते हैं। इसके अलावा रामनगर से जाने वाले मार्ग केसरीपुर रेलवे क्रॉसिंग के पहले काफी संख्या में डंपर वाले अपने वाहनों को लगाकर खड़ा कर देते हैं। सुबह से लेकर पूरी रात तक यह डंपर वाले सड़क के दोनोंओर खड़े रहते हैं। इन वाहनों पर गिट्टी, मौरंग ,बालू लदी रहती है। जब इन्हें कोई व्यक्ति मिल जाता है, तब उनके वाहन को अपने टिंबर पर ले जाकर खाली करवा लेता है। क्योंकि यहां पर दलालों का बोलबाला है। उनके माध्यम से इनकी सामग्री की बिक्री होती है। यहां पर पुलिस वाले भी घूमते रहते हैं। जबकि इधरसे लोधेश्वर महादेवा, सूरतगंज, कडाकापुर, भैरमपुर, लालपुर करौता के आगे तक लोगों का आना-जाना जारी रहता है। सड़क के किनारे इन वाहनों के खड़े हो जाने से आगे मोड का रास्ता नहीं दिखाई देता है।

# जाने कहां चला गया प्रोफ़ेसर अमला पर उठ रहे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। एक भगोड़ा को सरकारी अमला ढूंढे नहीं पा रहा है।पेशे से इस शिक्षक की कारगुजारी अवध क्षेत्र एवं राज्य मुख्यालय के पड़ोसी जनपद में भी चर्चा का विषय बनी है। जिस संस्था का मुखिया जिलाधिकारी है, गुमशुदा पर कार्यवाही संपादित न होना सवालों की घेरे में है।

रामनगर पीजी कॉलेज का हिंदी विभाग इन दिनों विवादों के घेरे में है। तथ्यों को छिपाकर नौकरी व प्रबंध समिति को गुमराह कर प्रोन्नति अर्जित करने वाले एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ. अखिलेश वर्मा का अनुशासनहीनता और चल कपट से गहरा रिश्ता किसी से ढका छिपा नहीं रहा। बेलगाम कार्यशैली के बावजूद कार्यवाही में हीलाहवाली से कॉलेज प्रशासन सवालों के घेरे में है।

हैरत कि जिलाधिकारी/ प्रबंध समिति अध्यक्ष के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय जांच टीम ने महाविद्यालय पहुंचकर प्रशासनिक व्यवस्था और संबंधित दस्तावेजों का बारीकी से परीक्षण जीकर चुकी है।



जांच पूर्ण हुए अब एक माह से अधिक समय बीत चुका है, परंतु प्रबंध समिति द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।इस कारण अभिभावकों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि जब सघन जांच पड़ताल कर ली गई, तो फैसले को लंबित रखने का औचित्य क्या है

''क्या कहते हैं जिम्मेदार''

### अभिभावकों में आक्रोश,समिति पर उठी उंगलियां, सवालों में समिति की पंगुता

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डॉ. कौशलेंद्र विक्रम मिश्र के मुताबिक जांच कमेटी द्वारा दो बार नोटिस डॉ अखिलेश वर्मा को दी जा चुकी है।लेकिन अभी तक वे जांच समिति के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। अगर वे निर्दोष है तो जांच समिति के समक्ष उन्हें उपस्थित होना चाहिए। छुट्टी लेकर भागने से जनमानस में संदेह उत्पन्न हुआ। प्राचार्य श्री मिश्र का कहना है कि उन पर दर्ज अपहरण के मामले से कोई सरोकार नहीं। एक हिंदी समाचार पत्र में भ्रामक खबर छपवा कर छवि अवश्य ही धूमिल करने का दुस्साहस किया गया। जो मसला हमारी नियुक्ति के बहुत पहले 2007 का है, मुझे परेशान करने के नियत से डॉ अखिलेश वर्मा द्वारा फर्जी एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा मुझ पर दर्ज कराया गया जोकि न्यायालय में प्रचलित है।

रामनगर पीजी कॉलेज के ही डॉ संजय तिवारी की माने तो बताया कि जातिवाद की भावना से प्रेरित कुछ वरिष्ठ प्रोफ़ेसरों ने गुटबाजी के चलते मेरा भी नाम प्राचार्य के साथ मुकदमें में लिखा दिया, जो न्यायालय में विचाराधीन। मुझे लगातार जेल भेजवाने के लिए डॉ अखिलेश वर्मा द्वारा धमकाया जा रहा है।जिसके लिए न्यायालय की शरण मे जाना पड़ा।

स्मरण रहे कि जब से डॉ वर्मा की नियुक्ति महाविद्यालय में हुई है तभी से विवादों सिलसिला शुरु हुआ। पूर्व में भी डॉ वर्मा द्वारा महाविद्यालय के कई लोगों पर जातिगत मामले दर्ज कराए हैं।

''अनुशासनहीनता का आलम''

महाविद्यालय के स्टाफ रूम पर उक्त शिक्षक अवैध रूप काबिज है। हद तो यह कि दो बार तत्कालीन प्राचार्य द्वारा स्टाफ रूम का ताला कटवाया गया। हर बार प्रोफ़ेसर वर्मा ने जबरन ताला डाल दिया।

## सीता उपवन में साफ-सफाई कर गोमती मित्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सुल्तानपुर। दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन के बाद निकलने वाली विसर्जन शोभायात्रा के मद्देनज़र श्रद्धालुओं के सीता कुंड धाम आगमन की तैयारी को ध्यान में रखते हुए गोमती मित्रों ने रविवार को सीता उपवन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। प्रातः 6 बजे से शुरू हुआ यह साप्ताहिक श्रमदान अभियान सुबह 9:30 बजे तक चला, जिसमें सीता उपवन सहित पूरे सीताकुंड धाम परिसर की गहन सफाई की गई। प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने नगरवासियों को भरोसा दिलाया कि सीता कुंड धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। उन्होंने लोगों से स्वच्छता बनाए रखने और सहयोग की अपील भी की।वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश पाठक ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे पूजा-पाठ के साथ स्वच्छता को भी अपना धर्म मानें। वहीं मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी ने बताया कि विसर्जन शोभायात्रा के सीताकुंड धाम पहुंचने से लेकर समापन तक भंडारे का आयोजन भी किया गया है।

# 8वीं उत्तर प्रदेश राज्य इंडोर फील्ड तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 का सफल समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी । 5 अक्टूबर 2025 को बाराबंकी स्थित बालाजी किंगडम ऑफ स्पोर्ट्स में 8वीं उत्तर प्रदेश राज्य इंडोर फील्ड तीरंदाजी चैंपियनशिप 2025 का भव्य और सफल समापन हुआ। इस रोमांचक और प्रतिस्पर्धी आयोजन में राज्य भर से प्रतिभाशाली तीरंदाजों ने अपनी कौशल का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि बाराबंकी के एमएलसी श्री अंगद सिंह थे, जिन्होंने प्रतिभागियों और आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने उत्तर प्रदेश में तीरंदाजी के खेल को बढ़ावा देने में चैंपियनशिप के योगदान पर विशेष जोर दिया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में इंडोर फील्ड तीरंदाजी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष श्री राम बाबू द्विवेदी, बाराबंकी इंडोर फील्ड तीरंदाजी एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री संतोष सिंह और प्रसिद्ध गणमान्य व्यक्ति श्री अंकुर माथुर भी उपस्थित थे। सभी विशिष्ट अतिथियों ने युवा एथलीटों के समर्पण की प्रशंसा की और तीरंदाजी में खेल भावना और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला।

इंडोर फील्ड तीरंदाजी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की महासचिव श्रीमती निधि जैन ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने चैंपियनशिप की शानदार सफलता में योगदान देने वाले सभी अधिकारियों, प्रतिभागियों और स्वयंसेवकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

चैंपियनशिप में टीम वर्क, सटीकता और खेल में उत्कृष्टता की भावना को बढ़ावा देते हुए उल्लेखनीय प्रदर्शन देखने को मिले। ऐसे सफल आयोजनों के साथ, इंडोर फील्ड तीरंदाजी एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश राज्य भर में तीरंदाजी प्रतिभाओं का पोषण और उत्थान करने के अपने मिशन को जारी रखेगा।

प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहेः

बैंबू बो स्टाइल अंडर 10 बॉयज़ (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः रेयांश रमन (लखनऊ)
सिल्वरः न्यार्थ सरन

बैंबू बो स्टाइल अंडर 10 गर्ल्स (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः पवनी कनौडिया (लखनऊ)
सिल्वरः अदीश्री शुक्ला (लखनऊ)
ब्रोंजः ध्वी मिश्रा (लखनऊ)

बैंबू बो स्टाइल अंडर 14 बॉयज़ (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः हार्दिक तिवारी (कानपुर)
सिल्वरः रुद्रनेश सेंगर (कानपुर)
ब्रोंजः इश कुमार (बाराबंकी)

बैंबू बो स्टाइल अंडर 14 बॉयज़ (फाइव स्पॉट)
गोल्डः स्वास्तिक कबीयन (कानपुर)
सिल्वरः अफ्फान अहमद (प्रयागराज)
ब्रोंजः आयुष

बैंबू बो स्टाइल अंडर 14 बॉयज़ (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः शिवाय मिश्रा (कानपुर)
सिल्वरः श्रीहन सरोज (बाराबंकी)

रिकर्व बो स्टाइल अंडर 14 बॉयज़ (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः अनुजेश मन अवस्थी (लखनऊ)
सिल्वरः प्रभात किशोर

बैंबू बो स्टाइल यू-14 गर्ल्स (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः वैष्णवी (प्रयागराज)
सिल्वरः अमृता तिवारी (बाराबंकी)
ब्रोंजः श्रेष्ठा शुक्ला (लखनऊ)

बैंबू बो स्टाइल यू-14 बॉयज़ (मिक्स स्पॉट)
गोल्डः अंकित निगम (बाराबंकी)
सिल्वरः स्वास्तिक त्रिपाठी (प्रयागराज)
ब्रोंजः मोसिम अहमद (प्रयागराज)

रिकर्व बो स्टाइल यू-14 गर्ल्स (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः श्री जानवी रावत (लखनऊ)

बैंबू बो स्टाइल यू-14 गर्ल्स (मिक्स स्पॉट)
गोल्डः अनन्या वर्मा (लखनऊ)
सिल्वरः अक्षिता मिश्रा (लखनऊ)
ब्रोंजः अनया सेन सिंह (लखनऊ)

बैंबू बो स्टाइल यू-19 बॉयज़ (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः अभिमन्यु पटेल (बाराबंकी)
सिल्वरः यशवीर (लखनऊ)
ब्रोंजः दीपेंद्र चक्रवर्ती (लखनऊ)

बैंबू बो स्टाइल यू-19 बॉयज़ (मिक्स स्पॉट)
गोल्डः राहुल सिंह (लखनऊ)
सिल्वरः ध्रुव शुक्ला (लखनऊ)
ब्रोंजः पंथ श्रीवास्तव (लखनऊ)

बैंबू बो स्टाइल यू-19 बॉयज़ (फाइव स्पॉट)
गोल्डः अंश (बाराबंकी)
सिल्वरः उज्जवल राय (लखनऊ)
ब्रोंजः हार्दिक (बाराबंकी)

कंपाउंड बो स्टाइल यू-19 बॉयज़ (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः प्रणव चौधरी (लखनऊ)
सिल्वरः कुणाल (बाराबंकी)
ब्रोंजः शाक्या मिश्रा (बाराबंकी)

रिकर्व बो स्टाइल यू-19 बॉयज़ (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः विवेक कश्यप (बाराबंकी)
सिल्वरः आयुषमान अव्यय (लखनऊ)
ब्रोंजः पवार अली (लखनऊ)

बैंबू बो स्टाइल यू-19 गर्ल्स (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः आदिया सिंह (लखनऊ)
सिल्वरः मार्शिका सिंह (लखनऊ)
ब्रोंजः साक्षी कुशवाहा (कानपुर)

बैंबू बो स्टाइल यू-19 गर्ल्स (मिक्स स्पॉट)
गोल्डः अनुशी सिंह (लखनऊ)
सिल्वरः श्रेयांश (लखनऊ)
ब्रोंजः वर्तिका (लखनऊ)

रिकर्व बो स्टाइल यू-19 गर्ल्स (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः प्रियांशी गोयल (लखनऊ)
सिल्वरः वैदभवी (प्रयागराज)

बैंबू बो स्टाइल यू-19 गर्ल्स (फाइव स्पॉट)
गोल्डः अनन्या कन्नौजिया (लखनऊ)

बैंबू बो स्टाइल सीनियर मेन्स (फाइव स्पॉट)
गोल्डः वजीहुद्दीन अंसारी (बाराबंकी)
सिल्वरः सागर कुमार (लखनऊ)

रिकर्व बो स्टाइल सीनियर मेन्स (फाइव स्पॉट)
गोल्डः आदित सिंह (लखनऊ)

बैंबू बो स्टाइल सीनियर वुमेन्स (सिंगल स्पॉट)
गोल्डः रितु भारती (लखनऊ)

कार्यक्रम में दिव्यांश जैन,सुशांत कुमार यादव,गौरव अवस्थी इत्यादि मौजूद रहे ।

# जीत का खाता खोलने के इरादे से उतरेंगे न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका

एजेंसी

इंदौर। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें सोमवार को जब महिला विश्व कप के मैच में आमने-सामने होंगी तो अपने शुरुआती मुकाबलों में मिली करारी हार की निराशा को भुलाकर जीत का खाता खोलने का प्रयास करेंगी। न्यूजीलैंड को जहां अपनी गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होती तो वहीं दक्षिण अफ्रीका की नजरें अपनी बल्लेबाजों की फॉर्म पर होगी। न्यूजीलैंड को पहले मैच में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी तो वहीं दक्षिण अफ्रीका को इंग्लैंड ने 10 विकेट से रौंद दिया। दोनों ही मुकाबलों में हारने वाली टीम की बल्लेबाजों ने निराश किया। न्यूजीलैंड की गेंदबाजों ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 22वें ओवर में पांच विकेट पर 128 रन करने के बावजूद उसे 326 रन बनाने




दिए। ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर ने शानदार शतक जड़कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की और कप्तान सोफी डिवाइन की 112 रन की पारी के बावजूद न्यूजीलैंड की टीम लक्ष्य के करीब भी नहीं पहुंच पाई। न्यूजीलैंड ने आखिरी पांच विकेट केवल 19 रन पर गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका के मामले में यह एकतरफा मुकाबला रहा क्योंकि उनकी टीम 69 रन पर आउट हो गई और उसकी केवल एक खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंच पाई। दक्षिण अफ्रीका को प्रतिस्पर्धी बनने के लिए लॉरा वोलवार्ट, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और मारिजैन कैप के बल्ले से बेहतर योगदान की उम्मीद होगी। विश्व कप से पहले अपने आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम पाकिस्तान से हार गई थी और सिर्फ 115 रन ही बना पाई थी जो बल्ले से उनकी लगातार नाकामी को दर्शाता है। हालांकि कागजों पर न्यूजीलैंड प्रबल दावेदार है क्योंकि उनके पास गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में बेहतर क्षमता है, विशेषकर स्पिन गेंदबाजी में जहां अमेलिया केर के 10 ओवर निर्णायक साबित होंगे। एक और पहलू यहां की परिस्थितियां हैं जिन्हें न्यूजीलैंड बेहतर समझता है क्योंकि वे इस मैदान पर अपना लगातार दूसरा मैच खेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका गुवाहाटी से आएगा और उसकी बल्लेबाज एक अच्छी पिच पर बल्लेबाजी करना चाहेंगी जहां गेंद आसानी से बल्ले पर आती हो।

# 4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंचे जडेजा

एजेंसी

नयी दिल्ली। अहमदाबाद में वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने आलराउंड प्रदर्शन से प्लेयर ऑफ द मैच बने दुनिया के नंबर एक आलराउंडर भारत के रवींद्र जडेजा 4000 रन और 300 विकेट के डबल के बेहद करीब पहुंच गए हैं। जडेजा को यह उपलब्धि हासिल करने के लिए केवल 10 रन और चाहिए ताकि वे इस क्लब के चौथे सदस्य बन सकें। जडेजा दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। 5000 रन और 400 विकेट वाले क्लब में वर्तमान में केवल कपिल देव हैं। अब वहां तक जडेजा भी पहुंच सकते हैं। इस उपलब्धि के बारे में पूछे जाने पर पहले टेस्ट के बाद जडेजा ने हंसते हुए कहा, ''अब आप मुझ पर दबाव डाल रहे हैं। मुझे सोचना पड़ेगा कि कैसे 1000 और रन बनाएं और 60-70 और विकेट लें।'' उनके खाते में 3990 रन और 334 विकेट हैं। ''इस समय मैं अपनी क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। मैं रिकॉर्ड या




मील के पत्थर के बारे में नहीं सोच रहा। मैं सिर्फ़ अपनी फ़िटनेस पर काम कर रहा हूं और क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं। जब भी मैं घर में होता हूं। हमेशा फ़िटनेस पर काम करता हूं ताकि मैं वही करता रहूं जो इतने सालों से कर रहा हूं। 36 साल की उम्र में रवींद्र जडेजा मैदान पर अभी भी सक्रिय हैं। उन्होंने पहले टेस्ट में नाबाद 104 रन बनाये और दूसरी पारी में चार विकेट लिए। अहमदाबाद में यह शतक जडेजा के लिए 2025 में बल्ले से एक शानदार साल को और लंबा करता है। इस साल अब तक उन्होंने सात टेस्ट में 82.37 औसत के साथ 659 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। इसमें से 516 रन इंग्लैंड में आए। वहां उनके आठ पारियों में छह 50 स्कोर शामिल थे।

# श्रीकांत की सनसनीखेज हार, महिला वर्ग में होगा अखिल भारतीय फाइनल

एजेंसी

नयी दिल्ली। अल ऐन मास्टर्स 2025 शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबलों की एक रोमांचक श्रृंखला के साथ अपने चरम पर पहुंच गया, जिसमें कौशल और सहनशक्ति दोनों की परीक्षा हुई। जहां अनुभवी सितारों ने विश्व स्तरीय बैडमिंटन की झलकियां दिखाईं, वहीं युवा खिलाड़ियों ने निडर प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं। बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 टूर्नामेंटों में से एक के रूप में, अल ऐन मास्टर्स उभरते हुए शटलरों को रैंकिंग में ऊपर उठने और उच्च स्तर पर अनुभव प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता रहा है। यह वर्ष भी कोई अपवाद नहीं रहा, खलीफा बिन जायद हॉल में अंतिम दिन से पहले कई महत्वपूर्ण क्षण देखने को मिले। मलेशिया के ऐदिल शोलेह ने पुरुष एकल सेमीफाइनल में पूर्व विश्व नंबर 1 भारत के किदांबी श्रीकांत को हराकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। शोलेह, जो अब एक स्वतंत्र खिलाड़ी के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, के लिए यह पिछले साल इंडोनेशिया मास्टर्स में रजत पदक जीतने के बाद उनके करियर का दूसरा सुपर 100 फ़ाइनल होगा। दूसरे सेमीफ़ाइनल में, फ़िनलैंड के विश्व नंबर 54 खिलाड़ी जोआकिम ओल्डॉर्फ ने वियतनाम के हाई डांग गुयेन को 21-17, 21-17 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। यूरोपीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता, फ़िनिश शटलर अब अपने पहले सुपर 100 फ़ाइनल में पहुंच गए हैं। भारत की उभरती हुई सितारा तस्नीम मीर और श्रेयांशी वलीशेट्टी ने अपने पहले सुपर 100 फ़ाइनल में जगह पक्की कर ली है और अब रविवार को अखिल भारतीय महिला एकल मुक़ाबले में आमने-सामने होंगी। गुजरात की 20 वर्षीय मीर ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तुर्की की नेस्लिहान एरिन को 9-21, 21-17, 21-10 से हराया। वलीशेट्टी ने ज़्यादा आक्रामक खेल दिखाया और इंडोनेशिया की चियारा मार्वेला हांडोयो को सीधे गेमों में 21-11, 21-12 से हराकर फ़ाइनल में अपनी जगह पक्की की। महिला युगल में, चीनी ताइपे की किशोर जोड़ी लियांग चिंग सुन और यान फ़ेई चेन ने ऑस्ट्रेलियाई ओलंपियन और ओसनिया चैंपियन ग्रोन्या सोमरविले और एंजेला यू को मात्र 27 मिनट में 21-11, 21-17 से हराकर टूर्नामेंट का सबसे बड़ा उलटफ़ेर किया।

# टी20 लंबी कूद में जिलेइडे ने स्वर्ण,फातमा ने रजत और कैरोलिना ने कांस्य पदक जीता

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंडियनऑयल नयी दिल्ली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में ब्राजील की जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा ने रविवार को स्वर्ण और तुर्किये की फातमा दामला अल्टिन ने रजत पदक पोलैंड की कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का ने महिला लंबी कूद टी20 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। आज यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में जिलेइडे कैसियानो दा सिल्वा और फातमा दामला अल्टिन ने गति, लय और उड़ान के साथ 5.88 मीटर और 5.72 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण और रजत पदक जीता। 2024 में भाग न लेने के बाद विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वापसी कर रही दिग्गज कैरोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5.55 मीटर रहा। 2011 में पदार्पण के बाद से, करोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का की किसी वैश्विक प्रतियोगिता में यह केवल तीसरी




हार थी। उन्होंने चार विश्व चैंपियनशिप और तीन पैरालंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीते हैं। हालांकि उन्होंने कई बार 6 मीटर की छलांग लगाई है, लेकिन टखने की चोट के कारण उन्हें कांस्य पदक के लिए इस सीजन की सर्वश्रेष्ठ छलांग से ही संतोष करना पड़ा। करोलिना कुचार्जिक-उरबांस्का ने कहा कि कांस्य पदक उन्हें स्वर्ण पदक जैसा लगा क्योंकि वह अपने टखने की चोट से जूझ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें यह पसंद आया कि कैसे उन्होंने अपरिचित गर्मी और उमस में प्रतिस्पर्धा करने के बावजूद पोडियम पर बने रहने के लिए अंत तक संघर्ष किया। उन्होंने कहा, ''आज मुझे बहुत मज़ा आया।'' उन्होंने कहा, मैंने पोडियम पर पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की। शॉट पुट सर्कल से, नीदरलैंड की लारा बार्स ने महिलाओं के एफ40 वर्ग में लोहे की गेंद को 9.77 मीटर से ऊपर फेंककर एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। 9 मीटर के निशान को पार करने वाली एकमात्र प्रतियोगी, 28 वर्षीय लारा ने अपना ही विश्व रिकॉर्ड दो बार फिर से बनाया, इस प्रकार नई दिल्ली 2025 में 30वां विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस बीच, रविवार सुबह, अपील जूरी ने पहले के एक फैसले को पलट दिया और ब्राजीलियाई खिलाड़ी के चार अंक बहाल कर दिए। पॉलिनो डॉस सैंटोस थियागो ने पुरुषों की शॉट पुट एफ57 स्पर्धा के फाइनल में 14.82 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता और भारत के सोमन राणा को कांस्य पदक मिला तथा फिनलैंड के तीजो कोप्पिका को पोडियम से बाहर कर दिया। भारत के पदकों की संख्या 18 बनी हुई है, लेकिन अब उसके पास प्रत्येक रंग के छह पदक हैं और वह तालिका में सातवें स्थान पर है। भारत की आगे बढ़ने की उम्मीदें स्प्रिंटर सिमरन शर्मा के कंधों पर टिकी हैं, क्योंकि वह महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा के फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जहाँ उनका मुकाबला क्लारा बैरोस दा सिल्वा (ब्राजील) और वेनेजुएला की एलेजांद्रा पाओला पेरेज लोपेज से होगा।

# यात्रा, पर्यटन से 2035 तक नौ करोड़ नए रोजगार सृजित होंगे: डब्ल्यूटीटीसी

एजेंसी

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय यात्रा एवं पर्यटन क्षेत्र अगले 10 वर्षों में 9.1 करोड़ नई नौकरियों का सृजन करेगा, जो वैश्विक स्तर पर सृजित प्रत्येक तीन नौकरियों में से एक के बराबर है। विश्व यात्रा एवं पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। 'फ्यूचर ऑफ द ट्रैवल एंड टूरिज्म वर्कफोर्स' नामक रिपोर्ट में कहा गया कि यदि जनसांख्यिकीय और संरचनात्मक बदलावों पर ध्यान नहीं दिया गया तो इससे कार्यबल में 4.3 करोड़ से अधिक लोगों की कमी हो सकती है। यह रिपोर्ट 20 अर्थव्यवस्थाओं पर केंद्रित है। डब्ल्यूटीटीसी यात्रा और पर्यटन उद्योग के मुद्दों पर सरकारों के साथ काम करती है, तथा इस क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक योगदान पर यह एक वैश्विक प्राधिकरण है। एक विज्ञप्ति में कहा गया कि हाल ही में रोम में आयोजित 25वें डब्ल्यूटीटीसी वैश्विक शिखर सम्मेलन में जारी की गई यह रिपोर्ट व्यापक वैश्विक शोध पर आधारित है, जिसमें व्यापारिक दिग्गजों और पर्यटन निकाय के सदस्यों तथा अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ गहन साक्षात्कार शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 2024 में यात्रा और पर्यटन की मांग पहले से कहीं अधिक मजबूत थी। इस क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में योगदान 8.5 प्रतिशत बढ़कर 10,900 अरब डॉलर तक पहुंच गया। साथ ही, यात्रा सेवाएं देने वाली कंपनियों ने 2.07 करोड़ नई नौकरियां पैदा कीं, जिससे इस क्षेत्र में दुनिया भर में कुल रोजगार की संख्या 35.7 करोड़ हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि अगले दशक में इस क्षेत्र में 9.1 करोड़ नई नौकरियां पैदा होने का अनुमान है, जो वैश्विक स्तर पर सृजित प्रत्येक तीन नई नौकरियों में से एक होगी। रिपोर्ट में कहा गया कि 2035 तक यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में कर्मचारियों की वैश्विक मांग, आपूर्ति के मुकाबले 4.3 करोड़ से ज्यादा बढ़ जाएगी।

# पहली बार 100 अरब डॉलर के करीब पहुंचा देश का स्वर्ण भंडार

एजेंसी

मुंबई। मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों के मद्देनजर दुनिया के दूसरे केंद्रीय बैंकों की तरह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी स्वर्ण भंडार लगातार बढ़ा रहा है और अब यह पहली बार 100 अरब डॉलर पर पहुंचने के करीब है।

केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 2.238 अरब डॉलर बढ़कर 95.017 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका अब तक का उच्चतम स्तर है।

विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट देखी गयी, लेकिन स्वर्ण भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ा है। यह दिखाता है कि केंद्रीय बैंक अब विदेशी मुद्रा से ज्यादा सोने पर भरोसा कर रहा है और लगातार स्वर्ण भंडार बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इसमें कुछ योगदान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में जारी तेजी का



भी है। उल्लेखनीय है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.334 अरब डॉलर घटकर 700.236 अरब डॉलर रह गया। इसमें विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.393 अरब डॉलर घटकर 581.757 अरब डॉलर पर आ गयी। विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत अब रूस से पिछड़कर दुनिया में पांचवें स्थान पर आ गया है। चीन, जापान और स्विटजरलैंड क्रमशः पहले तीन स्थान पर हैं। हालांकि स्वर्ण भंडार को छोड़ दिया जाये, तो भारत अब भी चौथे स्थान पर कायम है।

# वेदांता ने दूसरी तिमाही में बनाया एल्युमीनियम जस्ता उत्पादन का नया रिकार्ड

एजेंसी

नयी दिल्ली। वेदांता लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि उसने वर्तमान वित्त वर्ष 2025- 26 की दूसरी तिमाही के दौरान एल्युमीनियम, एल्युमिना, जस्ते के उत्पादन के नये तिमाही रिकार्ड बनाये हैं। इस दौरान कंपनी ने नयी स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता भी चालू की है। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार उसने इस वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में 6.53 लाख टन एल्युमिना उत्पादन के साथ अपना अब तक का सबसे ऊंचा तिमाही उत्पादन दर्ज किया। यह एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 31 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा है कि यह रिकार्ड लांजीगढ़ रिफ़ाइनरी के प्रदेर्शन में निरंतर वृद्धि और दक्षता में सुधार का परिणाम है। आलोच्य तिमाही में एल्युमीनियम उत्पादन का 6.17 लाख टन का नया रिकॉर्ड बना जो मज़बूत परिचालन को दर्शाता है। वेदांता समूह की जस्ता उत्पादक कंपनी जिंक इंडिया में खनिज धातु का उत्पादन दूसरी तिमाही में 2.58 लाख टन के साथ सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुँच गया। समूह की जिंक इंटरनेशनल ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसका खनिज धातु उत्पादन 60,000 टन रहा, जो साल-दर-साल 38 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। कंपनी ने कहा कि जिंक इंटरनेशनल के उत्पादन की मात्रा और गुणवत्ता दोनों अच्छी रही। तिमाही के दौरान पिग आयरन का उत्पादन बढ़कर रिकॉर्ड 2.38 लाख टन हो गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। ब्लास्ट फर्नेस परिचालन में आई रुकावटों को दूर करने से पिग आयरन के उत्पादन का बल मिला। आलोच्य तिमाही में समूह की बिजली उत्पादन क्षमता का विस्तार एक प्रमुख आकर्षण रहा। मीनाक्षी चरण-दा (700 मेगावाट) और एथेना इकाई-1 (600 मेगावाट) का परिचालन शुरू हो गया। ये दोनों इकाइयों पूरी तरह से चालू हैं। इससे कंपनी के परिचालनों के लिए बिजली की विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित हुई है।

# शेयर बाजार पर दिखेगा वैश्विक कारकों का असर

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में बाजार पर वैश्विक कारकों का असर दिखेगा। निवेशकों की नजर भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर होगी। इसके अलावा रिजर्व बैंक द्वारा पिछले सप्ताह किये गये बैंकिंग सुधारों का असर भी बाजार पर जारी रह सकता है। अगले सप्ताह से कंपनियों के दूसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम भी आने शुरू होंगे जिनमें दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का परिणाम गुरुवार को आयेगा। एचएसबीसी की सेवा क्षेत्र की पीएमआई रिपोर्ट सोमवार को जारी होनी है। बीते सप्ताह में बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। पहले दो दिन बाजार में गिरावट रही जबकि रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति बयान के बाद अगले दो दिन तेजी देखी गयी। गुरुवार को गांधी जयंती के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे। बीएसई के 30 शेयरों वाले संवेदी सूचकांक सेंसेक्स में 780.71 अंक (0.97 प्रतिशत) की साप्ताहिक तेजी रही और सप्ताहांत पर यह 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 0.97 प्रतिशत यानी 239.55 अंक चढ़कर शुक्रवार को 24,894.25 अंक पर पहुंच गया। सप्ताह के दौरान सार्वजनिक बैंकों के सेक्टर में तेजी रही। धातु समूह में भी जबरदस्त तेजी देखी गयी। निजी बैंकों, तेल एवं गैस, वित्त, ऑटो, फार्मा और रियलिटी सेक्टरों में भी जबरदस्त तेजी रही।

## शेयर समीक्षा

मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.81 प्रतिशत चढ़ा। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स का शेयर सबसे अधिक 6.39 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त में रहा। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 5.34 प्रतिशत, बीईएल का 4.22, टाइटन का 3.76 और टाटा स्टील का 3.43 प्रतिशत चढ़ा।



# शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का बाजार पूंजीकरण 74,573 करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 74,573.63 करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 780.71 अंक या 0.97 प्रतिशत चढ़ा, और निफ्टी में 239.55 अंक या 0.97 प्रतिशत की तेजी आई। एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को फायदा हुआ, जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल और इंफोसिस के मूल्यांकन में गिरावट आई। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 30,106.28 करोड़ रुपये बढ़कर 14,81,889.57 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 20,587.87 करोड़ रुपये बढ़कर 5,72,507.17 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 9,276.77 करोड़ रुपये बढ़कर 8,00,340.70 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 7,859.38 करोड़ रुपये बढ़कर 5,97,806.50 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 19,351.44 करोड़ रुपये घटकर 18,45,084.98 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 12,031.45 करोड़ रुपये घटकर 10,80,891.08 करोड़ रुपये और इंफोसिस का बाजार पूंजीकरण 850.32 करोड़ रुपये घटकर 6,00,954.93 करोड़ रुपये रह गया। देश में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

सनफार्मा के शेयर में 2.99 फीसदी, ट्रेंट में 2.85, पावर ग्रिड में 2.66. एक्सिस बैंक में 2.42, इटरनल में 2.30 और एचडीएफसी बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। अडानी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, एनटीपीसी और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी एक प्रतिशत से दो प्रतिशत के बीच चढ़े।

# अक्टूबर में दो दिन में एफपीआई ने बेची 3,842 करोड़ की इक्विटी

मुंबई। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में महज दो दिन में 3,842 करोड़ रुपये की इक्विटी की शुद्ध बिकवाली की। इस महीने 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवकाश के कारण शेयर तथा दूसरे पूंजी बाजारों में अब तक दो दिन ही कारोबार हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान एफपीआई ने इक्विटी में 3,842 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की। इक्विटी समेत पूंजी बाजार से उनकी कुल शुद्ध निकासी 1,262 करोड़ रुपये रही। इस दौरान, म्यूचुल फंड में उन्होंने 281 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की, जबकि डेट में 2,681 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीद की। हाइब्रिड इनस्ट्रूमेंट में भी उन्होंने 181 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की। मई के बाद से एफपीआई पूंजी बाजार में लगातार बिकवाल रहे हैं। सितंबर में उन्होंने 12,571 करोड़ रुपये, अगस्त में 20,635 करोड़ रुपये, जुलाई में 5,261 करोड़ रुपये और जून में 7,769 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की थी।

# शक्तिसैट अभियान से जुड़ी छात्राएं राष्ट्रपति मुर्मू से मिलीं

एजेंसी



नयी दिल्ली। चंद्रमा पर भेजे जाने वाले अंतरिक्ष यान 'शक्तिसैट' को विकसित करने वाली टीम में शामिल मध्यप्रदेश की छात्राओं ने दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

ये छात्राएं चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्टअप 'स्पेस किड्ज इंडिया' की वैश्विक, पूर्ण बालिका पहल का हिस्सा हैं। उन्होंने पिछले हफ्ते राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात की और 'शक्तिसैट' अभियान के बारे में अद्यतन जानकारी दी। 'स्पेस किड्ज इंडिया' की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्रीमती केसन ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ल्लशक्तिसैट अभियान विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्र में सशक्तीकरण के लिए एक अभूतपूर्व वैश्विक पहल है, जो चंद्रमा की सतह पर भेजे जाने वाले अंतरिक्ष यान की डिजाइनिंग, विकास और प्रक्षेपण के लिए किए जा रहे सहयोगात्मक प्रयास में 108 देशों के 12,000 छात्रों को एकजुट करता है। केसन ने बताया कि अभियान में शामिल मध्यप्रदेश की कई छात्राएं ग्रामीण इलाकों के सरकारी स्कूलों से आती हैं और अपने परिवार में शिक्षा हासिल करने वाली पहली पीढ़ी हैं, जो वास्तव में समावेशी विकास के राष्ट्र के दृष्टिकोण को साकार करती हैं। उन्होंने कहा कि ये लड़कियां उत्सुक छात्राओं से आत्मविश्वास से भरी नवप्रवर्तकों में तब्दील हो रही हैं और कक्षीय यांत्रिकी, उपग्रह उप-प्रणालियों तथा कोडिंग में महारत हासिल कर रही हैं। केसन ने कहा, उनकी उल्लेखनीय यात्रा शिक्षा, सशक्तीकरण और वैज्ञानिक प्रगति से प्रेरित भविष्य के निर्माण की भारत की आकांक्षाओं को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि 'शक्तिसैट' अभियान के तहत दो पेलोड विकसित किए जाएंगे, जिनमें से एक पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) और दूसरा चंद्रमा के लिए होगा। केसन के मुताबिक, एलईओ पेलोड को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित प्रक्षेपण केंद्र से प्रक्षेपित किया जाएगा और यह चंद्रमा मिशन के लिए जमीन तैयार करने का काम करेगा। उन्होंने बताया कि चंद्रमा पर भेजे जाने वाले पेलोड को जापान की निजी अंतरिक्ष कंपनी 'आईस्पेस' के 'रिसिलिएंस' मिशन के तहत प्रशेक्षित किए जाने की संभावनाएं खंगाने के लिए बातचीत की जा रही है। केसन के अनुसार, राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान छात्राओं ने उन्हें बताया कि 'शक्तिसैट' अभियान ने किस तरह उनमें आत्मविश्वास, दृढ़ता और वैश्विक जुड़ाव की भावना पैदा की है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक भागीदार देश से 108 छात्रों को शामिल करने का मिशन का मकसद प्रतिभा को पोषित करना, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना और अंतरिक्ष विज्ञान में मौजूद व्यापक संभावनाओं में दिलचस्पी जगाना है, जिससे अंततः एक ऐसा प्रभाव पैदा होगा, जो दुनियाभर में लाखों युवा लड़कियों को प्रेरित करेगा। 'स्पेस किड्ज इंडिया' ने 19 बैलूनसैट, तीन सबऑर्बिटल पेलोड और चार ऑर्बिटल सैटेलाइट प्रक्षेपित किए हैं। यह स्टार्टअप दुनिया का पहला ऐसा संगठन होना का दावा करता है, जिसने हाईस्कूल और कॉलेज के छात्रों की मदद से उपग्रह प्रक्षेपित किए हैं।

# भारत उन्हीं का है जिन्होंने उसे हर युग में संभाला : सह सरकार्यवाह अरुण कुमार

एजेंसी

इंदौर। महानगर के ऐतिहासिक डेली कॉलेज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने जब मंच संभाला, तो उनका पहला प्रश्न ही समूचे विमर्श का सार बन गया, ल्लराष्ट्र किसका है, यह प्रश्न ही कैसे पैदा हुआ? यह प्रश्न मात्र विचारोत्तेजक नहीं, उस मानसिक विचलन का प्रतीक भी है जो स्वाधीनता के बाद धीरे-धीरे हमारे राष्ट्रीय विमर्श में प्रवेश कर गया, जब भारत की अस्मिता को टुकड़ों में बाँटने की कोशिशें तेज हुईं और यह सवाल खड़ा किया गया कि 'राष्ट्र किसका है'।

सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने यह बातें शनिवार को इंदौर में आयोजित संघ के आदरांजलि कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में कहीं।उनका उत्तर स्पष्ट था; यह राष्ट्र किसी 'नए निर्माण' का परिणाम नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की सतत सभ्यतागत यात्रा का परिणाम है। यह न किसी एक शासन का दिया हुआ उपहार है, न किसी सत्ता के निर्णय का परिणाम। भारत वह भूमि है, जिसे इसके पूर्वजों ने अपने त्याग, तप, और बलिदान से गढ़ा है। यही भाव इस विचार का केंद्र है कि भारत उन लोगों का है, जिनके पूर्वजों ने हर कष्ट सहकर इसे बनाए रखा है। अरुण कुमार ने कहा कि ल्लराष्ट्रभक्ति केवल जय-जयकार में नहीं, बल्कि हर पल राष्ट्र और समाज के लिए जीने में है, आज के समय के लिए गहरी सीख है। जब देशभक्ति को नारों और प्रतीकों तक सीमित कर दिया गया है, तब यह विचार हमें आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा, भारतीय परंपरा में राष्ट्र-भक्ति केवल भावनात्मक या राजनीतिक अवधारणा नहीं रही; यह आचार, आस्था और आचरण का विषय रही है। 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' का भाव इसी से उपजा है। संघ की दृष्टि में राष्ट्रभक्ति केवल सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की रचना और उसकी उन्नति में सक्रिय योगदान का नाम है। हर स्वयंसेवक का जीवन इसी सूत्र से संचालित होता है, हम क्या पा सकते हैं नहीं, बल्कि हम क्या दे सकते हैं।

# नौ अक्टूबर को दो दिन की आस्ट्रेलिया यात्रा पर जायेंगे राजनाथ

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नौ अक्टूबर को आस्ट्रेलिया की दो दिन की यात्रा पर जायेंगे और इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढाने से संबंधित तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किये जाने की संभावना है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि श्री सिंह ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस के निमंत्रण पर नौ से दस अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह वर्ष 2014 के बाद से किसी भारतीय रक्षा मंत्री की पहली ऑस्ट्रेलिया यात्रा है।

यह यात्रा ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हो रही है जब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी (सीएसपी) के पांच वर्ष पूरे रहे हैं। रक्षा मंत्री अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष के साथ द्विपक्षीय चर्चा करने के साथ -साथ सिडनी में एक व्यावसायिक गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे जिसमें दोनों पक्षों के उद्योग जगत के प्रमुख भाग लेंगे। वह ऑस्ट्रेलिया के अन्य राष्ट्रीय नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। यह यात्रा दोनों पक्षों को द्विपक्षीय संबंधों और रक्षा साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए नई तथा सार्थक पहलों का पता लगाने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।

इस दौरान दोनों देशों के बीच सूचना आदान-प्रदान, समुद्री क्षेत्र और संयुक्त गतिविधियों के क्षेत्रों में सहयोग बढाने के तीन समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच समय के साथ रक्षा संबंधों का विस्तार हुआ है और इसमें दोनों सेनाओं के बीच व्यापक संपर्क, सैन्य आदान-प्रदान, उच्च-स्तरीय दौरे, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रम, समुद्री क्षेत्र में सहयोग, पोत भ्रमण और द्विपक्षीय अभ्यास शामिल हैं।

# भारत की एकता को भाषा, धर्म या क्षेत्रीय पहचान से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखना होगा : मोहन भागवत

एजेंसी

सतना। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि भारत की एकता को भाषा, धर्म या क्षेत्रीय पहचान से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखना होगा। आज जरूरत है कि हम अच्छा दर्पण देखें, वह जो हमें एक दिखाए। उन्होंने कहा कि जो हम घर का कमरा छोड़कर आए हैं, एक दिन उसे वापस लेकर फिर से डेरा डालना है। जो हमारा हक है, उसे हम वापस लेंगे, क्योंकि वह हमारा ही है।

सरसंघचालक डॉ. भागवत आज यहां बाबा सिंधी कैंप स्थित मेहर शाह दरबार के नए भवन का लोकार्पण अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। हम सब सनातनी हैं, हम सब हिंदू हैं। पर एक चालाक अंग्रेज आया, जिसने हमें टूटा हुआ दर्पण दिखाया और अलग-अलग कर गया। उसने हमारी आध्यात्मिक चेतना छीन ली, हमें भौतिक वस्तुएं दे दीं और उसी दिन से हम एक-दूसरे को अलग समझने लगे। भारत की एकता को भाषा, धर्म या क्षेत्रीय पहचान से नहीं, बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से देखना होगा। आज जरूरत है कि हम अच्छा दर्पण देखें, वह जो हमें एक दिखाए। जब हम आध्यात्मिक परंपरा वाले दर्पण में देखेंगे, तो पाएंगे कि सब एक हैं। यही दर्पण हमारे गुरु दिखाते हैं, और हमें उसी मार्ग पर चलना चाहिए। ये अवसर भले धार्मिक था, परंतु इसका भाव सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बन गया। डॉ. भागवत के ओजस्वी शब्दों ने उपस्थित

**सरसंघचालक ने दिया एकता का संदेश, बोले-आज जरूरत है हम अच्छा दर्पण देखें, वह जो हमें एक दिखाए-जो हमारा हक है, उसे हम वापस लेंगे, क्योंकि वह हमारा ही है, भारत की विविधता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है**

जनसमूह में वह ऊर्जा भर दी, जिसने सबको अपने सनातन स्वरूप की याद दिलाई। अपने संबोधन में डॉ. भागवत ने सबसे पहले इस बात पर बल दिया कि हम सभी अपने भीतर झांके, अपने अहंकार को त्यागे और अपने स्व को पहचाने। ल्लजब हम स्वयं को पहचानेंगे, तभी समाज में परिवर्तन आएगा,ङ्क उन्होंने कहा, भारत में अनेक भाषाएं हैं, लेकिन भाव एक ही है, मातृभूमि के प्रति प्रेम और एकता की भावना। अपने भाषण के भावनात्मक हिस्से में संघ प्रमुख ने बंटवारे की ऐतिहासिक पीड़ा का उल्लेख करते हुए कहा कि 1947 के विभाजन में जो सिंधी भाई पाकिस्तान नहीं गए, वे वास्तव में अविभाजित भारत के प्रतीक हैं, जो हम घर का कमरा छोड़कर आए हैं, एक दिन उसे वापस लेकर फिर से डेरा डालना है। जो हमारा हक है, उसे हम वापस लेंगे, क्योंकि वह हमारा ही है। उन्होंने कहा कि भाषा, भूषा, भजन, भवन, भ्रमण, भोजन ये हमारा चाहिए, जैसा हमारी परंपराओं में है, वैसा चाहिए। डॉ. भागवत ने कहा कि कुछ लोग स्वयं को हिंदू नहीं मानते, लेकिन पूरी दुनिया उन्हें उसी रूप में देखती है। जो लोग खुद को हिंदू नहीं कहते, वे विदेश चले जाते हैं, पर वहां भी लोग उन्हें हिंदू ही कहते हैं। यह उनकी कोशिशों के बावजूद होता है, क्योंकि हमारी पहचान हमारी जन्मभूमि, संस्कृति और जीवन दृष्टि से जुड़ी है, किसी लेबल से नहीं, उन्होंने कहा, यह कथन भारत की सांस्कृतिक निरंतरता का प्रतीक है, यह संदेश देता है कि भारत की आत्मा को न तो सीमाओं से बाँधा जा सकता है, न ही उसे किसी नाम से सीमित किया जा सकता है।

इस दौरान सरसंघचालक डॉ भागवत ने समाज को एक गहरी आध्यात्मिक सीख भी दी, ल्लअपना अहंकार छोड़ो और स्व को देखो। काम की इच्छा की पूर्ति के लिए अपने धर्म को मत छोड़ो। जब देश के स्व को लेकर चलेंगे, तो सारे स्वार्थ स्वयं ही सध जाएंगे। उन्होंने कहा कि धर्म केवल पूजा-पद्धति नहीं है, बल्कि जीवन जीने की

## सात अक्टूबर तक तूफान 'शक्ति' के मद्देनजर मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह

**नयी दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य अरब सागर में बना भीषण चक्रवाती तूफान ''शक्ति'' पिछले छह घंटों के दौरान आठ किलोमीटर प्रति घंटे की गति से दक्षिण-पशचिम की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने कहा है कि ''शक्ति'' तूफान के मद्देनजर छह अक्टूबर तक पूर्वोत्तर अरब सागर तथा सौराष्ट्र और कच्छ के तटों पर 35 से 45 किमी प्रति घंटे से लेकर 55 किमी प्रति घंटे की गति से हवायें चलने की संभावना है। इसके साथ ही समंदर की स्थिति छह अक्टूबर तक उत्तर-पूर्व अरब सागर और सौराष्ट्र और कच्छ के तटों पर बहुत उग्र रहने की संभावना है। इसके दक्षिण-पशचिम दिशा में आगे बढ़ने और छह अक्टूबर की सुबह तक धीरे-धीरे कमजोर होकर एक चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। इसके बाद यह फिर से घूमेगा और पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम अरब सागर के ऊपर लगभग पूर्व की ओर बढ़ेगा। सात अक्टूबर की दोपहर तक और कमजोर होकर एक अवदाब में तब्दील हो जाएगा। मौसम विभाग ने कहा कि इस दौरान उत्तर-पश्चिम एवं इससे सटे पश्चिम-मध्य अरब सागर के ऊपर 105 से 115 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवायें चल रही है, जो 125 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक बढ़ जायेगी। मौसम विभाग ने मछुआरों को चेतावनी देते हुए कहा कि छह अक्टूबर तक उत्तर-पूर्वी अरब सागर एवं सौराष्ट्र-कच्छ तटों के साथ एवं निकटवर्ती समुद्री क्षेत्रों में और सात अक्टूबर तक पश्चिम-मध्य एवं उत्तर-पश्चिम अरब सागर में समुद्र में नाव लेकर नहीं जायें।

## आयोग ने बिहार में काटे 38 लाख मतदाताओं के नाम : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने मोदी सरकार के इशारे पर बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर 38 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काट दिए हैं। इससे 23 लाख महिलाएं और 15 लाख पुरुष वोट देने के अधिकार से वंचित हो गए हैं।

महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के इशारे पर चुनाव आयोग ने बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर भारी फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब साढ़े तीन करोड़ महिला मतदाता हैं लेकिन करीब 23 लाख महिलाओं के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए।अब ये महिलाएं आगामी विधानसभा चुनावों में वोट नहीं दे पाएंगी। सुश्री लांबा ने कहा कि राज्य के जिन छह जिलों में लाखों महिलाओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं, उनमें गोपालगंज, सारण, बेगूसराय, समस्तीपुर, भोजपुर और पूर्णिया विधानसभा शामिल हैं। इन छह जिलों में करीब 60 विधानसभा सीटें आती हैं।

# पेज एक का शेष

### फील्ड में तैनाती...

का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो पिछले वर्ष के 1,56,982 करोड़ की तुलना में लगभग 18,700 करोड़ अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय जीएसटी संग्रह में अग्रणी योगदान देना चाहिए और इसके लिए नियोजित प्रयास किए जाएं। बैठक में बोगस फर्मों और फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के मामलों पर विशेष चर्चा हुई। विभाग द्वारा अब तक 104 फर्मों में ?873.48 करोड़ के फर्जी आईटीसी की पहचान की गई है, जिन पर जांच एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व संग्रह में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और ईमानदारी सर्वोपरि है। जहां कमी दिखाई दे, वहां कारणों की समीक्षा कर तुरंत सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। उन्होंने बकाया वसूली, फर्जी आईटीसी की रोकथाम और लंबित जीएसटी/वैट मामलों के त्वरित निस्तारण पर विशेष बल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि करदाताओं की सुविधा और विश्वास अर्जन ही स्थायी राजस्व वृद्धि का आधार है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि करदाता-मित्रवत वातावरण तैयार करते हुए ई-गवर्नेंस प्रणाली को और सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ''राजस्व वृद्धि राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने का आधार है। विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में राज्य कर विभाग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हर अधिकारी यह सुनिश्चित करे कि कर संग्रह का प्रत्येक रुपया प्रदेश के विकास में योगदान दे।'' उन्होंने विभागीय अधिकारियों को राजस्व सृजन की गति और पारदर्शिता, दोनों पर समान ध्यान देने तथा करदाता जनसहजता बढ़ाने के निर्देश दिए।

### स्रेसन फार्मासुटिकल्स...

यानी 0.1% तक रखी जाती है। कोल्डरिफ सिरप में यह मात्रा 48.6% तक पाई गई है। ज्यादा मात्रा की वजह से यह बच्चों के लिए जानलेवा हो गया है। कार्रवाई की रिपोर्ट भी मांगी सभी औषधि निरीक्षकों को कफ सिरप के नमूने लेने और उसके सापेक्ष की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के आदेश दिए गए हैं। इसके लिए आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने एक गूगल शीट भी जारी की है। सभी औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि एक ही ब्रांड और एक ही बैच नंबर के नमूने बार-बार संकलित न किए जाएं ताकि नमूनों की संख्या सीमित रहे और उनकी जांच में आसानी हो। अन्य राज्यों में भी लगा है प्रतिबंध राजस्थान, तमिलनाडु और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में भी इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। वहां भी इस कफ सिरप की बिक्री पर रोक लगाते हुए नमूनों की जांच करवाई जा रही है। इन राज्यों में कोल्डरिफ सिरप के इस्तेमाल से बच्चों की मौत के मामले भी सामने आए थे, जिसके बाद केंद्र सरकार ने भी इसको लेकर एक एडवाइजरी जारी की है।

### दवा कंपनी समेत...

तत्व डाइएथिलीन ग्लायकोल पाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस जांच रिपोर्ट के सामने आने के बाद कल इस सिरप को समूचे राज्य में प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए हैं। सिरप बनाने वाली कंपनी के अन्य प्रोडक्ट की बिक्री पर भी बैन लगाया जा रहा है। सिरप बनाने वाली फैक्ट्री कांचीपुरम में है, इसलिए घटना के संज्ञान में आने के बाद राज्य सरकार ने तमिलनाडु सरकार को जांच के लिए कहा था। जांच रिपोर्ट के आधार पर कड़ा एक्शन लिया गया है। डॉ यादव ने कहा कि बच्चों की दुखद मृत्यु के बाद स्थानीय स्तर पर कार्रवाई चल रही थी। राज्य स्तर पर भी इस मामले में जांच के लिए टीम बनाई गई है। दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

### बरेली बवाल: बरातघर...

2024 में नोटिस दिया गया था। नोटिस देने के बाद भी जब उन्होंने कोई नक्शा स्वीकृत नहीं कराया तो इसके बाद बीडीए ने कार्रवाई को आगे बढ़ाया। अब जब कार्रवाई हुई है तो मौके पर कोई मानचित्र या साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया जो इसकी वैधता को साबित करता हो। शहर में 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद आरोपियों के खिलाफ बीडीए, नगर निगम और पुलिस प्रशासन कार्रवाई कर रहा है। शनिवार को मौलाना तौकीर रजा खां की पार्टी के महासचिव व प्रवक्ता नफीस के जखीरा स्थित बरातघर रजा पैलेस पर करीब छह घंटे तक बीडीए के चार बुलडोजर चलते रहे। बीडीए के मुताबिक रजा पैलेस का निर्माण अवैध तरीके से किया गया था। आवासीय नक्शे पर बनाए गए अवैध बरातघर (रजा पैलेस) को जमींदोज करने के लिए सात मजदूरों ने घन भी चलाए गए। दोपहर एक बजे से शुरू हुई कार्रवाई शाम सात बजे तक चली। बीडीए के अफसरों ने बताया कि वर्ष 2024 में ही नफीस को पहला नोटिस दिया गया था। पांच माह पहले ही बरातघर के ध्वस्तीकरण का आदेश हो गया था, जिसे अब अमल में लाया गया है। 26 सितंबर को आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर के बुलावे पर जुटी भीड़ ने पुलिस टीम पर पथराव और फायरिंग की थी। इसके बाद आरोपियों पर कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में नफीस के बरातघर को बीडीए ने ध्वस्त कर दिया। नफीस वही है, जिसने किला के इंस्पेक्टर को हाथ काटने की धमकी दी थी। इस मामले में भी उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

### अमेरिका के साथ कुछ...

परिवर्तनों के रणनीतिक परिणामों पर प्रकाश डाला। साथ ही, विनिर्माण को विकसित करने, जीवन को आसान बनाने और हमारी व्यापक राष्ट्रीय शक्ति को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक बदलावों के प्रति भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। अमेरिका के साथ टैरिफ के मुद्दे पर बातचीत के संबंध में उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ कुछ मुद्दे हैं। इसका एक बड़ा कारण यह है कि दोनों देशों के बीच व्यापारिक वार्ताओं का ठोस परिणाम नहीं निकल सका है । इसके कारण भारत पर दो तरह के शुल्क लगे हैं । रूस से तेल खरीद पर लगाये गये शुल्क को अनुचित बताते हुए उन्होंने कहा कि हम पर निशाना साधा जा रहा है जबकि अन्य देशों ने भी ऐसा किया है। बातचीत से मुद्दे के समाधान पर जोर देते हुए उन्होंने कहा , '' मुझे नहीं लगता कि हमें इसे इस हद तक ले जाना चाहिए कि यह संबंधों के हर पहलू तक पहुंच जाए। समस्याएं हैं, मुद्दे हैं। उन मुद्दों पर बातचीत, चर्चा और समाधान की आवश्यकता है और हम इसी तरह की कोशिश कर रहे हैं। अनिश्चितता के दौर में चुनौतियों के जिम्मेदाराना आकलन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस स्थिति में वह न तो समस्या को नकारने की स्थिति में हैं और न ही यह मान रहे हैं कि बहुत बड़ी अनहोनी हो जायेगी। अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया के क्वाड समूह को लेकर चल रही अटकलबाजियों के बारे में उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह से सक्रिय है और अपना काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष क्वाड विदेश मंत्रियों की दो बैठकें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण और प्रासंगिक समूह है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष क्वाड की अगली बैठक भारत में ही होनी है। भारत के अन्य देशों के साथ व्यापार समझौतों पर उन्होंने कहा कि शुरू में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ज़्यादातर एशियाई देशों - आसियान, जापान और कोरिया के साथ थे। उन्होंने कहा कि चुनौती यह है कि कई अर्थव्यवस्थाएं ज्यादा प्रतिस्पर्धी हैं जो अक्सर आपूर्ति श्रृंखला की गतिशीलता के कारण चीन के लिए रास्ते खोलती हैं। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान उन अर्थव्यवस्थाओं पर होना चाहिए जो टिकाऊ और पूर्वानुमानित हों। इसीलिए भारत ब्रिटेन के साथ एफटीए से संतुष्ट है। यूरोपीय संघ के साथ एफटीए को लेकर भी भारत गंभीर है और अमेरिका के साथ समझ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत पहले ही काफी समय गंवा चुका है और अब उसके सामने विनिर्माण क्षेत्र को विकसित करने की बड़ी चुनौती है।

### दार्जिलिंग में बारिश...

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों के कई हिस्सों में अत्यधिक भारी बारिश के कारण हुए भारी नुकसान के बारे में जानकर मुझे बेहद दुख हुआ है। मौतें हुई हैं, संपत्ति का नुकसान हुआ है और बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा है। मैं स्थिति का जायजा ले रहा हूं और संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हूं। एक्स पर अपने पोस्ट में उन्होंने आगे लिखा- हमने अपने भाजपा कार्यकर्ताओं को लोगों की मदद और सहायता के लिए जुटने का निर्देश पहले ही दे दिया है। हम अपने लोगों की मदद और सहायता के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। मैं अपने सभी गठबंधन सहयोगियों और क्षेत्र के अन्य राजनीतिक और सामाजिक संगठनों से भी समन्वय स्थापित करने की अपील करता हूं ताकि हम जरूरतमंद लोगों तक समय पर मदद और सहायता पहुंचा सकें। जिले के अधिकारियों के अनुसार, बिश्नुलाल गांव, वार्ड 3 लेक साइड और जसबीर गांव सबसे अधिक प्रभावित हुए। इस क्षेत्र से छह लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि एक व्यक्ति चाय बगान में मृत पाया गया। कई घर और चाय बगान के क्वार्टर मलबे में दब गए हैं। मामले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि भारी और लगातार बारिश के कारण प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। 'भूमि खिसकने और कई घर क्षतिग्रस्त होने की रिपोर्ट हैं। नुकसान का पूरा आकलन अभी नहीं हो पाया है।' उन्होंने यह भी कहा कि मिट्टी और मलबे में राहत कार्य करने के लिए मशीनरी और आपातकालीन वाहन पहुंचाना बेहद कठिन है। अभी तक अनौपचारिक रिपोर्ट्स में मृतकों की संख्या 11 तक पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। बचाव दल मलबे और मिट्टी के भारी परतों को हटाकर और लोगों को बचाने में जुटा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस घटना पर दुख जताते हुए एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'मैं बहुत चिंतित हूं कि कल रात कुछ घंटों के भीतर अचानक भारी बारिश के कारण उत्तर बंगाल और दक्षिण बंगाल दोनों के कई इलाके बाढ़ में डूब गए हैं, साथ ही बाहर से हमारे राज्य में अत्यधिक नदी का पानी आ गया है... राज्य मुख्यालय और जिलों में 247 नियंत्रण कक्ष हैं। कृपया मेरे नबान्न आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष से +91 33 2214 3526 और +91 33 2253 5185 पर संपर्क करें, जबकि टोल फ्री नंबर +91 86979 81070 और 1070 हैं।' पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- दार्जिलिंग और आसपास के इलाकों में भारी बारिश और लैंडस्लाइड पर अधिकारी कड़ी नजर रख रहे हैं। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा- पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में लैंडस्लाइड के कारण हुई जनहानि अत्यंत दुखद है। मैं पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूं।

### हिन्दू धर्म गुरुओं ...

बार वीडियो कॉल से भी ग्रुप पर सम्बोधन करता था। एटीएस को यह जानकारी मो. रजा के मोबाइल फोन से मिली है। दर्जनों नम्बर सर्विलांस पर एटीएस और अन्य खुफिया एजेन्सियां दर्जनों नम्बर सर्विलांस पर लिए हुए हैं। इसके जरिए ही केरल व यूपी के अन्य शहरों में मो. रजा के सम्पर्क में रहने वाले युवकों का ब्योरा जुटाया गया है। सर्विलांस से मिली जानकारी पर इन युवकों से एटीएस सम्पर्क कर रही है। एटीएस की एक टीम ने केरल में मो. रजा के मददगारों से पूछताछ की है। यह देखा जा रहा है कि इन युवकों को मो. रजा के इरादों का पता था अथवा नहीं। ऐसा तो नहीं वह अनजाने में उसकी हर बात पर मदद कर रहे थे। एटीएस सूत्रों के मुताबिक कई महत्वपूर्ण जानकारियां हाथ लगी है। इस पर साक्ष्य जुटाए जा रहे है। जल्दी ही कुछ और लोगों की गिरफ़्तारी की जा सकती है।

### बिहार में मतदाता सूची...

कि सर्वोच्च न्यायालय के पूर्ववर्ती निर्णयों के अनुसार यह पूरी तरह से वैकल्पिक दस्तावेज है, जिसे देना अनिवार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यह नियम विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के साथ- साथ सामान्य मतदाता सूची पुनरीक्षण में भी पूरी तरह लागू होता है। चुनाव आयोग ने पहले से ही स्पष्ट निर्देश जारी किये हैं कि मतदाता की पहचान कैसे सत्यापित की जाये और इसमें आधार एक वैकल्पिक विकल्प के रूप में मौजूद है, अनिवार्य नहीं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने कहा कि, 'कोई भी मतदाता यदि आधार नंबर देता है तो हम उसे स्वीकार करेंगे, लेकिन यह मान लेना कि आधार नागरिकता का प्रमाण है पूरी तरह गलत है। यह बात खुद सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दी है। उन्होंने कहा कि आधार केवल पहचान का प्रमाण है, लेकिन यह नागरिकता, जन्मतिथि या स्थायी निवास का प्रमाण नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णयों में आधार अधिनियम का हवाला देते हुये यह स्पष्ट किया है कि आधार नंबर का उपयोग नागरिकता निर्धारण के लिये नहीं किया जा सकता। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री कुमार ने कहा कि किसी भी मतदाता की पात्रता का निर्धारण इस आधार पर होता है कि वह संबंधित मतदान केंद्र (बूथ) का निवासी है या नहीं। यही सबसे पहली और प्रमुख शर्त है। आयोग यह सुनिश्चित कर रहा है कि सर्वोच्च न्यायालय के सभी निर्देशों का शत- प्रतिशत अनुपालन किया जाये। यदि कोई नागरिक पहचान के लिये आधार कार्ड प्रस्तुत करता है तो उसे स्वीकार किया जायेगा, लेकिन यह स्वीकार करना कि आधार नागरिकता का प्रमाण है, कानूनी रूप से गलत है। उन्होंने कहा कि, 'हम सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार ही कार्य कर रहे हैं। आधार देना मतदाता की मर्जी पर निर्भर करता है, यह किसी भी रूप में अनिवार्य नहीं है।'

# दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने 5.5 करोड़ के विकास कार्यों का पंखा रोड क्षेत्र में किया शिलान्यास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली के शिक्षा मंत्री एवं जनकपुरी के विधायक आशीष सूद ने रविवार को 5.5 करोड़ रुपये की लागत से पंखा रोड क्षेत्र के पुनर्विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

इस परियोजना के अंतर्गत नई आरसीसी ड्रेन का निर्माण, ग्रिट प्लास्टर एवम आयरन ग्रिल के साथ टो वाल का निर्माण, फुटपाथ का निर्माण, सड़क के दोनों और स्ट्रीट लाइट लगाने का काम तथा सर्विस लेन में सौंदर्य करण और हरियाली के कामों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र की सफाई, सौंदर्यीकरण और लैंडस्केपिंग के अनेक कार्यो का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पश्चिमी दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत के साथ साथ जनकपुरी के कई ब्लॉकों के आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि, स्थानीय निवासी तथा आस पास के बाजारों के दुकानदार भी उपस्थिति रहे। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने बताया कि दशकों तक जनकपुरी के निवासियों की आवाज को अनसुना किया गया लेकिन अब बदलाव की हवा बह रही है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हम दिल्ली के जनकपुरी क्षेत्र के निवासियों की न सिर्फ समस्याएं सुन रहे हैं बल्कि उनके ठोस समाधान के लिए भी दिन-रात कई स्तरों पर काम भी किया जा रहा है अब पूरे जनकपुरी में विकास की हवा बह रही है। उन्होंने बताया कि आज इसी कड़ी में जनकपुरी के पंखा रोड की में कई विकास कार्यो की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा की गंदगी, अव्यवस्था, नारकीय जीवन न केवल जनकपुरी बल्कि विकासपुरी, उत्तम नगर, नजफगढ़ और नांगलोई तक के लोगों के लिए एक बड़ी समस्या और चुनोती बन गई थी। यहां से निकलते हुए लोगों को



गंदगी, कूड़े, जलभराव, आवारा पशुओं के कारण दुर्घटना होने और टूटे रोड का सामना करना पड़ता था। उन्होंने यह भी कहा की दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार ने इस समस्या का स्वतः संज्ञान लेते हुए इस पूरे क्षेत्र को आज से स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके सुखद परिणाम जल्द ही यहां के निवासियों को देखने को मिलेंगे। साथ ही यहाँ के निवासियों को वर्षों पुरानी समस्याओं से भी मुक्ति मिलेगी। मंत्री सूद ने कहा कि हम क्षेत्र की जनता और आरडब्ल्यूए के सहयोग से इस क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमारा संकल्प है कि इस क्षेत्र के एक-एक हिस्से को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाया जाए ताकि लोग गर्व से कह सके की हम एक विकसित क्षेत्र के निवासी है। उन्होंने भ्रामक प्रचार करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल में यहां के पिछले विधायक ने जनकपुरी क्षेत्र में विकास का कोई भी काम नहीं किया इसके कारण यह क्षेत्र दिल्ली के अन्य क्षेत्रों से पीछे हो गया। वही लोग झूठे नैरेटिव फैलाकर इस क्षेत्र की जनता को भ्रमित करने और अराजकता फैलाने की कोशिश कर हैं। जब वह लोग हार को जीत में नहीं बदल पाते तो अफवाहों और डर का माहौल बनाते हैं।

# वाइब्रेंट विलेज योजना : जादूंग गांव बनेगा सीमांत पर्यटन की नई पहचान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उत्तरकाशी। भारत-चीन सीमा से सटे उत्तरकशी जिले का सीमांत गांव जादूंग अब वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत पर्यटन की नई पहचान बनने की ओर अग्रसर है। सरकार ने जादूंग गांव को वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत जोड़ा है, जो सीमावर्ती गांवों के व्यापक विकास के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है। यहां स्थानीय नागरिकों क सामाजिक-आर्थिक विकास और रोजगार से जोड़ने के साथ ही विभिन्न विकास कार्य तेजी से जारी हैं। रविवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जादूंग गांव का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण से पूर्व जिलाधिकारी ने सीओ आईटीबीपी एवं अन्य अधिकारियों के साथ समसायिक विषयों पर भी चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के प्रथम चरण में पारम्परिक शैली में 6 होम स्टे का निर्माण कार्य प्रगति पर है। तथा दूसरे चरण में 8 होम स्टे बनाए जाएंगे। कुल 14 होम स्टे के पूरा होने पर जादूंग गांव में आने वाले पर्यटकों को ठहरने की आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। इससे एक ओर जहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा,वहीं दूसरी ओर स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। गौरतलब है 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान सीमावर्ती भारत का जादूंग गांव खाली कराया गया था। हालांकि स्थानीय ग्रामीण आज भी अपने देवस्थानों की पूजा के लिए गांव में आते रहे हैं। अब वाइब्रेंट विलेज योजना के अंतर्गत यहां बुनियादी ढांचे के विकास, पर्यटन सुविधाओं के विस्तार और गांव को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य हो रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि निकट भविष्य में जादूंग गांव सीमांत पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा और इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

# तेज हवा और मेघ गर्जन के साथ हुए मूसलाधार बारिश से शहर जलमग्न कई झोपड़ियां उड़ी,पेड़ उखड़े



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अररिया। अररिया में तेज हवा और मेघ गर्जन के साथ शनिवार शाम से रातभर मूसलाधार बारिश हुई।जिससे पूरा शहर जलमग्न हो गया। अररिया जिला में सड़क पर पानी का जमाव हो गया।सबसे खराब हालत फारबिसगंज शहर में मुख्य बाजार सदर रोड का रहा,जो पूरे पानी में डूब गया।जिसके कारण आमलोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज हवा के कारण फोरलेन सड़क एनएच 27 और फारबिसगंज कुरसेला स्टेट हाइवे में कई स्थानों पेड़ गिर जाने के कारण यातायात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। गुजरात के पोरबन्दर से आसाम के सिलचर तक जाने वाली एनएच 27 फोरलेन सड़क पर ढोलबज्जा के निकट पेड़ बीच सड़क पर गिर गया,जिससे यातायात बाधित हो गया है। फारबिसगंज और रानीगंज के बीच में भी कई स्थानों पर स्टेट हाइवे सड़क पर पेड़ की टहनी टूटकर सड़क पर गिर गई।विभिन्न स्थानों पर पेड़ और टहनियों के सड़क पर गिर जाने के कारण दोनों ओर गाड़ियों की कतारें खड़ी हो गई है और जाम जैसे हालात पैदा हो गए हैं।तेज हवा के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों घर उजड़ गए हैं।तेज मूसलाधार बारिश के कारण बिजली गुल हो गई।जिसके कारण आमजनों को और अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फारबिसगंज शहर की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है।मूसलाधार बारिश के कारण मुख्य बाजार सदर रोड जलमग्न हो गया है।सड़क पर घुटना भर पानी भर गया है।वहीं कई दुकानों में सड़क पर फैले नाला के गंदा पानी के साथ बारिश का पानी घुस जाने के कारण दुकानदारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।सबसे ज्यादा दिक्कत बाजार में पैदल चलने वाले लोगों को उठानी पड़ी।

## मूसलाधार बारिश नरपतगंज में फोरलेन सड़क धंसने से टाइल्स लदा ट्रक पलटा, लाखों का नुकसान

**अररिया।** विगत दो दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। मूसलाधार बारिश के कारण नरपतगंज में फोरलेन सड़क धंस गई। ईस्ट वेस्ट कोरिडोर के तहत स्वर्णिम चतुर्भुज योजना की एनएच 27 की फोरलेन सड़क के धंस जाने के कारण टाइल्स से लदा ट्रक पलट गया। जिससे लाखों रूपये मूल्य के टाइल्स टूट गए। ट्रक गुजरात से आसाम जा रहा था। ट्रक के पलटने से ट्रक चालक बाल बाल बच गए। हादसे के बाद किसी तरह वह ट्रक से बाहर निकलकर अपनी जान बचाया। सूचना के बाद मौके पर रविवार को नरपतगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन बिना कोई सहायता किए वह वापस लौट गई। जिस पर ट्रक के मालिक सह चालक ने आपत्ति जताई है।

# विरासत महोत्सव में सड़कों पर दिखीं 1928 से 1980 तक की विंटेज कारें और स्कूटर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। विरासत महोत्सव-2025 के दूसरे दिन रविवार को विंटेज कार और दुपहिया वाहनों की रैली में 1928 से 1980 तक यानी सात दशक से भी पुराने कार ओर स्कूटर वाहनों की रैली निकली। यह विंटेज कारें और दोपहिया वाहन लोगों के आकर्षण का केंद्र रहे। जिसमें आजादी से भी पहले की कारें देखने के लिए लोग उत्साहित दिखे। रैली में 30 चौपहिया जबकि 61 दोपहिया शामिल रहे। विरासत का संगम भारतवासियों के साथ ही नहीं, बल्कि विश्व स्तर पर भी आकर्षण का केन्द्र है ऋइसी ऐतिहासिक रिश्ते को कायम रखते हुए आज विंटेज कार रैली का आयोजन किया गया, जिसमें दशकों पुराने 60 दुपहिया एवं 30 बूढ़ी कारों ने लोगों को आकर्षित किया। रविवार को ओएनजीसी के डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम से टिहरी गढ़वाल की सांसद महारानी राज्यलक्ष्मी शाह ने विंटेज कारों और दोपहिया वाहनों की रैली को झंडी दिखाकर गंतव्य स्थान की ओर रवाना किया। रैली में यूं तो कई पुरानी



कारों का प्रदर्शन देखने को मिला तो वही, मुख्य रूप से इंग्लैंड में सन 1942 में निर्मित हुई प्लाई माउथ 1954 मॉडल की अनोखी कार लोगों को अधिक आकर्षित कर रही थी। इस कार के प्रथम ओनर एएम झा लेफ्टिनेंट गवर्नर ऑफ दिल्ली थेऋइस अद्भुत एवं ऐतिहासिक कार के बाद में दूसरे ऑनर लेफ्टिनेंट कर्नल गुरुबचन सिंह हुए थे, अब वर्तमान में यह कार हिमालय ड्रग कंपनी के चेयरमैन डॉ. एस फारूक के पास है और वहीं इसके ओनर हैं ऋइसी के साथ सन 1948 की यूएसजे 8577 जीप का भी प्रदर्शन लोगों के लिए कौतूहल बना हुआ था। वर्तमान में इसके ओनर सगीर अहमद हैं। विंटेज कारों की इस श्रृंखला में एक अन्य फोर्ड यूएसए 1928 मॉडल की इंग्लैंड में ही निर्मित हुई 350 सीसी पेट्रोल की कार भी बहुत ही ज्यादा आकर्षण का केंद्र बनी रही। यह कार पहली बार ऑनर के रूप में नई दिल्ली के एसीपी गुरूदत्त भारद्वाज के पास रही और अब डॉ.एस.फारूक के पास है। विरासत की ऐतिहासिक महफिल में आए सैकड़ों लोगों एवं कई शौकीन मेहमानों ने इन बुजुर्ग कारों एवं दुपहिया वाहनों के साथ जमकर सेल्फी एवं फोटोग्राफ लिए। यही नहीं, विंटेज कार रैली में एक ऐसी साइकिल भी चर्चा, आकर्षण एवं कौतूहल का विषय बनी रही जिसका एक पहिया बड़ा एवं उसका पिछला पहिया आकार में बहुत ही छोटा था। यह साइकिल देश की आजादी से पहले की बताई गई है। विंटेज कार रैली में एक प्राइवेट वैन सन 1972 मॉडल की यूपी 07 के-9034 भी मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र बनी दिखाई दी। दुपहिया वाहनों की श्रृंखला में लैंब्रेटा, वेस्पा, विजय सुपर, लूना, यजदी, बुलेट मोटरसाइकिल के अलावा बजाज के कई ओल्ड मॉडल वाले स्कूटर विंटेज कार रैली में दौड़ लगाने के लिए फर्राटे भरते नजर आए। विरासत महोत्सव की यह अनोखी एवं अद्भुत विंटेज कार रैली को देखने के लिए सैकड़ो लोगों का हूजूम उमड़ा हुआ नजर आया। इस मौके पर रीच की संयुक्त सचिव विजयश्री जोशी सहित अन्य मौजूद रही।

# अमृतसर में हेरोइन हथियारों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर। पंजाब में खुफिया जानकारी के आधार पर काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने पाकिस्तान से हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि इस सिलसिले में पुलिस ने तरनतारन निवासी गुरजंत सिंह और गुरवेल सिंह को गिरफ्तार किया है और उनके पास से ढाई किलोग्राम हेरोइन, पांच अत्याधुनिक पिस्तौलें और मैगज़ीन बरामद की है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जाँच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी सीमा पार से तस्करी के लिए पाकिस्तान स्थित तस्कर के निर्देश पर काम कर रहे थे। बरामद हथियार पंजाब में गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए गैंगस्टरों और अपराधियों को दिए जाने थे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अमृतसर के एसएसओसी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। नेटवर्क के आगे और पीछे के संबंधों सहित पूरी सांठगांठ का पर्दाफाश करने के लिए जाँच की जा रही है।

# विधायक मिसरी लाल यादव ने सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर पर साधा निशाना

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

दरभंगा। बिहार में दरभंगा जिले के अलीनगर विधानसभा के वर्तमान भाजपा वि धायक मिसरी लाल यादव ने अपने ही पार्टी सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

उन्होंने कहा कि दरभंगा के सांसद राजग को अंदर से कमजोर कर रहे हैं और ऐसा प्रतीत होता है कि वे दरभंगा में राजग की जीत नहीं चाहते। मिसरी लाल यादव ने आरोप लगाया कि सांसद ठाकुर द्वारा संगठन के अंदर गुटबाजी को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ल्लअलीनगर में दर्जनों कार्यकर्ताओं को अपने साथ रखकर उन्हें उम्मीदवार बनने का झांसा दिया जा रहा है, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो गई



है। यही कारण है कि अलीनगर में बीजेपी में गुटबाजी चरम पर है। विधायक यादव ने यह भी कहा कि केवल अलीनगर ही नहीं, बल्कि दरभंगा के अन्य सभी दस विधानसभा क्षेत्रों में भी यही स्थिति है। ल्लसांसद गोपाल जी ठाकुर की कार्यशैली के कारण बीजेपी अंदरुनी तौर पर कमजोर हुई है,ङ्क उन्होंने कहा। अपनी आगामी चुनावी योजना पर बोलते हुए मिसरी लाल यादव ने स्पष्ट किया कि वे चुनाव अवश्य लड़ेंगे। ल्लयदि एनडीए मुझे टिकट देती है तो उसी के बैनर तले चुनाव लड़ूंगा, अन्यथा निर्दलीय या किसी अन्य दल से चुनाव लड़ने की संभावना से इंकार नहीं करता,ङ्क उन्होंने कहा। पूर्व सांसद कीर्ति झा आजाद का उदाहरण देते हुए मिसरी लाल यादव ने कहा कि उनके समय में पार्टी के भीतर इतनी गुटबाजी नहीं थी। जब से डॉ. गोपाल जी ठाकुर सांसद बने हैं, बीजेपी के अंदर गुटबाजी बढ़ती ही गई है। इस बयान ने दरभंगा की राजनीति में हलचल मचा दी है, खासकर उस वक्त जब विधानसभा चुनाव की तैयारी की सरगर्मी तेज हो रही है।

# आठवीं पास युवक ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर देश भर में सैंकड़ों पढ़े लिखे लोगों को ठगा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने एक शातिर ठग को गिफ्तार किया है। आरोपित आठवीं पास ने देश भर के सैंकड़ों पढ़े लिखे लोगों को एयरपोर्ट पर आकर्षक नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपित दर्जनों वारदातों को अंजाम देकर अपना ठिकाना बदल लिया करता था। पकड़े गए आरोपित की पहचान मनोज के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक स्मार्टफोन बरामद किया है, जिसका इस्तेमाल वह वारदात में करता था। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने रविवार को बताया कि आरके पुरम सेक्टर 7 में रहने वाले एस सिंह ने पुलिस को अपने साथ ठगी की शिकायत दी। पीड़ित ने बताया कि उसके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया और फोन करने वाले ने अपना नाम मनोज बताया और पीड़ित को बीडब्ल्यूएफएस कम्पनी में 35 हजार रुपए प्रतिमाह सैलरी पर नौकरी का प्रस्ताव दिया। पीड़ित को नौकरी की जरूरत थी, ऐसे में उसने नौकरी के लिए हां कर दी। आरोपित ने पीड़ित से 55 सौ रुपये पंजीकरण शुल्क के रूप में गूगल पे करने के लिए कहा। पीड़ित ने पैसे दे दिए। 26 जुलाई को पीड़ित के मेल पर एक पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज आए हुए थे। पीड़ित से 15 हजार रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया। पीड़ित ने पैसे ट्रांसफर कर दिए। लेकिन उसके बाद मनोज का नंबर बंद हो गया। पीड़ित को ठगी का एहसास होने पर उसने पुलिस को शिकायत दी।

# मारवाड़ी युवा मंच के वॉकथोन में मौसम पर भारी पड़ा जज्बा

अररिया। फारबिसगंज में मारवाड़ी युवा मंच की ओर से रविवार को आयोजित वॉकथोन कार्यक्रम में प्रतिभागियों को जज्बे के सामने प्रतिकूल मौसम फीका पड़ गया। सुबह हो रहे बारिश के बावजूद मारवाड़ी युवा मंच की ओर से वॉकथोन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत पोस्ट ऑफिस चौक से शुरू हुई और समापन श्री हरिहरनाथ गौशाला में जाकर समाप्त हुआ। वॉक टूगेदर, थ्रीव टूगेदर के थीम पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फारबिसगंज बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बछराज राखेचा मौजूद थे। जिन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन प्रांतीय खेल संयोजक निशांत गोयल के द्वारा निभाई गई। युवा शक्ति-राष्ट्र शक्ति जैसे नारों के साथ आयोजित कार्यक्रम के उद्देश्य स्वस्थ जीवनशैली, फिटनेस और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना। मारवाड़ी युवा मंच के स्थानीय शाखा के सचिव सौरव अग्रवाल एवं संस्कृति शाखा की अध्यक्ष मनीषा माहेश्वरी ने आयोजन की सफलता पर सभी प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगियों को धन्यवाद किया।

# दरभंगा की राजनीतिक समीकरणों में उलझा गौड़ा बौराम और अलीनगर विधानसभा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

दरभंगा। दरभंगा जिले की राजनीति इस बार जातीय समीकरण, आंतरिक खींचतान और टिकट वितरण की संभावनाओं को लेकर बेहद दिलचस्प हो गई है। जिले की दस विधानसभा सीटों में 2020 के विधानसभा चुनाव में नौ सीटों पर एनडीए ने जीत दर्ज की थी, जबकि राजद को केवल एक सीट पर संतोष करना पड़ा। इनमें जेडीयू को पाँच, भाजपा को चार और राजद को एक सीट मिली थी। 2020 के नतीजों के अनुसार, दरभंगा शहरी, जाले, घनश्यामपुर, बहेड़ी और अलीनगर सीटें एनडीए के हिस्से में आईं, जबकि बिरौल, गौड़ा बौराम, दरभंगा ग्रामीण और कुशेश्वरस्थान जैसे क्षेत्रों में भी एनडीए ने मजबूत प्रदर्शन किया था। जिले की दस सीटों में से नौ पर एनडीए की जीत ने उस समय एनडीए की संगठनात्मक मजबूती और जातीय संतुलन साधने की रणनीति को सफल बना दिया था। अब 2025 के चुनाव से पहले सबसे बड़ी चुनौती टिकट वितरण को लेकर सामने आई है। खासकर गौड़ा बौराम और अलीनगर विधानसभा क्षेत्र में यह खींचतान स्पष्ट दिख रही है। गौड़ा बौराम से वर्तमान विधायक स्वर्णा सिंह के पति सुजीत सिंह और भाजपा के युवा नेता राजीव ठाकुर के बीच अंदरखाने जबरदस्त दावेदारी की जंग चल रही है। दोनों नेता सार्वजनिक रूप से भले ही एक-दूसरे पर हमलावर न दिखें, मगर अंदर ही अंदर टिकट की दौड़ में एक-दूसरे को पीछे करने की पूरी कोशिश में हैं। दिलचस्प यह है कि अलीनगर और गौड़ा बौराम, भले ही दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र हैं, मगर टिकट वितरण में दोनों के बीच सीधा संबंध बन गया है। सूत्रों के अनुसार, यदि गौड़ा बौराम से सुजीत सिंह को टिकट मिलता है तो अलीनगर से संजय कुमार सिंह (पप्पू सिंह) की दावेदारी कमजोर पड़ जाएगी, वहीं यदि अलीनगर से संजय कुमार सिंह को टिकट मिलता है तो गौड़ा बौराम से सुजीत सिंह की उम्मीदवारी पर असर पड़ेगा। दरअसल, दरभंगा की दस सीटों में राजपूत और ब्राह्मण समुदायों के बीच टिकट बंटवारा एक परंपरागत संतुलन के रूप में देखा जाता है। यदि किसी सीट पर राजपूत उम्मीदवार को मौका मिलता है तो पास की दूसरी सीट पर ब्राह्मण उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाती है। यही कारण है कि दोनों सीटों पर दावेदारी को लेकर जातीय समीकरण गहराई से जुड़ गए हैं। वर्तमान परिस्थितियों में माना जा रहा है कि गौड़ा बौराम से सुजीत सिंह का पलड़ा फिलहाल भारी है, क्योंकि उनकी पत्नी विधायक हैं और क्षेत्र में संगठनात्मक पकड़ भी मजबूत है।

# मेडिकल संचालकों को सख्त हिदायत, प्रतिबंधित दवाई पाई गई तो होगी कार्रवाई

हरिद्वार। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन में आज लक्सर में नशे और उसके दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, औषधि मानक नियंत्रण संगठन और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा भागीदारी ड्रग्स विभाग की रही। इस दौरान जन जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। रैली को लक्सर बालावाली रोड से लेकर तहसील तक निकाला गया। जिसमें के इंटर कॉलेज व आईपी इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं अध्यापकों, आमजन, अधिवक्ताओं, मेडिकल संचालक आदि लोगों ने प्रतिभाग किया। जन जागरूकता रैली के बाद संयुक्त टीम द्वारा तहसील सभागार लक्सर में एक अवेयरनेस प्रोग्राम रखा गया, जिसमें फ़ेरुपुर, धनपुरा, शाहपुर, बादशाहपुर, सुल्तानपुर, भिक्कमपुर, रायसी, लक्सर, खानपुर आदि क्षेत्र से मेडिकल संचालक कार्यक्रम में पहुंचे। इस अवसर पर न्याय विभाग न्यायिक अधिकारी अनुराग त्रिपाठी, ललिता सिंह, उप जिलाधिकारी सौरव अस्वाल, स्वास्थ्य विभाग लक्सर सईद रफी अहमद, खाद्य विभाग देवचंद, सीनियर ड्रग इंस्पेक्टर अनीता भारती, ड्रग इंस्पेक्टर मेघा, ड्रग इंस्पेक्टर हरीश तथा डीएससीओ के अधिकारी उपस्थित रहे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063